नई दिल्ली
सोमवार, 12 मई 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा
वर्ष : 29, अंक : 27
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 25

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


बुद्ध पूर्णिमा आज



# पीएम मोदी ने अमेरिकी मध्यस्थता की खारिज, सेना को साफ निर्देश पाकिस्तान से गोली चले तो दो गोले से जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

**आतंक के खिलाफ नीति में कोई नरमी नहीं आएगी**



भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद, पीएम मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवल और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ उच्च-स्तरीय बैठक की। सूत्रों के अनुसार, मोदी ने डोवल और जयशंकर को निर्देश दिया कि सीजफायर भारत की शर्तों पर ही होगा। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने दो टूक निर्देश दिया कि सीजफायर का उल्लंघन अगर पाकिस्तान की तरफ से गोलियों से किया जाए तो भारतीय सेना उसका मुंहतोड जवाब गोली के बदले गोले से दे। सीजफायर के बावजूद स्पष्ट है कि मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति में कोई नरमी नहीं आएगी। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, भारत आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ दृढ़ और अटल रुख बनाए रखता है। सरकार ने यह भी घोषणा की कि भविष्य में कोई भी आतंकी हमला युद्ध का कार्य माना जाएगा, और इसका जवाब उसी तरह दिया जाएगा। इस बीच अमेरिकी मध्यस्थता को सिरे से खारिज करते हुए जोर देकर कहा कि सीजफायर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रूप से तय हुआ, न कि किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने घोषणा की कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से 3:30 बजे संपर्क किया, और दोनों पक्षों ने 5 बजे से सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकने पर सहमति जताई। भारत ने ट्रंप के दावे को खारिज किया कि यह अमेरिका की मध्यस्थता का परिणाम था। विदित हो कि युद्ध रोके जाने की हिदायत देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की ट्विट के बाद से देश में सियासी बवाल मचा हुआ है। सीजफायर के कुछ घंटों बाद ही पाकिस्तान द्वारा उल्लंघन की खबरें आईं, जिसके बाद मोदी सरकार ने सख्त रुख अपनाया। मिसरी ने कहा कि भारतीय सेना को उल्लंघनों का "उचित और कड़ा जवाब" देने के निर्देश दिए गए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी का स्पष्ट मानना है कि सीजफायर पर रुख आतंकवाद के खिलाफ कठोरता, राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा, और भारत की शर्तों पर द्विपक्षीय समझौते पर केंद्रित है। उन्होंने अमेरिकी मध्यस्थता के दावों को खारिज करते हुए इसे भारत-पाकिस्तान के बीच सीधा समझौता बताया।

---

**तीनों सेनाओं के डीजी ऑपरेशन्स की प्रेस कांफ्रेंस**

- ऑपरेशन सिंदूर में भारत के 5 जवान बलिदान
- अब पाक फिर हमला करेगा, तो हमें निपटने की खुली छूट
- जरूरत पड़ी तो फिर पाक में घुसकर आतंकियों को उड़ाएंगे
- हमने पाक में आतंकियों के कुल 21 ठिकाने किए फिल्टर
- समुद्र में पाकिस्तान पर भारतीय नौसेना रही हावी
- पाक ने श्रीनगर से लेकर कच्छ तक किए ड्रोन हमले

## ऑपरेशन सिंदूर | भारतीय वायुसेना ने हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागी...इस हमले में पाक सेना के कई एयरबेस ध्वस्त किए, एयर डिफेंस सिस्टम तबाह किए गए

# एलओसी पर हमने पाक के 40 जवान मारे, कई विमान गिराए, 9 आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए, 100 आतंकी ढेर किए... अब उनके कैंप खाली मैदान

डीजीएमओ ने कहा कि रविवार सुबह पाक डीजीएमओ से बातचीत हुई। सोमवार को फिर बात होगी। अगर पाकिस्तान ने सीजफायर तोड़ा तो करारा जवाब मिलेगा।

पाकिस्तान द्वारा नियंत्रण रेखा का भी उल्लंघन किया गया और हमारे दुश्मन की अनिश्चित और घबराई हुई प्रतिक्रिया, दुर्भाग्यवश बड़ी संख्या में नागरिकों, बसे हुए गांवों और गुरुद्वारों जैसे धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की जान चली गई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद तीनों सेनाओं के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन (डीजीएमओ) द्वारा रविवार शाम को प्रेस ब्रीफ की गई है। इसमें डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती वमेजर जनरल एसएस शारदा ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। तीनों ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का एक ही उदेश्य था कि आतंकी नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करना था। कुल 9 कैंप्स को निशाने पर लिया गया था, इंटेलिजेंस ने उनका चयन किया था, 5 पीओके में थे तो 4 पंजाब प्रांत में थे।

लश्कर के मुरीदके को भी टारगेट में शामिल किया गया था। 7 मई को हुई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल्स से हमारे बॉर्डर स्टेट्स में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की। हमनें उन्हें हवा में ही मार गिराया। एक भी टारगेट सक्सेस नहीं होने दिया। इसके बाद हमने पाकिस्तान को जवाब देते हुए ▸▸ शेष पेज 5 पर

## शिव तांडव स्तोत्र के संगीत से दृढ़ मानसिकता दिखाई

*तीनों सेनाओं के अधिकारी जब प्रेस ब्रीफिंग करने पहुंचे तो ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति चलाई गई। इसके माध्यम से भी भारतीय सेना ने स्पष्ट संदेश दिया। ऐसा इसलिए क्योंकि जिस बैकग्राउंड संगीत का इस्तेमाल किया गया वह- शिव तांडव स्तोत्र का था।*




**हमने वहां हमला किया, जहां उन्हें सबसे ज्यादा दर्द हो**

एयरमार्शल भारती ने बताया कि जम्मू, उधमपुर, पठानकोट, नाल, डलहौजी, फलौदी में इन्होंने हमला किया। हम तैयार थे, हमारे ट्रेंड क्रू ने एयर डिफेंस सिस्टम से तबाह कर दिया। हमारी जमीन पर उनके लगातार हमलों से कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उनके लगातार एयरबेस और पोस्ट पर हमले के बाद हमने उन्हें जवाब दिया। हमने वहां हमला किया, जहां उन्हें सबसे ज्यादा दर्द हो। ▸▸ शेष पेज 5 पर

**पाकिस्तानी डीजीएमओ ने कॉल कर युद्धविराम की बात कही**

एयरमार्शल भारती ने बताया कि मुझे 10 मई को पाकिस्तानी डीजीएमओ ने कॉल किया। पाकिस्तान के डीजीएमओ से दोपहर 3.30 मिनट पर बातचीत हुई। जिसमें तय हुआ कि 7 बजे के बाद से कोई हमला नहीं किया जाएगा। अगली बातचीत 12 मई को होगी। कुछ ही घंटों बाद ही उन्होंने संघर्ष विराम तोड़ा। ड्रोन अटैक किया और फायरिंग की। हमने उन्हें मैसेज भेजा कि हम ▸▸ शेष पेज 5 पर

**वे लड़ाई चाहते थे और हम तैयार थे**

एयरमार्शल भारती ने कहा, 8-9 मई की रात श्रीनगर से नलिया तक ड्रोन और एयरक्राफ्ट से हमला हुआ। उन्होंने जो टारगेट चुने थे उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा। यह हमला आधी रात तक जारी रहा। मिलिट्री या सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर पर नुकसान नहीं हुआ। वे लड़ाई चाहते थे और हम तैयार थे। हमने उनके मिलिट्री ठिकानों पर हमला किया। उनके लाहौर और गुंजरावाला के सर्विलेंस राडार ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद उनके ड्रोन अटैक सुबह तक जारी रहे, जिसका हमने जवाब दिया। लाहौर के करीब से ड्रोन अटैक लॉन्च किए गए थे। उन्होंने अपने और इंटरनेशनल पैसेंजर विमान एयर स्पेस में उड़ने दिए। एयरमार्शल भारती ने बताया कि मुरीदके के टेररिस्ट कैंप के बाद बहावलपुर ट्रेनिंग कैंप में कई इन्फ्रास्ट्रक्चर को चुना, जहां आतंकवाद को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया जा सकता था। इन 2 टेररिस्ट कैंप को हमने टारगेट बनाया और इन्हें तबाह ▸▸ शेष पेज 5 पर

**केवल आतंकवादियों को ही निशाना बनाने की रणनीति**

डीजीएमओ राजीव घई ने बताया कि सेना ने सीमा पार के आतंकी परिदृश्य को समझने के लिए बहुत मेहनत की। सुरक्षाबलों ने सूक्ष्मता से काम किया और आतंकी शिविरों और प्रशिक्षण स्थलों की पहचान की। कार्रवाई करने के लिए कई जगहें सामने आईं, लेकिन हमने गहन विचार-विमर्श किया, हमें अहसास हुआ कि इनमें से कुछ आतंकी केंद्र अब मौजूद नहीं हैं। हमने तय किया था कि हम केवल आतंकवादियों को ही निशाना बनाएंगे और आम नागरिकों के साथ-साथ दूसरे नुकसान को रोका जाएगा। खुफिया एजेंसियों ने नौ आतंकी शिविरों के बारे में पुष्टि की। मुरीदके लश्कर-ए-तैयबा का केंद्र ▸▸ शेष पेज 5 पर

---

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट, केस दर्ज



**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। बालगोपाल चौरसिया ने शिकायत दर्ज कराई कि शब्बीर अंसारी, जुबैर अंसारी और इजहार ने अपने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट की है।

### सिक्किम में बिछेगी नई रेलवे लाइन



**गुवाहाटी।** सिक्किम में मेली से डेंटम तक जोरथांग और लेगशिप के रास्ते नयी रेलवे लाइन बिछाने के लिए अंतिम सर्वेक्षण को रेल मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इस सर्वेक्षण को पूर्वोत्तर सीमा रेलवे द्वारा 2.25 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा।

---

**अमेरिका के 'चौधरी' बनने पर आपत्ति**

# भारत पाकिस्तान के बीच 'अमेरिकी चौधराहट' पर बिदकी कांग्रेस, मांगा मोदी सरकार से जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर की घोषणा के तरीके पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से स्पष्टीकरण की मांग की है। पायलट ने इस मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार से कई सवाल उठाए, विशेष रूप से भारत-पाकिस्तान के कश्मीर जैसे द्विपक्षीय मुद्दों में अमेरिका की मध्यस्थता को लेकर आपत्ति जताई। यह बयान हाल के घटनाक्रमों, विशेष रूप से पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक तनाव के संदर्भ में आया है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की मांग दोहराते हुए मोदी सरकार से अपेक्षा किया कि इन विषयों पर विस्तार से बात करने के लिए जल्द ही संसद का विशेष सत्र आहूत किया जाना चाहिए। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य तनाव को समाप्त करने के लिए सीजफायर की घोषणा की गई। यह घोषणा पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उप-राष्ट्रपति, और विदेश मंत्री द्वारा की गई, जिसके बाद भारत और पाकिस्तान ने भी इसकी पुष्टि की। जबकि परंपरा ये है कि युद्ध वाले देश में ही सीजफायर की घोषणा औपचारिक रूप से करते हैं।

**अमेरिकी राष्ट्रपति के इस व्यवहार को वैश्विक रूप से 'चौधरी' बनने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।**



एआईसीसी महासचिव और छत्तीसगढ प्रभारी सचिन पायलट ने ट्रंप के बयान और सीजफायर की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। पायलट ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सभी मुद्दे, विशेष रूप से कश्मीर, द्विपक्षीय हैं। पहली बार अमेरिका ने इन मुद्दों में मध्यस्थता की भूमिका निभाई, जो भारत की नीति के खिलाफ है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या मोदी सरकार कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाना चाहती है। पायलट ने हैरानी जताई कि अमेरिका ने दो दिन पहले कहा था कि भारत पाकिस्तान के बीच के मामले से अमेररिका का कोई लेनादेना नहीं है। लेकिन फिर ट्रंप, उप-राष्ट्रपति, और विदेश मंत्री ने सीजफायर की घोषणा की। पायलट ने सरकार से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की ताकि पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, और सीजफायर पर विस्तृत चर्चा हो सके। उन्होंने कहा कि यह सत्र पूरे देश को एकजुटता का संदेश देगा और दुनिया को दिखाएगा कि भारत आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ एकजुट है।

**पीओके छीनो पाकिस्तान से**

*पायलट ने 1994 में कांग्रेस सरकार द्वारा पारित उस प्रस्ताव का जिक्र किया, जिसमें सर्वसम्मति से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लेने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि अब समय है कि इस प्रस्ताव को दोहराया जाए। पायलट ने पूछा कि क्या भारत सरकार ने अमेरिका की मध्यस्थता को स्वीकार किया है और किन शर्तों पर यह सीजफायर हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाया जा रहा है। भारतीय सेना की प्रशंसाः पायलट ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के कदमों की सराहना की और कहा कि पहलगाम हमले के बाद पूरे देश, विपक्ष सहित, ने सरकार का समर्थन किया। उन्होंने इसे भारत की आत्मा पर हमला करार दिया और कहा कि सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया।*

**भारत-अमेरिका कूटनीति पर पड सकता है असर**

*बहरहाल, विशेषज्ञों का मानना है कि सचिन पायलट का ट्रंप के बयान पर तीखा रुख भारत की कश्मीर नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति कांग्रेस की संवेदनशीलता को दर्शाता है। उनकी मांगें—संसद सत्र, सरकार से स्पष्टीकरण, और पीओके प्रस्ताव को दोहराना न केवल सरकार को जवाबदेही के लिए दबाव डालती हैं, बल्कि आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ देश की एकजुटता को भी रेखांकित करती हैं। हालांकि, यह विवाद भारत-अमेरिका संबंधों और क्षेत्रीय कूटनीति पर लंबे समय तक असर डाल सकता है, खासकर तब जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव अभी भी संवेदनशील बिंदु पर है।*

---

**जोधपुर में आज भी बंद रहेंगे स्कूल-कॉलेज**
**राजस्थान में रद्द की गईं 16 ट्रेनें समय से चलेंगी**

## बाड़मेर-बीकानेर समेत 4 जिलों में रहा ब्लैकआउट

एजेंसी ▸▸ जयपुर

राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर और श्रीगंगानगर में रविवार को भी ब्लैकआउट रहा। जैसलमेर में शाम 7.30 बजे से सुबह 6 बजे तक, बीकानेर में शाम 7 से सुबह 5 बजे तक, श्रीगंगानगर में शाम 7 बजे से सूर्योदय तक और बाड़मेर में रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक ब्लैकआउट रहा। जोधपुर में ब्लैकआउट नहीं होगा, लेकिन स्कूल-कॉलेजों में सोमवार को छुट्टी रहेगी।

परीक्षाएं भी फिलहाल स्थगित रहेगी। हनुमानगढ़ में भी ब्लैकआउट के आदेश वापस ले लिए गए हैं। हालांकि रेड अलर्ट की स्थिति में पूरे जिले में तत्काल ब्लैकआउट लागू किया जाएगा। उधर, हालात को देखते हुए राजस्थान में रद्द की गई 16 ट्रेनों और आंशिक रूप से रद्द 11 ट्रेनों को बहाल कर दिया गया है। जोधपुर, किशनगढ़, बीकानेर एयरपोर्ट से फिलहाल फ्लाइट संचालन बंद है। ▸▸ शेष पेज 5 पर

---

# 'मेक इन लखनऊ' सुपरसोनिक नेक्स्ट जेनरेशन ब्रह्मोस मिसाइल दुश्मनों की खैरियत लेने होगी तैयार, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया उद्घाटन

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

**हरिभूमि फॉलोअप**



उत्तरप्रदेश में सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' अब दुश्मनों को भेदने तैयार किया जाएगा। भारत पाकिस्तान के बीच चल रही तनातनी के बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के उत्पादन इकाई का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। तय ये था कि राजनाथ सिंह लखनऊ जाकर इस बडे अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ मंच साझा करेंगे लेकिन विशेष परिस्थिति में वे ऐसा नहीं कर सके लिहाजा दिल्ली से वर्चुअली वे कार्यक्रम से जुडे और रक्षा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्टों में एक मेक इन इंडिया मिसाइल बनाने की नींव रख अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी में एक बडा मैसेज भेजने में कामयाब रहे। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडसट्रियल कॉरिडोरके लखनऊ नोड में मिसाइल बनायी जाएगी। निर्माण का काम वर्ष 2026 से औपचारिक रूप से शुरू हो सकेगा। भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस परियोजना की लागत 300 करोड़ रुपये है और इसे 80 हेक्टेयर भूमि पर बनाया गया है, जो उत्तर प्रदेश सरकार ने निःशुल्क प्रदान की थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ब्रह्मोस न केवल एक हथियार है, बल्कि भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत, दुश्मनों के लिए निवारक संदेश और देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने इसे भारत और रूस के रक्षा प्रौद्योगिकी के संगम की तुलना प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से की। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यह ▸▸ शेष पेज 5 पर

**ब्रह्मोस उत्पादन इकाई की मुख्य विशेषताएं:**

- *उत्पादन क्षमताः यह इकाईर्ष 80 से 100 ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्माण करेगी। इसके अतिरिक्त, 100 से 150 'नेक्सट जेनरेशन' ब्रह्मोस मिसाइलें भी प्रति वर्ष निर्मित की जाएंगी।*
- *ब्रह्मोस-एनजीः नई ब्रह्मोस-एनजी मिसाइल का वजन 1,290 किलोग्राम है, जो मूल मिसाइल (2,900 किलोग्राम) से काफी हल्का है। यह सुखोई-30 एमकेआई जैसे लड़ाकू विमानों पर तीन मिसाइलें ले जाने में सक्षम होगी, जबकि पहले केवल एक मिसाइल ले जाई जा सकती थी।*
- *मिसाइल की विशेषताएंः ब्रह्मोस मिसाइल 290 से 400 किलोमीटर की रेंज और 2.8 मैक की गति के साथ दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में से एक है। यह फायर एंड फॉरगेट सिद्धांत पर काम करती है और जमीन, समुद्र, हवा और पनडुब्बी से लॉन्च की जा सकती है।*
- *निर्माण अवधिः इस अत्याधुनिक सुविधा को केवल साढ़े तीन वर्ष (40 महीने) में पूरा किया गया, जो परियोजना की गति और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।*

## खबर संक्षेप

### खुदरा व्यापार पर कब्जे की साजिश के खिलाफ कैट की राष्ट्रीय संगोष्ठी 16 को

नई दिल्ली। भारत में व्यापारियों के बड़े संगठन कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने घोषणा की है कि आने वाली 16 मई को संगठन की राष्ट्रीय संगोष्ठी दिल्ली में आयोजित होगी। इस बारे में कैट की तरफ से बताया गया कि संगोष्ठी का विषय भारत के खुदरा व्यापार पर कब्ज़े की साजिश रखा गया है। कांफ्रेंस में इस मुद्दे पर मुख्य वक्तव्य पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी देंगी। इस बारे में कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि इस कांफ्रेंस में केवल व्यापारी ही नहीं, बल्कि स्वदेशी उत्पादों के समर्थक, ट्रांसपोर्ट, लघु उद्योग, एमएसएमई, उपभोक्ता संगठन, महिला उद्यमी, किसान, स्टार्टअप, कर्मचारी संगठनों समेत व्यापार के विभिन्न सेक्टर भी भाग लेंगे। सभी मिलकर इन विदेशी पूंजी पोषित कंपनियों के षड्यंत्रों को उजागर करने और देशव्यापी अभियान चलाने की एक संयुक्त रणनीति तय करेंगे। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया ने कहा कि यह कांफ्रेंस अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि व्यापार और उद्योग के विभिन्न सेक्टर अब एक मंच पर आकर इन कंपनियों को सीधी चुनौती देने के लिए तैयार हैं।

### हरिया गिरोह का सरगना चढ़ा क्राइम ब्रांच के हत्थे

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच की एजीएस टीम ने हरिया गिरोह के कुख्यात सरगना को गिरफ्तार किया है। वह चोरी और सेंधमारी की कई वारदातों में शामिल था। इसे बांसवाड़ा, राजस्थान से गिरफ्तार किया है। बदमाश का नाम रमेश नीनामा (25) है। पुलिस के अनुसार रमेश राजस्थान और दिल्ली में अनेक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, जिनमें वर्ष 2021 का शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज एक मामला भी शामिल है। द्वारका कोर्ट ने दिसंबर 2024 में उसे भगोड़ा अपराधी घोषित किया था। इसका साथी सुनील नीनामा भी बांसवाड़ा में वर्ष 2022 के एक चोरी के मामले में वांछित था। पुलिस ने कहा कि रमेश को जनवरी 2021 में द्वारका में एटीएम लूट की योजना बनाते समय गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ गिरफ्तार किया गया था। जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया और अदालत में पेश नहीं हुआ। हाल ही में क्राइम ब्रांच की एजीएस टीम को सूचना मिली और उसके आधार पर रमेश को बांसवाड़ा के सेवना गांव से गिरफ्तार किया गया।

### टेंपो की टक्कर से व्यक्ति की मौत

नई दिल्ली। आजादपुर मंडी इलाके में एक टेंपो की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। तड़के मृतक अपने एक पड़ोसी के साथ साइकिल से आजादपुर मंडी जा रहे थे। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की तफ्तीश कर रही है। आरोपी टेंपो चालक का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी पुलिस खंगाल रही है। पुलिस के अनुसारस मृतक की पहचान दिलीप शाह (36) के रूप में हुई है। सुबह साढ़े पांच बजे दुर्घटना के बारे में पुलिस नियंत्रण कक्ष में सूचना मिली थी। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। दिलीप शाह के पड़ोसी ने बताया कि वे सुबह पांच बजे साइकिल पर आजादपुर मंडी जाने के लिए निकले थे और जैसे ही वे साढ़े पांच बजे लिबासपुर बस स्टैंड से आगे बढ़े एक टेंपो ने पीछे से साइकिल को टक्कर मार दी। दिलीप सड़क पर गिर गया और उसकी छाती में गंभीर चोट आई। उसे पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दो अंतरराज्यीय ड्रग तस्करों से एक करोड़ का गांजा बरामद

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने दो ड्रग सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक करोड़ कीमत का 365 किलो गांजा बरामद हुआ। ओडिशा से दिल्ली पहुंचे एक ट्रक से पुलिस ने यह मादक पदार्थ जब्त किया है। प्रतिबंधित मादक पदार्थ ट्रक में छुपा कर रखा गया था। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये लोगों के नाम दीपक (36) और सुनील मलिक उर्फ काला (25) है। दोनों हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले हैं। इन्हें रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस दोनों से पूछताछ कर गांजे के सोर्स और जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

## आरोपी 50 से अधिक आपराधिक मामलों में रहे शामिल

# आरकेपुरम से दो वांछित अपराधी मुठभेड़ में दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण पश्चिम जिले की आरकेपुरम पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद दो वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम सुरेश उर्फ सुभाष और मनीष उर्फ मोगली बताये गये हैं। जांच में पता चला कि आरोपी दिल्ली में 50 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ 8-9 मई की दरमियानी रात को लगभग एक बजकर दस मिनट पर हुई। उस समय पुलिस के एक गश्ती दल ने सेक्टर-9 स्थित राव तुला राम मार्ग की सर्विस लेन पर खड़ी एक मोटरसाइकिल के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा। पूछताछ करने पर दोनों संदिग्धों ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दल ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें सुरेश के बाएं पैर में गोली लगी। सुरेश और उसके सहयोगी मनीष को पकड़ लिया गया। दोनों दिल्ली के कई इलाकों में हत्या, हत्या के प्रयास, पुलिस पर गोलीबारी करने, लूट, झपटमारी और शस्त्र अधिनियम से जुड़े मामलों में वांछित थे। सुरेश को वर्ष 2012 के एक मामले में 11 साल की सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि मनीष भारत नगर थाने में बदमाशों की सूची में दर्ज आदतन अपराधी है। दोनों नशे की लत के शिकार हैं और अपनी लत पूरी करने के लिए अपराध को अंजाम देते थे। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार बदमाशों के पास से दो पिस्टल, चार कारतूस, तीन खोखे, चोरी की एक मोटरसाइकिल और फर्जी नंबर प्लेट बरामद की हैं। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने आरके पुरम सहित कई इलाकों में हाल की झपटमारी और चोरी की वारदातों में शामिल होने की बात कबूली है। डीसीपी ने बताया कि दोनों ने चार मई को विवेकानंद मार्ग से सोने की एक चेन झपटने की बात भी स्वीकार की है। इनकी गिरफ्तारी से सात हालिया मामलों को सुलझाने में मदद मिली है, जिनमें आरकेपुरम, मुखर्जी नगर और अन्य इलाकों में दर्ज मामले शामिल हैं।

# चार बांग्लादेशी गिरफ्तार निर्वासन प्रक्रिया शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वसंत विहार इलाके में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। इनके नाम आरिफ (19), असदुल (30), आसिया बेगम (47) और जुहूर अली (80) बताये गये हैं। चारों बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे। चारों को निर्वासन की कार्यवाही के लिए हिरासत केंद्र भेजा गया है। इनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार इलाके में अवैध प्रवासियों को चिह्नित करने के लिए एक टीम को गश्त बढ़ाने को कहा गया था। गश्त के दौरान टीम को तीन पुरुषों और एक महिला के बारे में जानकारी मिली। रुकने का इशारा करने पर उन्होंने भागने की कोशिश की, लेकिन पीछा करके उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपनी पहचान बताई और बांग्लादेश के फूलवाड़ी गांव के मूल निवासी होने की बात स्वीकार की। आसिया बेगम और जुहूर अली से बरामद पहचान दस्तावेजों से उनकी बांग्लादेशी नागरिकता और वैध वीजा या परमिट के बिना भारत में अवैध प्रवास की पुष्टि हुई। चारों को मेडिकल जांच के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया और बाद में निर्वासन प्रक्रियाओं के लिए विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के हवाले कर दिया गया।

### माँ केवल एक शब्द नहीं, एक संपूर्ण जीवन-दर्शन है : शर्मा



नई दिल्ली। माँ केवल एक शब्द नहीं, एक संपूर्ण जीवन-दर्शन है। उनके बिना समाज की कल्पना अधूरी है। मदर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित एक भावनात्मक, रंगारंग और प्रेरणादायक कार्यक्रम के आयोजन के दौरान आर. के. इंटरनेशनल स्कूल में मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा ने बच्चों परिजनों को संबोधित करते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि इस विशेष दिन पर विद्यालय प्रांगण मातृ शक्ति के सम्मान में सजे भव्य मंच और उल्लास से गूंज उठा। यहां इस स्कूल में न केवल शिक्षा, बल्कि संस्कार भी देते हैं और माँ इसका पहला स्तंभ होती हैं। हम आज की पीढ़ी में माँ के लिए सम्मान और समझ की भावना को और प्रबल करने का प्रयास करते रहेंगे। वहीं, इस अवसर पर प्रधानाचार्या निधि नेहरा ने सभी माताओं का स्वागत करते हुए कहा कि माँ वह नींव है जिस पर एक बेहतर समाज की इमारत खड़ी होती है। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में विद्यालय के चेयरमैन नरेंद्र कृष्ण शर्मा, डायरेक्टर्स आकाश शर्मा एवं ऐश्वर्या शर्मा, मैनेजमेंट प्रतिनिधि शिल्पी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## पाक की सिखों को भारतीय सेना के खिलाफ भड़काने के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे: डीएसजीएमसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) ने कहा है कि पाकिस्तान द्वारा सिखों को भारतीय सेना के खिलाफ भड़काने की कोशिश व मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। क्योंकि सिख कौम ने हमेशा सेना के कंधे से कंधा मिलाकर देश की रक्षा के लिए योगदान दिया है। डीएसजीएमसी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका व महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने संयुक्त बयान में कहा कि पाकिस्तान सिखों को भड़काने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसे सफलता कभी नहीं मिलेगी। क्योंकि सिख कौम हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहकर देश के लिए शहादत देती रही है और आगे भी देती रहेगी। यह बातें उन्होंने गुरुद्वारा बंगला साहिब में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस समय भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान पाकिस्तान द्वारा ऐसी बयानबाजी की जा रही है जिसका मकसद सिख कौम को भारत सरकार के खिलाफ भड़काना है। पाकिस्तान पहले भी ऐसी घटिया साजिशों में कभी सफल नहीं हुआ और अब भी नहीं होगा। पूरी सिख कौम भारतीय सेना के साथ थी, है और रहेगी। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक सच्चाई यह है कि गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने कश्मीरी पंडितों के लिए अपनी शहादत दी थी और गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपना सर्वस्व इस देश के लिए अर्पण कर दिया था। उन्होंने कहा कि न केवल आजादी की लड़ाई में बल्कि देश की सीमाओं की रक्षा में भी सिख कौम ने हमेशा बढ़-चढ़कर योगदान दिया है और आगे भी देती रहेगी। उन्होंने दिल्ली की सभी सिंह सभाओं से अपील की कि वे भारतीय सेना की चढ़दी कला (उन्नति) के लिए अपने धार्मिक कार्यक्रमों में अरदास करें। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को हर बार मुंह की खानी पड़ी है और इस बार भी खानी पड़ेगी। भारतीय सेना ने हमेशा विजय प्राप्त की है और आगे भी करेगी। उन्होंने कहा कि झूठ बोलकर सिखों को भड़काने की पाकिस्तान की कोशिश न पहले कभी सफल हुईं, न अब होंगी।

# संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रकों के बीच दबकर व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाहरी उत्तरी दिल्ली के संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर (एसजीटी) क्षेत्र में 46 वर्षीय एक व्यक्ति की दो ट्रकों के बीच कथित तौर पर दबने से मौत हो गई। मृतक का नाम दीपक था। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार दीपक खलासी का काम करता था। एक कंटेनर ट्रक का चालक वाहन को पीछे कर रहा था तब वह उक्त कंटेनर ट्रक और एक खड़े ट्रक के बीच दब गया। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। यह घटना शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे हुई। दीपक अपने ठेकेदार फिरोज खान के ट्रक का दरवाजा खोल रहा था। फिरोज खान मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के पुपरौआ गांव का निवासी है। फिरोज ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपना ट्रक दो दिन पहले पार्किंग क्षेत्र में खड़ा किया था। पुलिस के एक अधिकारी ने शिकायत के हवाले से बताया कि शनिवार को फिरोज ने देखा कि दीपक ट्रक का दरवाजा खोल रहा था तभी एक कंटेनर ट्रक तेजी से पीछे को ओर आया। दीपक दोनों वाहनों के बीच फंस गया था। फिरोज ने कंटेनर ट्रक के चालक को आगाह किया और उसने अपना वाहन आगे बढ़ाया, लेकिन तब तक दीपक जमीन पर गिर चुका था और उसके मुंह से बहुत खून बह रहा था। पुलिस ने बताया कि दीपक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज करके कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी संस्था ने मनाया मातृ दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी संस्था ब्रह्माकुमारी ने दिल्ली एनसीआर स्थित सेवा केंद्रों द्वारा रविवार को धूमधाम से मातृ दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस उपलक्ष्य में, संस्था की कुछ मुख्य राजयोग ध्यान केंद्रों पर सार्वजनिक कार्यक्रम भी रखा गया। संस्था के अनुसार स्थानीय डेरावाल नगर स्थित ब्रह्माकुमारी केंद्र के कार्यक्रम में राजयोगिनी चक्रधारी दीदी ने मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम उन माताओं को नमन करते हैं जिन्होंने अपने बच्चों को देश की सेवा के लिए शौर्य, निर्भयता, दृढ़ता एवं समर्पण की भावना भरकर देश की सीमा पर भेजा है। उन्होंने कहा कि एक मां की भावना को हम समझ सकते हैं। ब्रह्माकुमारीज में ऐसे अनेक परिवार आते हैं जो आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास कर जीवन में मूल्यों की पुनर्स्थापना करती हैं। जिनकी कमी से आज के संघर्षपूर्ण वातावरण में स्वयं को शांति, प्रसन्नता, शक्ति, आनंद आदि गुणों से सम्पन्न कर सुखमय जीवन जी सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉक्टर उषा किरण ने कहा कि मां की सशक्त, स्नेह भरी पालना से मैंने जीवन के हर क्षेत्र में सफलता अर्जित की। उनकी त्याग वृत्ति, समर्पण एवं अनुशासित जीवन का प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ा। इस अवसर पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स धारी, लेखिका, मेमोरी ट्रेनर एवं प्रेरक वक्ता डा. अदिति सिंघल ने मातृ शक्ति को जागृत करने के लिए प्रेरणा दी।

# मुकरबा चौक : जल निकासी के लिए डाली पाइप लाइन

दया राम ⏭ नई दिल्ली






दिल्ली में गत दिनों हुई बारिश के चलते मुकरबा चौक से लेकर जहांगीरपुरी तक हुए भारी जलभराव ने दिल्ली सरकार की कार्यप्रणाली की पोल खोलकर रख दी। इस जलभराव को लेकर यहां से गुजरने वाले दिल्ली के निवासी काफी परेशान हुए। साथ ही हरिभूमि ने स्थानीय लोगों से बात की तो पाया कि जल निकासी के लिए उचित व्यवस्था नहीं है जिसके चलते यहां भारी जलभराव होता है। इसी माह की 5 तारीख में हरिभूमि ने 'तीन-चार फीट का होगा नाला तभी मिल पाएगी जलभराव से राहत' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी।

- खबर का हुआ कुछ असर, राहत के आसार नहीं

इसके बाद स्थानीय निवासियों ने बताया कि जल निकासी के लिए यहां फिर से एक पाईल लाइन डाली गई है लेकिन वह भी इस जलभराव के सामने नाकाफी है। क्योंकि यहां जलभराव को देखते हुए कम से कम तीन से चार फीट आकार में एक या अनेकों पाइपों की जरूरत है। जबकि देखा जाए तो फिर से प्रशासन ने एक पाइप लाइन डाल है जो कि बारिश के उचित साधन प्रतीत नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरफ सरकार को विशेष ध्यान देना होगा तभी भारी जाम से छुटकारा मिल पाएगा।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की सैन्य पराक्रम और रणनीतिक विजयनीति का ऐतिहासिक शंखनाद : कपिल मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- विश्व के इतिहास में पहली बार 90 मिनट में किसी परमाणु राष्ट्र के 11 एयरबेस तबाह किए, जिसे करने का साहस दुनिया की किसी महाशक्ति ने अब तक नहीं किया था

ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य पराक्रम और रणनीतिक विजयनीति का ऐतिहासिक शंखनाद है। यह बात रविवार को दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने कही। कपिल मिश्रा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि विश्व के इतिहास में पहली बार 90 मिनट में किसी परमाणु राष्ट्र के 11 एयरबेस भारत ने तबाह किए, जिसे करने का साहस दुनिया की किसी महाशक्ति ने अब तक नहीं किया था। पाकिस्तान के 11 एयरबेस जिनमें रणनीतिक महत्व वाले सरगोधा जैसे अड्डे शामिल थे। भारतीय वायु शक्ति के क्रांतिकारी प्रहार से ध्वस्त हो गए। उनके रनवे चीर दिए गए। एयर डिफेंस सिस्टम जलकर राख हो गया। और सरगोधा जैसे अड्डे पर तो भारत ने ठीक उसी स्थान को निशाना बनाया जहां उनके परमाणु अस्त्र रखे गए थे।

मिश्रा ने एक्स पर लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर का नतीजा है कि विकिरण का रिसाव,परमाणु चेतावनी और अमेरिका की नींद उड़ गई। उन्होंने तुरंत युद्ध विराम की गुहार लगाई, क्योंकि दोनों परमाणु राष्ट्रों की टकराहट ने दुनिया को हिला कर रख दिया। लेकिन भारत ने ऑपरेशन सिंदूर बंद नहीं किया। घुटने टेकने से इनकार किया। क्योंकि भारत अब वो नहीं रहा, जो दशकों तक सहता रहा। आज भारत वह राष्ट्र है जो आतंक के गढ़ में घुसकर उसका सर्वनाश करता है। भारत ने सिद्ध किया है कि अगर सीमा पार से गोली चलेगी, तो जवाब गोले से मिलेगा। अगर तुम हमारे निर्दोषों की जान लोगे, तो हम तुम्हारे आतंकी अड्डों को नष्ट करेंगे, चाहे वो लाहौर हो, बहावलपुर हो या सरगोधा।

## सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन का किया जा रहा है दुरुपयोग

# शुल्क जमा करने से पहले एमसीडी की वेबसाइट या एमसीडी कार्यालय से करें संपर्क : निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम ने जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार का शुल्क जमा करने से पहले एमसीडी की वेबसाइट या एमसीडी कार्यालय से व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति की पुष्टि करें। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि निगम के पास हेल्थ ट्रेड लाइसेंस जारी करने और कन्वर्ज़न, पार्किंग व रजिस्ट्रेशन शुल्क प्राप्त करने के लिए एक सॉफ़्टवेयर एप्लिकेशन है। इस संदर्भ में दिल्ली नगर निगम द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि जब भी वे एमसीडी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी क्षेत्र में कोई नई व्यावसायिक गतिविधि शुरू कर रहे हों, तो किसी भी प्रकार का कन्वर्ज़न, पार्किंग, रजिस्ट्रेशन शुल्क या हेल्थ ट्रेड लाइसेंस शुल्क जमा करने से पहले एमसीडी की वेबसाइट या एमसीडी कार्यालय से प्रस्तावित गतिविधि की अनुमति की अवश्य पुष्टि करे। दिल्ली नगर निगम के संज्ञान में आया है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा सॉफ़्टवेयर एप्लिकेशन का दुरुपयोग किया जा रहा है और कन्वर्ज़न, पार्किंग और रजिस्ट्रेशन शुल्क का भुगतान कर उसकी रसीद डाउनलोड कर ली गई है तथा हेल्थ ट्रेड लाइसेंस शुल्क भी जमा कर लाइसेंस डाउनलोड कर लिया गया है। जबकि मास्टर प्लान-2021 के प्रावधानों के अनुसार उस परिसर में कन्वर्ज़न संभव नहीं है और हेल्थ ट्रेड लाइसेंस जारी नहीं किया जा सकता है।

### दलालों और ठगों के झांसे में न आएं नागरिक

निगम का कहना है कि साथ ही, आम जनता को यह भी सलाह दी जाती है कि वे दलालों और ठगों के झांसे में न आएँ, जो मास्टर प्लान-2021 के प्रावधानों के बारे में गलत जानकारी देकर अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। हाल ही में एमसीडी ने ऐसे कई व्यावसायिक गतिविधियों पर कार्रवाई की है, उनके द्वारा जमा किए गए कन्वर्ज़न शुल्क जब्त कर लिए गए हैं और हेल्थ ट्रेड लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं।

### अवैध कार्यों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है निगम

निगम प्रशासन का कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियां मास्टर प्लान के प्रावधानों के अनुसार अनुमति नहीं है इसलिए दिल्ली नगर निगम ऐसे अवैध कार्यों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। परिसर का उपयोग मास्टर प्लान-2021 के प्रावधानों द्वारा विनियमित है। इसी तरह, हेल्थ ट्रेड लाइसेंस केवल उसी परिसर के लिए जारी किया जा सकता है जहां मास्टर प्लान-2021 के अनुसार व्यावसायिक गतिविधि की अनुमति है।

### नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर एलजी ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। नेशनल टेक्नोलॉजी डे (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस) के अवसर पर उपराज्यपालविनय कुमार सक्सेना ने शुभकामनाएं देते हुए बेहतरीन कल की संभावनाओं का उज्जवल बताया है। एलजी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर हम भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों, तकनीकी प्रगति और वैज्ञानिकों तथा इंजीनियरों के योगदान का सम्मान करते हैं। उन्होंने लिखा कि यह दिन 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण ऑपरेशन शक्ति की सफलता का प्रतीक है, जो विज्ञान और नवाचार में भारत की ताकत को दर्शाता है। उपराज्यपाल ने लिखा कि प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित भविष्य की कामना करता हुं।

## डीयू में संत शेरसिंह की पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली देहात के गांव लिबासपुर में जन्में संत शेरसिंह के 36 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिजनों, सहयोगियों तथा उनके वैचारिक अनुयायियों ने रविवार को दिल्ली विश्वविद्यालय उत्तरी परिसर के कला संकाय में संत शेरसिंह रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट (रजि.) की ओर से उनकी पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर संत शेरसिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके सामाजिक कार्यों को याद किया गया। इससे पूर्व ट्रस्ट ने उनकी पुण्यतिथि पर गाँव लिबासपुर में भंडारे का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन, पल्लवी, योगेंद्र पाटिल, संदीप कुमार तोमर, राज चौहान, महिपाल पाटिल आदि भी उपस्थित थे। ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने संत शेरसिंह का स्मरण करते हुए कहा कि संत शेरसिंह कबीर साहब के सच्चे अनुयायी थे। वे मध्यकालीन संतों में कबीर साहब से विशेष प्रभावित थे।

## मुख्यमंत्री ने नेशनल ओबेसिटी केयर कांफ्रेंस में महिला डॉक्टरों को किया सम्मानित

# देश की स्वास्थ्य प्रणाली में महिला डॉक्टरों का योगदान अमूल्य, हमें उन पर गर्व : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में महिला डॉक्टरों का योगदान अमूल्य है और हमें उन पर गर्व है। यह बात रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर आयोजित महिला डॉक्टरों के सम्मेलन और वार्षिक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं ऐसे आयोजन का हिस्सा हूं, जो ना केवल चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित नेशनल ओबेसिटी केयर कांफ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा महिला डॉक्टरों को उनकी सेवा, समर्पण और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ. एच. के. चोपड़ा, डॉ. नरेश त्रेहन, डॉ. एम. खलीलुल्लाह, डॉ. विवेक कुमार और डॉ. राजीव गर्ग जैसे देश के वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारत में मोटापे की चिंताजनक स्थिति पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से महिलाओं पर इसके प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत में काफी बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मोटापे से पीड़ित हैं। एक शोध का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि 40-60 आयु वर्ग की 65 फीसदी महिलाएं सेंट्रल ओबेसिटी (पेट की चर्बी) से प्रभावित हैं, जो हृदय और रक्त वाहिनी रोगों का प्रमुख संकेतक है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का उल्लेख किया, जिन्होंने मोटापे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्तर पर रोकथाम नीतियों की आवश्यकता पर बल दिया है।

उन्होंने कहा कि हमें स्थानीय स्तर पर कार्य करना है और वैश्विक मंच पर प्रभाव डालना है। आज का यह आयोजन उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महिलाओं की स्वास्थ्य चुनौतियों पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की शारीरिक संरचना और हार्मोनल सिस्टम पुरुषों से भिन्न हैं, इसलिए उन्हें विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। मोटापा हृदय विफलता, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, उच्च कोलेस्ट्रॉल, किडनी रोग और यहां तक कि कैंसर जैसी बीमारियों का कारण बन सकता है।

उन्होंने डॉक्टरों से मोटापे की रोकथाम के लिए एक सामाजिक आंदोलन शुरू करने का आह्वान किया, क्योंकि ₹रोकथाम सबसे सस्ता और प्रभावी उपाय है। साथ ही मुख्यमंत्री ने मिशन ओबेसिटी केयर नामक पहल को भी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के रूप में शुरू करने का सुझाव दिया।

### संतुलित भोजन, नियमित व्यायाम और योग सेहतमंद जीवन का मंत्र

मुख्यमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करते हुए कम खाने, सही भोजन जैसे सब्जियां और फल खाने, जंक फूड से बचने, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और योग-ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मोटापा काफी हद तक रोकथाम योग्य और रिवर्सिबल है, और इसके लिए हमें नागरिकों को सही जानकारी और संसाधनों से सशक्त करना होगा।

### महिला डॉक्टर हैं 'भारत की वीरांगना'

इस अवसर पर सम्मानित महिला डॉक्टरों की स्वास्थ्य सेवा में अटूट समर्पण की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी महिला डॉक्टर केवल क्लीनिक तक सीमित नहीं हैं, वे मानवता के सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में, ट्रामा सेंटर्स, राहत शिविरों और मिशनों में सेवा कर रही हैं। जब देश इमरजेंसी /आपात जैसी स्थिति का सामना करता है, तो ये डॉक्टर ही देश के भीतर हमारी सबसे बड़ी ढाल बनती हैं। इस समारोह में महिला डॉक्टरों को 'भारत की वीरांगना' की संज्ञा देते हुए उन्होंने कहा कि आपकी सेवा भावना, ज्ञान और संकल्प हमें हर संकट से पार पाने की ताकत देता है। सीएम ने कहा कि महिला चिकित्सक न सिर्फ स्वास्थ्य की संरक्षक हैं, बल्कि वे करुणा, समर्पण और सेवा की जीती-जागती मिसाल हैं। हम आज 400 महिला डॉक्टरों को सम्मानित कर रहे हैं, तो यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि नारी शक्ति के प्रति हमारे सम्मान और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

### सीएम ने मदर्स डे पर सभी मांओं को किया नमन

मदर्स डे के अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी मांओं को नमन करते हुए बताया कि माँ एक ऐसा रिश्ता है, जिसके बराबर कोई खड़ा नहीं हो सकता। मां ही वो है जो हमारे दुख में हमसे ज्यादा रोती है और खुशी में पहले मुस्कराती है। मां सिर्फ जन्म नहीं देती, वह जीवन को दिशा देती है। वह हमारी पहली शिक्षक, पहली डॉक्टर, पहली मार्गदर्शक और पहली मित्र होती है। उसकी ममता में वह शक्ति होती है, जो बिना किसी शर्त के सहेजती है, संवारती है और हमें हर मुश्किल से लड़ने का साहस देती है। मातृ दिवस के इस पावन अवसर पर मैं देश की हर मां को सादर नमन करती हूं। विशेष रूप से उन माताओं को, जो घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ समाज और राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

# विकासपुरी में टूटी सीवर लाइन को ठीक करने का काम शुरू : पंकज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के कैबिनेट मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि उनकी विधानसभा विकासपुरी की जेजे कॉलोनी में क्षतिग्रस्त सीवर लाइन को ठीक करने का काम शुरू कर दिया गया है। मंत्री पंकज ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर फोटो शेयर कर दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि विकासपुरी विधानसभा की जे.जे. कॉलोनी में पिछले 11 वर्षों से चली आ रही क्षतिग्रस्त सीवर लाइन की समस्या का समाधान शुरू कर दिया गया है। नई सीवर लाइन का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में जलभराव, दुर्गंध और गंदगी की समस्याओं से जल्द ही राहत मिलेगी। यह कार्य स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए किया जा रहा है।

### आशीष सूद ने स्वास्थ्य शिविर का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने रविवार को अपनी विधानसभा जनकपुरी में आयोजित एक स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने कहा कि स्वस्थ दिल्ली ही समृद्ध दिल्ली की नींव है और स्वास्थ्य शिविर जैसे प्रयास इस दिशा में अहम भूमिका निभाते हैं। यह शिविर जनकल्याण की दिशा में एक और कदम हैं। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य शिविर में स्थानीय निवासियों को निशुल्क जांच, परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त दिल्ली की पहचान हैं।

# दिल्ली में आवारा पशुओं के आतंक से परेशान हैं लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के काफिले के सामने हैदरपुर फ्लाइओवर पर एकाएक सामने आए आवारा गाय के मामले को करीब एक माह से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन दिल्ली में आवारा गाय व अन्य पशुओं के नियंत्रण पर कोई विशेष एक्शन नहीं हुआ है। गत दिनों नरेला विधानसभा के बुढ़पुर गांव में दो आवारा पशुओं के चलते एक की मौत और एक घायल होने का मामला भी सामने आया है और इसके बाद फिर से लोगों को आवारा पशुओं के आतंक का सामना करना पड़ा है। नरेला निवासी सुरेंद्र महरोलिया ने बताया कि यहां रविदास नगर अम्बेडकर पार्क के पास आवारा पशुओं का आतंक हैं और आसपास में दिल्ली सरकार के कई विद्यालय हैं। बड़ी संख्या में यहां आम लागों व छात्र-छात्राओं का रोजाना आवागमन है। वहीं, कई स्थानीय लोगों ने बताया कि आवारा पशुओं के हमले का शिकार कई लोग हो चुके हैं और अपनी जान गवां चुके हैं। बता दें कि उस समय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आवारा गायों को गौशाला में पहुंचाने की बात कही थी।

# राजधानी में तेज धूल भरी आंधी के साथ कई हिस्सों में हुई हल्की बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में वीकेंड रविवार के दिन भी हल्की बूंदाबांदी व तेज धूल भरी आंधी देखने को मिली। सुबह से मौसम साफ सुथरा रहा और दिन के समय हल्के बादलों की आवाजाही भी देखने को मिली। लेकिन रात के समय दिल्ली के कई हिस्सों में तेज धूल भरी आंधी और हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली। जिसकी संभावना पहले ही मौसम विभाग ने जताई थी। खबर लिखे जाने तक कहीं से किसी अप्रिय खबर की जानकारी नहीं मिली। ताजा अनुमान है कि अब संभावना जताई गई है कि सोमवार से मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार वीकेंड पर दिल्ली में अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.7 डिग्री सेल्सियस कम रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा। आईएमडी के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान हवा में अधिकतम आद्रता का स्तर 90 और न्यूनतम आद्रता का स्तर 33 दर्ज किया गया। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि सोमवार को दिनभर मौसम लगभग साफ रहेगा और सूरज की तपिश सीधे जमीन तक पहुंचने से पारे में एक डिग्री तक की बढ़त देखने को मिल सकती है।

# ट्रिपल इंजन सरकार ने 300 यूनिट बिजली फ्री की बजाए पीपीएसी बढ़ाकर दिया महंगाई का झटका : यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की दिल्ली सरकार ने लोगों को 300 यूनिट बिजली फ्री देने के वादे की बजाए पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट (पीपीएसी) बढ़ाकर महंगाई का झटका दिया है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार भी पूर्व की आम आदमी पार्टी सरकार की भांति बिजली कंपनियों के हित साधने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि डीईआरसी ने डिस्कॉम के तहत बिजली कंपनियों को 13.33 से 19.22 प्रतिशत तक पीपीएसी वसूलने की अनुमति दे दी है। जिसके तहत बीएसईएस यमुना 13.33 प्रतिशत, बीएसईएस राजधानी पावर 13.54 प्रतिशत और टाटा पावर 19.22 प्रतिशत पीपीएसी बिजली बिलों पर वसूलेगी। यादव ने कहा कि इस फैसले का दिल्ली कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है। क्योंकि जब भाजपा को मालूम था कि गर्मी बढ़ने से बिजली की मांग बढ़ेगी तो जरुरत अनुसार बिजली की क्षमता पहले से क्यों नही बढ़ाई गई। अब 3 महीनों के नाम पर पीपीएसी में बढ़ोतरी करके भाजपा सरकार बिजली उपभोक्ताओं कमर तोड़ने का काम कर रही है जबकि दिल्लीवालें पहले से ही बिजली बिलों के उपर अतिरिक्त चार्ज के तहत दुगना बिल भर रहे है। उपभोक्ताओं से बिजली बिलों पर पीपीएसी सहित एनर्जी चार्ज, फिक्सड चार्ज, सरचार्ज, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन चार्ज और 7 प्रतिशत पेंशन चार्ज वसूला जा रहा है।




#### डीसी बदलने के बाद हो रहा है ओएपी का जमकर उल्लंघन

# निगम के विज्ञापन विभाग से कब दूर होगा इंस्पेक्टर राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के विज्ञापन विभाग में आम आदमी पार्टी के कार्यकाल के जमकर इंस्पेक्टर राज चल रहा था और अब भाजपा की सरकार आने के बाद भी यहां इंस्पेक्टर राज रूकने का नाम नहीं ले रहा है। जबकि भाजपा के नवनिर्वाचित महापौर राजा इकबाल सिंह ने निगम की सत्ता संभालने के बाद ही कहा था कि इंस्पेक्टर राज का समाप्त करेंगे। वहीं, हाल ही दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग में सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए दो इंस्पेक्टर और एक नीजि व्यक्ति को लाइसेंस जारी करने संबंधी भ्रष्टाचार के मामले में पकड़ा है, क्योंकि लोगों का अब दिल्ली नगर निगम के विजिलेंस विभाग से विश्वास उठ चुका है और पीड़ति अन्य एजेंसियों से संपर्क कर भ्रष्टाचारी अधिकारियों को पकड़वा रहे हैं।

वहीं, बता दें कि दिल्ली नगर निगम के कई जोनों में बाह्य विज्ञापन नीति (ओएपी) - 2017 के दिशा निर्देशों का खुलकर उल्लंघन हो रहा है। इस संबंध में विज्ञापन विभाग के उपायुक्त मोहित बंसल से कई बार संपर्क किया गया है लेकिन उनकी तरफ से कोई प्रतिकिया नहीं मिली है। जबकि इससे पहले विज्ञापन विभाग के उपायुक्त अमित कुमार के कार्यकाल में जानकारी देने पर कहीं कहीं एक्शन भी होता था। निगम की इस आउटडोर विज्ञापन नीति 2017 के अनुसार, दो यूनिपोल के बीच न्यूनतम दूरी 75 मीटर है लेकिन इसका खुलेआम जमकर उल्लंघन हो रहा है और दिल्ली पुलिस भी इस दूरी की आवश्यकता का समर्थन करती है तथा सड़क सुरक्षा पर जोर देती है तथा सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए बाधा उत्पन्न होने से रोकती है।

### लापरवाही बरतने वालों पर होगा एक्शन : महापौर

दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने बताया कि दिल्ली नगर निगम को बेहतर बनाना हमारा सभी का कर्तव्य है और हाल ही में सभी से शिकायत के साथ ही सुझाव भी मांगे गए थे और भ्रष्टाचार के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति है। यदि विज्ञापन विभाग में नीतियों का पालन नहीं हो रहा है तो इस पर नियमानुसार एक्शन लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने गुम हुए 57 मोबाइल वापिस लौटाएं

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त क्राईम मुकेश कुमार के दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद



पुलिस की साइबर सेल टीम ने तकनीकी सहायता से गुम हुए 57 मोबाइल फोन ढूंढ निकाले हैं, जिनको पुलिस उपायुक्त अपराध ने उनके असल मालिकों को वापिस लौटाया है। पुलिस ने बताया कि साइबर सेल की टीम ने पोर्टल के माध्यम से विभिन्न लोगों के 57 गुमशुदा मोबाइल फोन को ट्रेस करने के उपरांत मोबाइल फोन को उनके असल मालिकों को वापस लौटकर सराहनीय कार्य किया है।

### 38 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की साइबर थाना की टीमों ने इस सप्ताह 38 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 3



मई से 9 मई तक साइबर पुलिस की टीमों ने 13 मुकदमों को सुलझाते हुए 38 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना सेंट्रल का 06, एनआईटी 2 व साइबर थाना बल्लभगढ़ के 05 मामले शामिल है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने कार्रवाई करते हुए 42,05,585 रुपए बरामद किए हैं ।

### सिस्टम हैक कर एटीएम से दस लाख निकाले

**गुरुग्राम।** सदर थाना एरिया में चोरों ने दिल्ली-जयपुर हाईवे पर स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से सिक्योरिटी सिस्टम को हैक कर



दस लाख रुपए निकाल लिए। चोर अपने साथ एटीएम की डीवीआर, बैटरी, हार्ड डिस्क, पीसी कोर व चेस्ट लॉक भी ले गए। एटीएम सर्विस प्रोवाइडर कंपनी के एडवोकेट की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में हिटाची पेमेंट सर्विस के एडवोकेट गौरव कुमार बैंसला ने बताया कि उनकी कंपनी विभिन्न बैंकों के एटीएम का रखरखाव करती है।

## शिविर में 221 रक्तदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया

# पंजाबी सेवा समिति बल्लभगढ़ द्वारा लगाए गए शिविर में 162 रक्तदाताओं ने जरूरतमंदों के लिए किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ स्थित चावला कॉलोनी आर्य समाज मंदिर में पंजाबी सेवा समिति ने दसवां विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि इस रक्तदान शिविर में लोगो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पंजाबी सेवा समिति मानव सेवा में बढ़-चढ़कर आगे आई है। मैं सभी पदाधिकारी और सदस्यगणों को बधाई देता हूं। समिति पिछले अनेक वर्षों से जरूरतमंद रोगियों को रक्तदान देकर विशेष कार्य कर रही है।

### समिति 2015 से लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन करती आ रही है



समिति के चेयरमैन प्रेम खट्टर ने बताया कि वर्तमान समय फरीदाबाद में रक्त की शॉर्टज थी जिसकी वजह से कोई रोगी रक्त की वजह से परेशान ना हो इसलिए हमने तत्काल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। समिति के महासचिव दयानंद विरमानी ने बताया कि पंजाबी सेवा समिति 2015 से लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन करती आ रही है और हजारों यूनिट रक्तदान जरूरतमंद के लिए एकत्रित करके मानव सेवा में अपना कर्तव्य कर रही है। समिति के प्रधान ज्योति छाबड़ा के अनुसार रक्त का कोई विकल्प नहीं है। रोटरी ब्लड बैंक फरीदाबाद में लगभग 250 थैलीसैमिक रोगियों के लिए निःशुल्क रक्त का प्रबंधन करती है जिसकी वजह से हमारी समिति भी रक्तदान शिविर लगाकर इस पुनित कार्य में अपनी अंगुली लगाती आ रही है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का और वालंटियर्स का आभार प्रकट किया ।

### आयोजन में यह लोग उपस्थित रहे

इस मौके पर शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूर्व पार्षद दयाचंद यादव एवं दीपक चौधरी रोटरी से नवीन पसरिजा, हरीश गोरा, सुनील डांगी, महेन्द्र मेहतानी उपस्थित थे। इस अवसर पर वेद प्रकाश सपरा, वीरेंद्र मनचंदा, अशोक सेठी, वेद प्रकाश आर्य, रोशन लाल डुडेजा, दीपक मुखी, जय दयाल मनचंदा, नरेश थरेजा, विजय आर्य, प्रहलाद छाबड़ा, विजय विरमानी, अशोक कालरा, अशोक गुसांई, संजय विरमानी, पवन, संजय, रमेश छाबड़ा, सतीश हंस, रवि हंस, अनिल गुलाटी, सुनील हंस, राकेश, कपिल, राकेश हंस, संजय हंस, अशोक विरमानी उपस्थित रहे। रक्तदाताओं में राकेश विरमानी, अतुल मनचंदा, साहिल विरमानी, पंकज गर्ग, देव गुप्ता, रतन सिंह एवं गौरव ने रक्त दिया। महिला शक्ति सरिता सपरा, हर्ष मनचंदा, श्रुति हंस, कनिका, कृति विरमानी, सरिता, रोमिता, सिमरन, सीमा, भावना ने रक्तदान किया। इस मौके पर राज विरमानी, मंजू हंस, अंजू, निशा, सीमा कालरा, उषा कालरा ने हिस्सा लिया।

## दरबार में स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें रखी

# मंत्री राजेश नागर ने खुले दरबार में बनवाईं विकास कार्यों की फाइलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद।

*मंत्री नागर ने कहा विकास कार्य संबंधी फाइलें बनाने के आदेश दिए*

*4 महीने पहले काम तुरंत प्रभाव से करवाने की बात कही*

तिगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने रविवार को फिर अपने निवास पर खुला दरबार लगाया। जिसमें स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें रखी। इनमें अधिकांश स्थानीय विकास संबंधी मामले ही शामिल रहे। मंत्री राजेश नागर ने मौके पर ही अधिकारियों को विकास कार्य संबंधी फाइलें बनाने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। इस अवसर पर बीपीटीपी पार्क फ्लोर के निवासियों ने कहा कि उनकी सर्विस लेन का मामला बिल्डर ने लंबे समय से अटकाया हुआ है। जिससे उन्हें बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिल्डर ने 4 महीने पहले यह काम तुरंत प्रभाव से करवाने की बात कही थी, लेकिन अब तक पूरा नहीं किया है। अब बारिश का मौसम सर पर है लेकिन सर्विस लेन नहीं बनी है। जिससे उनको परेशानी होना तय है। लोगों ने मंत्री राजेश नागर से कहा कि वह बिल्डर को सख्त आदेश देकर उनकी सर्विस लाइन बनवाएं।

**15 लाख वायरलेस डेटा ब्रॉडबैंड ग्राहक जोड़े**



मंत्री राजेश नागर ने तुरंत बीपीटीपी के एमडी को फोन पर निर्देश दिए, एमडी ने बताया कि दो सर्विस लाइन थी जिसमें से एक पर काम चल रहा है और दूसरी सर्विस रोड पर जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा। इसी प्रकार दीपावली एनक्लेव के लोगों ने अपने यहां सड़क खड़ंजे की मांग रखी जिस पर मंत्री राजेश नागर ने तुरंत प्रभाव से काम करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अब सभी क्षेत्रों में विकास कार्य करवाए जाएंगे। इस्माइलपुर, अजय नगर, जगमाल एनक्लेव आसपास के लोगों ने पुस्ता रोड को बनवाने की मांग रखी जिस पर मंत्री राजेश नागर ने उसी समय अधिकारी को विकास संबंधी फाइल बनवाने के निर्देश दिए। राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से तिगांव विधानसभा क्षेत्र में हर तरफ विकास कार्य चल रहे हैं और रोज नए विकास कार्यों की फाइलें बनवा रहे हैं। फिलहाल सभी विभागों को सड़कों की मरम्मत करने और सीवर आदि की सफाई को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे कि बरसात के मौसम में किसी को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि अब अधिकारियों की शिकायतें खुले दरबार में आनी कम हो गई हैं जिससे लगता है कि सुशासन का सपना पूरा हो रहा है।

## मुख्य अतिथि के रूप पूर्व शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा मौजूद रही

# संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देने के लिए सदस्यों ने शपथ ली



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारत विकास परिषद माधव शाखा फरीदाबाद द्वारा श्री हनुमान चालीसा पाठ, भजन संध्या एवं दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन सेक्टर 15 में स्थित गीता मंदिर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा मौजूद रही। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में हरियाणा दक्षिण प्रांत के अध्यक्ष अजय अग्रवाल भी मौजूद रहे। इसके अलावा भारत विकास परिषद से राष्ट्रीय सेवा संयोजक राजकुमार अग्रवाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिला समन्वयक संदीप मित्तल व संरक्षक (अरावली शाखा) प्रतिभा तिवारी ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष बिनय गुप्ता, शाखा सचिव प्रतिमा गर्ग, शाखा कोषाध्यक्ष नंद किशोर अग्रवाल, महिला संयोजिका प्रियंका सिंहा एवं नए सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण की गई। भारत विकास परिषद के पांच मूल सिद्धांतो संपर्क, सहयोग, सेवा, संस्कार व समर्पण को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

माधव शाखा की पूर्व अध्यक्ष मंजू यादव, सचिव हितेश भारद्वाज, कोषाध्यक्ष पंकज गर्ग व महिला संयोजिका प्रतिमा लुधानी ने नए सदस्यों और नई टीम का स्वागत किया। शाखा की सलाहकार समिति के सदस्य लोकेश गर्ग, हिरेन्द्र लुधानी, नरेन्द्र बंसल, हरीश मंगला, दर्शन अदलखा का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग रहा।

## मंदिर में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 3 किलोग्राम चांदी बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मंदिर में चोरी करने वाले दो आरोपियों को अपराध शाखा सेक्टर 85 की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नितिन निवासी सेक्टर-82 फरीदाबाद ने पुलिस चौकी सेक्टर 15 ए में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 3 मई को प्राचीन शिव मंदिर अजरोंदा से कोई नामालूम व्यक्ति शिवलिंग पर लगी चांदी चोरी करके ले गया। जिस पर थाना सेंट्रल में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने कार्यवाही करते हुए कुलवंत निवासी फतेहगंज उत्तराखंड हाल शिव विहार दिल्ली व त्रिलोक निवासी विजयलक्ष्मी पार्क दिल्ली को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से वारदात में प्रयोग की स्कूटी वह 3 किलोग्राम चांदी बरामद की है। दोनों आरोपियों को माननीय अदालत पर पेश कर जेल भेजा गया है।

## आरोपी से 1 मोटर साइकिल, 2 एटीएम कार्ड बरामद किए

# दिल्ली एनसीआर का शातिर लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस का अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन क्रैकडाउन लगातार जाने है इसी क्रम में थाना इंदिरापुरम पुलिस मैं पुलिस में शनिवार की रात में चोरी की मोटरसाइकिल से चेन और मोबाइल फोन आदि लूट लूटने वाले साथी लुटेरे को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है यह साथी लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस ने उसके कब्जे से 01 अवैध पिस्टल, 02 खोखा कारतूस व 02 जिन्दा कारतूस, स्नैचिंग की घटनाओं से संबंधित 48,750- रुपए नगद, घटनाओं में प्रयुक्त चोरी की 01 मोटर साइकिल व लूट के 02 एटीएम कार्ड बरामद किया है।

### आरोपी सामान सस्ते में बेचकर अपने शोक पूरे करता था



एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि ट्रांस हिंडन जोन में लूटपाट व चैन स्नैचिंग की घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से थाना इंदिरापुरम पुलिस प्रतिदिन की तरह सघन चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान रात्रि को हिंडन पुल की तरफ से आते हुए एक मोटरसाइकिल सवार युवक संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया परंतु युवक नही रुका तथा मोटर साइकिल को तेजी से पीछे मोड़ते हुए भागने का प्रयास कर रहा था,तभी मोटर साइकिल फिसलकर गिर गई, जिसे पकड़ने का प्रयास किया गया तो युवक ने पुलिस पर फायर कर दिया । जिसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही की, जिससे नसीमुद्दीन उर्फ बड्डा निवासी ग्राम मीठेपुर थाना गुलावटी जनपद बुलंदशहर घायल हो गया। नसीमुद्दीन उर्फ बड्डा उपरोक्त के विरुद्ध दिल्ली एनसीआर/गाजियाबाद में की गई लूट/स्नैचिंग से संबंधित घटनाओं को कारित करना इकबाल किया गया। नसीमुद्दीन उर्फ बड्डा ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैं चोरी की मोटरसाइकिल से गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली में राह चलते महिलाओं/ व्यक्तियों से उनके चैन/मोबाईल फोन लूटने की घटना करता हूँ तथा लूट/झपटमारी से प्राप्त सामान को सस्ते दामों में बेचकर पैसे अपने शौक में खर्च कर लेता हूँ। आज जो धनराशि मुझसे प्राप्त हुई है ।

## कूटरचित इंश्योरेंस पॉलिसी बनाने वाले गैंग के दो सदस्य पकड़ाए

84 कूटरचित पॉलिसी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

साइबर क्राइम पुलिस ने कूटरचित इंश्योरेन्स पॉलिसी बनाने वाले गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 मोबाइल फोन एवं 84 कूट रचित थर्ड पार्टी इंश्योरेंस पॉलिसी बरामद हुई है । यह गिरोह थाना साइबर क्राइम यह गिरोह इंश्योरेंस कंपनियों की पॉलिसी बनाने वाले मोबाइल एप में छेड़छाड़ कर कूटरचित इंश्योरेंस पॉलिसी बनाकर साइबर अपराध करता है। आरोपियों में सरताज पुत्र व दीपक ठाकुर हैं। एडीसीपी पीयूष सिंह ने बताया कि इन्हें कूट रचित इंश्योरेंस पॉलिसी तथा मोबाइल फोन के साथ आर टी



ओ ऑफिस रोडवेज वर्क शॉप के सामने इंडस्ट्रियल एरिया थाना क्षेत्र कवि नगर से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पॉलिसी एजेन्ट द्वारा उनकी कंपनी के इंश्योरेंस एप में छेड़छाड़ कर वाणिज्यिक वाहनों, निजी कारों, माल वाहक वाहनों को दोपहिया वाहन दिखाकर फर्जी कूट रचित इन्श्योरेन्स पॉलिसी तैयार करने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आरटीओ ऑफिस में वाहन की एनओसी तथा वाणिज्यिक वाहनों, निजी कारों, माल वाहक वाहनों के स्वामी द्वारा वाहन के पुराने हो जाने पर इन वाहनों का थर्ड पार्टी इंश्योरेंस कराया जाता है । चार पहिया वाहनों का थर्ड पार्टी इंश्योरेंस पॉलिसी मंहगी होने के कारण ये अभियुक्त इंश्योरेंस पॉलिसी एप में छेड़छाड़ कर चार पहिया वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ दो पहिया वाहन की डिटेल भरकर कम मूल्य की थर्ड पार्टी इंश्योरेंस पॉलिसी बनाते थे। उसके बाद उस पालिसी को एडिट कर चार पहिया वाहन की डिटेल भरकर पालिसी धारक को वास्तविक अधिक मूल्य की कूटरचित पालिसी दे देते थे।

## पानी देने से मना करने पर की थी बेटे से मारपीट

# छह साल के बच्चे की हत्या करने का आरोपी पिता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-10 थाना पुलिस ने छह साल के बच्चे की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शराब के नशे में पानी देने से मना करने पर अपने बेटे से मारपीट की थी। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। दरअसल, बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी सुमन कुमार सिंह ग्रुरुग्राम के शक्ति नगर में परिवार सहित किराए पर रहता है। वह यहां दिहाड़ी मजदूरी करता है, जबकि उसकी पत्नी एक कंपनी में मजदूरी का काम करती है। बीती छह मई को सुमन कुमार को कोई काम नहीं मिला। जिसके बाद वह शराब पीकर घर आया और अपने छह साल के बेटे सत्यम से पानी मांगा। लेकिन सत्यम ने पानी नहीं दिया तो सुमन कुमार ने उसे थप्पड़ मार दिए। सत्यम ने थप्पड़ मारने की शिकायत अपनी मां से कहने की बात कही। जिसके बाद सुमन कुमार ने आपा खो दिया और सत्यम के साथ जमकर मारपीट की। जिसमें सत्यम कई बार दीवार से जाकर लगा और वह बेहोश हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक रैफर कर दिया गया।

## सम्मेलन का शुभारंभ एसजीटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हेमंत वर्मा ने किया

# राष्ट्र निर्माण व सतत विकास के लिए एआई पर अंतरराष्ट्रीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

राष्ट्र निर्माण में समग्र नवाचार की भूमिका पर एसजीटी यूनिवर्सिटी ने आई-शाइन-2025 एआई ग्लोबल समिट का आयोजन किया। दो दिवसीय वैश्विक सम्मेलन में विश्वभर के प्रतिष्ठित शोधकर्ता, नीति-निर्माता और उद्योग जगत के विशेषज्ञ शामिल हुए। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण और सतत विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका पर विचार करना था। सतत विकास के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना थीम के तहत सम्मेलन में भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा को एआई नवाचार से जोड़ने पर बल दिया गया। पहले दिन सम्मेलन का शुभारंभ एसजीटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हेमंत वर्मा ने किया।

### सम्मेलन में दूसरे दिन की शुरूआत प्रो.ग्लिकमैन के संबोधन से हुई



उन्होंने एआई की शक्ति को शिक्षा, नवाचार और समावेशी विकास के लिए एक परिवर्तनकारी उपकरण बताया। साथ ही उन्होंने नैतिक उपयोग और अंतर्विषयक सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। सम्मेलन में प्रो. मोहम्मद अफशर आलम, कुलपति, जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय मुख्य अतिथि रहे।

जबकि सुनील शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर सेल्स (भारत एवं सार्क), सोफोस गेस्ट आफ आनर के रूप में सम्मेलन में शामिल हुए। प्रमुख वक्ताओं में डॉ. हरि प्रसाद देवकोटा (कुमामोटो विश्वविद्यालय, जापान) ने वैश्विक स्वास्थ्य और विज्ञान संचार में एआई की उभरती भूमिका पर प्रकाश सी टेक विश्वविद्यालय, अमेरिका) ने अच्छा, बुरा और कुरूप – समाज पर एआई के प्रभाव पर व्याख्यान दिया। स्टेनोम के डायरेक्टर डॉ. श्रीनिवास के व्याख्यान का विषय था, जीनोमिक्स, बायोइन्फॉर्मेटिक्स और एआई का फसल अनुसंधान में एकीकरण। वहीं डॉ. विकास कन्नौजिया ने भारत के पहले एआई आधारित कृत्रिम हार्ट असिस्ट डिवाइस का विस्तार से परिचय दिया और इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया। सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत प्रो. कोरी ग्लिकमैन (इन्फोसिस, अमेरिका) के प्रेरणादायक संबोधन से हुई, जिन्होंने सस्टेनेबिलिटी में एआई की भूमिका पर प्रकाश डाला। इनके अतिरिक्त प्रमुख वक्ता डॉ. वकार एम. नकवी (एडी विवम एजुकेशन एंड रिसर्च, दोहा,कतर) ने हेल्थकेयर में एआई के एकीकरण और उसकी वैश्विक संभावनाओं पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

डॉ. खालिद रजा (जामिया मिलिया इस्लामिया), किशन श्रीवास्तव (एसडीएलसी कॉर्प, दुबई) और शिवम द्विवेदी (इंजीनियरिंग आर्किटेक्ट, कोड एंड थ्योरी, न्यूयॉर्क) ने विविध क्षेत्रों और इंडस्ट्रीज में एआई के बढ़ते विस्तात और महत्व पर सारगर्भित जानकारी दी। सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रखर वक्ता इंद्रेश कुमार रहे।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank **पंजीकृत कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (''आईसीआईसीआई बैंक'') से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा (''सुविधा'') के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 22 मई 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : आदमपुर | |
| 085962007187 | दया किशन |
| 085962007392 | महा बीर |
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093362005315 | अजय कुमार |
| शाखा का नाम : अटेली | |
| 451462000083 | श्रीमती निर्मला |
| शाखा का नाम : बालसमंद | |
| 661262601552 | राजेन्द्र राजेन्द्र |
| 661262602052 | गणेश कुमार |
| शाखा का नाम : बराड़ा, हरियाणा | |
| 359562002664 | कृष्ण कुमार |
| शाखा का नाम : बरवाला – मेन मार्केट | |
| 396762001151 | बाबू राम |
| शाखा का नाम : भिवानी | |
| 072962003664 | अनिल सिंह |
| शाखा का नाम : भुना | |
| 383262002136 | विष्णु कुमार |
| शाखा का नाम : चीका | |
| 086062005791 | मनप्रीत सिंह |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद | |
| 661362602929 | पी रविशंकर |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – चॉर्मवुड | |
| 184262001689 | दयांते देवी |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-35 | |
| 085762002860 | अर्चना दुबे |
| 085762003177 | विक्की विक्की |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर-16 | |
| 008362017371 | कुसुम लता |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर-29 | |
| 140062003222 | संजय |
| शाखा का नाम : फतेहाबाद | |
| 093262005103 | धरम पाल |
| 093262005181 | पवन पवन |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेंट्रल आर्केड | |
| 661462602440 | अश्वनी कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – आईएमटी मानेसर | |
| 035862002883 | सागर बालकृष्ण निकम |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : गुड़गांव मिलेनियम प्लाजा | |
| 739362000339 | रमन रूस्तगी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – बादशाहपुर | |
| 085862002471 | अभिषेक त्यागी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – डीएलएफ | |
| 017762014772 | नीलम प्रभात वर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव-सेक्टर-10ए | |
| 114662002750 | आकांशा भण्डारी |
| शाखा का नाम : हेली मण्डी | |
| 282662000955 | सचिन कुमार |
| शाखा का नाम : हांसी | |
| 184462004105 | अमित कुमार |
| शाखा का नाम : हरियाणा – रेवाड़ी | |
| 062662002846 | बीरू सिंह |
| शाखा का नाम : हिसार – सेक्टर-14 | |
| 337762001351 | कुलदीप सिंह |
| शाखा का नाम : हिसार | |
| 017262007506 | राजबीर राजबीर |
| शाखा का नाम : इस्माईलाबाद हरियाणा | |
| 358862001771 | अंजु बाला |
| शाखा का नाम : जाखल, हरियाणा | |
| 356562002017 | जीतो जीतो |
| शाखा का नाम : झज्जर | |
| 140262001644 | पर्मवीर पर्मवीर |
| 140262002876 | ललिता देवी |
| शाखा का नाम : जीन्द | |
| 050362002463 | परवीन कुमार |
| 050362004143 | सुनील कुमार मेहरा |
| 050362004146 | दलबीर सिंह |
| शाखा का नाम : जीन्द– अनाज मण्डी | |
| 451362000126 | सुषमा सुषमा |
| शाखा का नाम : काखोरी | |
| 456162000130 | अवतार सिंह |
| शाखा का नाम : कालांवाली, हरियाणा | |
| 359862001534 | चरण सिंह |
| शाखा का नाम : कलायत | |
| 378862001638 | तरणप्रीत सिंह |
| शाखा का नाम : करनाल – कुंजपुरा रोड | |
| 247962001500 | नीरज कुमार |
| शाखा का नाम : महम | |
| 382562001413 | ललिता ललिता |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़ | |
| 219562002308 | मीना देवी |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862002371 | अमरजीत कौर |
| शाखा का नाम : नारनौल | |
| 159062001108 | चेतन प्रकाश |
| 159062003507 | श्री घनश्याम |
| शाखा का नाम : नरवाना, हरियाणा | |
| 358962001011 | अनूप अनूप |
| शाखा का नाम : पलवल | |
| 073462003342 | हरिमोहन हरिमोहन |
| 073462003831 | गौतम गौतम |
| शाखा का नाम : पलवल-जी.टी. रोड | |
| 427462001005 | कमलेश कमलेश |
| 427462001006 | अंजलि अंजलि |
| शाखा का नाम : रोहतक – बाबा मस्तनाथ यूनि. | |
| 527662000049 | विवेक कुमार |
| 527662000051 | सुधीर सुधीर |
| शाखा का नाम : शाहबाद | |
| 073162004647 | मनदीप सिंह |
| शाखा का नाम : सोनीपत | |
| 030262003675 | संजय |
| शाखा का नाम : टोहाना | |
| 282862002681 | लखबीर सिंह संधु |
| 282862003001 | विक्रम सिंह |
| 282862003036 | गुरमीत सिंह |
| 282862003612 | गुरमीत सिंह |
| शाखा का नाम : यमुनानगर | |
| 024762005378 | पायल देवी |
| शाखा का नाम : अलवर बालभारती सीनि. सैके. | |
| 673762600788 | सुखपाल चौहान |
| शाखा का नाम : बेंगलोर – अनंतनागरा | |
| 748762000638 | कपिल कपिल |
| शाखा का नाम : दिल्ली – मियांवाली नगर | |
| 561162000009 | कामना जैन |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – जसौला विहार | |
| 113462003351 | के एस किरणकुमार |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – पटेल नगर | |
| 033262006720 | विकाश विकाश |

दिनांक : 12.05.2025
स्थान : गुरुग्राम, हिसार, जीन्द, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, कैथल, अम्बाला, फरीदाबाद, भिवानी, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, झज्जर, पलवल, महेन्द्रगढ़, यमुनानगर, रेवाड़ी, पानीपत, चरखी दादरी, फतेहाबाद

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## खबर संक्षेप

### यूपी में 11 आईपीएस अफसरों के तबादले



लखनऊ। यूपी में एक बार फिर योगी सरकार ने अफसरों के तबादले कर दिए हैं। इस बार 11 अफसरों के ट्रांसफर हुए हैं। प्रयागराज के नए पुलिस आयुक्त जोगेंदर कुमार को बनाया गया है। वहीं पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र की जिम्मेदारी तरुण गाबा को मिली है। आशुतोष कुमार को पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय लखनऊ से हटाकर अपर पुलिस आयुक्त कानपुर बनाया गया है।

### पकड़ा गया भड़काऊ पोस्ट करने वाला फरहान

रांची। भारत व पाकिस्तान के बीच जारी टेंशन के दौरान झारखंड के रांची में एक शख्स की ओर से सोशल मीडिया हैंडल से आतंकवागद समर्थित तस्वीरें पोस्ट की गई हैं। शख्स ने इंस्टाग्राम पर 'गजवा-ए-हिंद'का नारा,भारतीय सेना का अपमान, वह झंडा साझा किया है,जो आईएसआईएस, तालिबान,अल-कायदा जैसे अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों की पहचान है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले-

# आतंकवाद कुत्ते की पूंछ, आतंकी जिस भाषा में समझेंगे उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवाद को उसी की भाषा में जवाब देना होगा। इस समस्या का तब तक समाधान नहीं हो सकता जब तक आतंकवाद को पूरी तरह कुचल नहीं देते।**

सीएम योगी ने एक बार फिर पाकिस्तान और उसके द्वारा संरक्षित आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया है। यूपी डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि आतंकवाद कुत्ते की पूंछ है जो कभी सीधी होने वाली नहीं, जो प्यार की भाषा मानने वाला नहीं। उसको उसी की भाषा में जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। इस दिशा में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया को एक संदेश दे दिया है। अब समय आ गया है जब आतंकवाद को कुचलने के लिए हम सबको एक स्वर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस अभियान से जुड़ना होगा। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी वर्चुअली उपस्थित रहे और उन्होंने व सीएम योगी ने एक साथ बटन दबाकर ब्रह्मोस यूनिट का शुभारंभ किया।

इस दौरान रक्षा उत्पादन से जुड़ी पुस्तक 'ब्रह्मांड'का भी विमोचन किया गया। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए।




### ऑपरेशन सिंदूर में दिखा ब्रह्मोस का पराक्रम

मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत की तीनों रक्षा सेनाओं के बहादुर जवानों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का अभिनंदन करते हुए प्रदेशवासियों की ओर से बधाई दी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल क्या है, इसके पराक्रम को आपने ऑपरेशन सिंदूर में देखा होगा और नहीं देखा तो कम से कम पाकिस्तान वालों से पूछ लेना चाहिए कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत क्या है। आतंकवाद के प्रति प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की है कि कोई भी आतंकी घटना अब युद्ध जैसी होगी और याद रखना आतंकवाद को जब तक हम पूरी तरह कुचलेंगे नहीं तब तक समस्या का समाधान होगा भी नहीं।

### अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर रहा है यूपी

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में भारत के सामने जो लक्ष्य रखा, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर और ब्रह्मोस मिसाइल उसी अभियान का हिस्सा है। वीडीएल झांसी में आ रहा है। 2018 में प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय बजट में दो डिफेंस कॉरिडोर की घोषणा की थी, लेकिन यह कहां बनेगी इसकी घोषणा प्रधानमंत्री मोदी ने इसी लखनऊ में की थी।

### डिफेंस कंपनियों से जुड़ रहे स्थानीय युवा

यहां 6 डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में हमें 50,000 करोड़ के निवेश कराने हैं, एक लाख युवाओं को रोजगार देना है। अब तक डिफेंस एक्सपो के साथ ही देश और दुनिया के अलग-अलग भागों से 57 एमओयू हो चुके हैं जिनके माध्यम से करीब 30 हजार करोड़ के निवेश सिर्फ डिफेंस सेक्टर से ही होने जा रहे है।

### कई सौ गुना बढ़ा रक्षा उत्पादन और निर्यात

डिफेंस कॉरिडोर के जो 6 नोड विकसित हो रहे हैं। पहले कानपुर में रक्षा सेनाओं के लिए गोला बारुद के उत्पादन केंद्र का शुभारंभ किया था। अब विस्तार के लिए भूमि की मांग हो रही है। लखनऊ में ब्रह्मोस को 200 एकड़ भूमि दी गई तो पीटीसी आया है। पीटीसी ने न केवल ब्रह्मोस के लिए बल्कि एयरोस्पेस से जुड़े अनेक कार्यों के लिए एंकर यूनिट के रूप में उत्पादन कार्य प्रारंभ किया है।

### तमिलनाडु ले जाने की थी तैयारी

# डेहरी रेलवे स्टेशन पर 12 किशोरियों के साथ पकड़ाया मानव तस्कर

▶ झारखंड के पलामू जिले की रहने वाली हैं किशोरियां




एजेंसी ▶▶ डेहरी आन-सोन

बिहार के स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर से आरपीएफ ने रविवार को 12 किशोरियों के साथ एक मानव तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर कपड़ा कारखाना में काम दिलाने के नाम पर लड़कियों को तमिलनाडु ले जा रहा था। आरोपित निरंजन कुमार पटना जिले के मसौढ़ी थानांतर्गत मातौड़ी गांव का निवासी है। आरपीएफ निरीक्षक राम विलास राम के अनुसार प्लेटफॉर्म पर गश्ती के क्रम में आरपीएफ जवानों ने झुंड में किशोरियां को संदिग्ध हालत में देख उनसे पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान किशोरियों ने बताया कि वे झारखंड राज्य के पलामू जिला अंतर्गत पाकी, सतबरवा, पाटन समेत छह थाना क्षेत्र के अलग-अलग गावों की रहने वाली हैं।

### मजदूरी का झांसा देकर ले जा रहे थे

सभी ने बताया कि गिरफ्तार मानव तस्कर द्वारा धागा कारखाना में 375 रुपए प्रतिदिन की दैनिक मजदूरी पर कार्य करने के लिए कहकर तमिलनाडु जाया जा रहा है। पकड़ी गई सभी किशोरियों के आधार कार्ड की जांच में उनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक दर्शाई गई है, किंतु स्वजनों को सूचित कर पड़ताल करने के क्रम में शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र देखे जाने पर कोई सातवीं तो कोई आठवीं एवं मैट्रिक कक्षा की छात्रा निकली।

फर्जी आधार कार्ड बनवाकर सभी को युवती दिखा कर मजदूरी करने ले जाया जा रहा था। पकड़ी गई सभी किशोरियों को चाइल्ड हेल्पलाइन के कार्यकर्ताओं को सूचित कर उन्हें सुरक्षित उनके साथ चाइल्ड हेल्प लाइन भेजा गया, ताकि वे सुरक्षित अपने परिवारजन तक पहुंच सकें।

## पेज एक का शेष

### एलओसी पर हमने पाक...

सख्त कार्रवाई की, जिसमें पाकिस्तानी सेना के 35 से 40 सैनिक और अफसर मारे गए। बॉर्डर और एलओसी पर हुई पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में हमारे 5 जवान शहीद हुए हैं। डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि उन 9 आतंकी ठिकानों पर किए गए हमलों में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए, जिनमें यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदासिर अहमद जैसे लक्ष्य शामिल थे, जो आईसी 814 के हाईजैक और पुलवामा ब्लास्ट में शामिल थे। इसके तुरंत बाद पाकिस्तान द्वारा नियंत्रण रेखा का भी उल्लंघन किया गया और हमारे दुश्मन की अनिश्चित और घबराई हुई प्रतिक्रिया, दुर्भाग्यवश बड़ी संख्या में नागरिकों, बसे हुए गांवों और गुरुद्वारों जैसे धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की जान चली गई। भारतीय वायुसेना ने इन हमलों में अहम भूमिका निभाई और इनमें से कुछ शिविरों पर हमला किया तथा भारतीय नौसेना ने सटीक हथियारों के मामले में साधन उपलब्ध कराए।

### हमने वहां हमला किया....

हमने उनके एयरबेस कमांड सिस्टम, मिलिट्री एयरबेस को हमला किया। चकलाला, रफीकी, रहरयार खान में हमला किया। हमने उन्हें कहा कि आक्रामकता को माफ नहीं किया जाएगा। हमारे पास उनके हर बेस पर हर सिस्टम को निशाना बनाने की क्षमता है।

### पाकिस्तानी डीजीएमओ ने...

पर किए गए हमले का जवाब हमने दिया है। एयरमार्शल भारती ने बताया कि हमारी लड़ाई पाकिस्तानी मिलिट्री या किसी और से नहीं है। हमारी लड़ाई आतंकवादियों से है, जिन्हें हमने निशाना बनाया। लेकिन उन्होंने ड्रोन, यूएवी से हमला किया। हमारे पास जवाब देने के अलावा कोई रास्ता नहीं था। हम यह करने की क्षमता रखते हैं। हमने पहलगाम अटैक के बाद अरब सागर में कई ड्रिल की, हथियारों की चेकिंग की। हम अपनी तैयारी को परख रहे थे। नेवी ने पाकिस्तानी नेवी को लगातार मॉनिटर किया। हम उनकी हर लोकेशन और मूवमेंट से वाकिफ थे।

### वे लड़ाई चाहते थे ...

किया। हमने टेररिस्ट और टेररिस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर को टारगेट किया। पाकिस्तानी मिलिट्री और किसी और इन्फ्रास्ट्रक्चर को टारगेट नहीं किया।

### केवल आतंकवादियों को ...

है। पिछले कई वर्षों में यहां अजमल कसाब और डेविड हेडली जैसे कुख्यात लोगों को ट्रेनिंग मिली है। अधिकारयों ने तस्वीरों के साथ विस्तार से बताया कि स्ट्राइक से पहले के हालात कैसे थे और सेना की कार्रवाई के बाद का मंजर कैसा है। उन्होंने बताया कि भारत की जवाबी कार्रवाई के डर से कुछ आतंकी ठिकाने खाली हो गए। ऑपरेशन सिंदूर के लिए सोच-विचार कर नौ आतंकी शिविरों को हमले के लिए चुना गया। 21 ठिकाने फिल्टर किए गए थे।

### बाड़मेर-बीकानेर समेत...

**बाजार खुले, स्थिति सामान्य नजर आई:** राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर में रविवार सुबह बाजार खुल गए। यहां पर सामान्य दिनों की तरह चहल-पहल नजर आई। बाड़मेर जिले के भूरटिया गांव में रविवार अलसुबह 4 बजकर 27 मिनट पर लोगों की नींद धमाके से खुली। अचानक आसमान से संदिग्ध वस्तु गिरी। मौके पर बड़ी संख्या में गांव वाले जुट गए। सूचना पर मौके पर पहुंची सेना और पुलिस ने संदिग्ध वस्तु को कब्जे में लिया।

### 'मेक इन लखनऊ'...

सुविधा उत्तर प्रदेश को रक्षा विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने में मदद करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल की शक्ति का अंदाजा पाकिस्तान से पूछा जा सकता है, विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में, जहां इस मिसाइल का उपयोग किया गया। उन्होंने इसे भारत की रक्षा क्षमताओं में एक मील का पत्थर बताया। उद्घाटन के दौरान, राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ दोनों ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया, जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर ब्रह्मोस मिसाइलों का उपयोग किया था। सिंह ने कहा कि इस ऑपरेशन का प्रभाव पाकिस्तान के रावलपिंडी में सेना मुख्यालय तक महसूस किया गया।

**उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर:**

8यह कॉरिडोर 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित किया गया था और इसमें छह नोड्स शामिल हैं, लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, आगरा, झांसी और चित्रकूट।

-उत्तर प्रदेश तमिलनाडु के बाद दूसरा राज्य है जिसने रक्षा औद्योगिक कॉरिडोर स्थापित किया है।

-लखनऊ में ही पीटीसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा टाइटेनियम और सुपर अलॉय सामग्री संयंत्र शुरू किए जा रहे हैं, और सात अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिला रखी जा रही है।

-इस कॉरिडोर ने अब तक 1,500 नौकरियां सृजित की हैं और विमान निर्माण, ड्रोन, गोला-बारूद, छोटे हथियार, और कपड़ा जैसे क्षेत्रों में बड़े निवेश आकर्षित किए हैं।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427 ; ई-मेल: crpd@sbi.co.in
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

मंडल आधारित अधिकारियों की भर्ती

भारतीय स्टेट बैंक में नियमित आधार पर मंडल आधारित अधिकारियों के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.


रिक्तियों की संख्या : 2964
(बैकलॉग रिक्ति सहित)

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, आदि), आवश्यक शुल्क, ऑनलाइन आवेदन करने एवं ऑनलाइन शुल्क भुगतान के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers पर विज्ञापन क्र. CRPD/CBO/2025-26/03 के अंतर्गत लिंक उपलब्ध हैं. अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे विस्तृत विज्ञापन देखें और आवेदन करने एवं शुल्क भुगतान करने से पहले अपने पात्रता मानदंडों और अन्य विवरणों को सुनिश्चित कर लें.

- ऑनलाइन आवेदन दाखिल करने और शुल्क भुगतान की तिथि: 09.05.2025 से 29.05.2025 तक.

अन्य पूछताछ के लिए कृपया "CONTACT US" →"Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers पर उपलब्ध है.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 09.05.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)





# ‘एसएसएमबी 29’ में नजर आएंगे महेश बाबू

**मुंबई।** महेश बाबू एसएस राजामौली की अगली बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘एसएसएमबी 29’ में नजर आएंगे। मौजूदा वक्त में फिल्म की शूटिंग चल रही है।

हाल ही में फिल्म की शूटिंग हैदराबाद और ओडिशा में हुई थी। अब अगला मेन शेड्यूल हैदराबाद और एक अन्य लोकेशन पर होना तय है। हालांकि, अभी इस लोकेशन की जानकारी सामने नहीं आई है। ‘एसएसएमबी 29’ में पहली बार महेश बाबू एसएस राजामौली के साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म में महेश बाबू के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन और प्रियंका चोपड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

## लाइफ Style

# अदा


## बॉलीवुड से लेकर साउथ तक कमाया नाम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं जो कई कलाओं में माहिर हैं। अदा शर्मा का नाम भी उन्हीं अभिनेत्रियों में आता है। उन्होंने न सिर्फ हिंदी सिनेमा में अपनी अदाकारी से लोगों का मन मोह लिया है, बल्कि उन्होंने साउथ सिनेमा में भी अपनी अदाकारी से छाप छोड़ी है। वह कई तरह की डांस में माहिर हैं।

अदा मार्शल आर्ट भी जानती हैं। कई मौकों पर वह अपनी कला का प्रदर्शन भी करती हैं। अदा शर्मा का जन्म सपनों के शहर मुंबई में 11 मई 1992 को हुआ था। शर्मा का कोई भी फिल्मी बैकग्राउंड नहीं है इसके बावजूद उन्होंने फिल्मी दुनिया में नाम कमाया है। अदा शर्मा के पिता एस एल शर्मा तमिलनाडु से थे। वह भारतीय नैवी में थे। उनकी मां केरल से हैं और क्लासिकल डांसर हैं। कह सकते हैं कि अदा शर्मा की मां डांसर थीं इसलिए अदा का रुझान फिल्मी दुनिया की तरफ हुआ। अदा शर्मा ने अपनी पहली ही फिल्म में कमाल कर दिया था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद अदा शर्मा ने साल 2008 में फिल्म ‘1920’ से बॉलीवुड में कदम रखा।

इस हॉरर फिल्म की खूब तारीफ हुई। फिल्म में बेहतरीन काम करने के लिए अदा शर्मा को सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड में नामांकित किया गया। इसके बाद अदा ने 2014 में फिल्म ‘हंसी तो फंसी’ में अदाकारी की। इसी साल अदा ने तेलुगु फिल्म ‘हार्ट अटैक’ में बेहतरीन काम किया। साल 2023 में ‘द केरल स्टोरी’ में उन्होंने मुख्य किरदार निभाया। अदा शर्मा ने अपने करियर में कई फिल्में की हैं लेकिन उन्हें सबसे ज्यादा तारीफ पहली फिल्म ‘1920’ के लिए मिल चुकी है।




## हॉलीवुड मसाला



# गॉडजिला का बन रहा सीक्वल

**लॉस एंजिल्स।** बीते साल 2024 में गॉडजिला और कौंग की भीषण लड़ाई ने सिनेमाघरों में खूब धूम मचाई थी। मॉन्स्टरवर्स की यह छठी फिलम थी और इसने वर्ल्डवाइड 4566.06 करोड़ रुपए का कारोबार किया। यह फिल्म भारत में भी सुपरहिट साबित हुई और 112.54 करोड़ का नेट कलेक्शन किया था। अब मेकर्स ने फ्रेंचाइज की अगली फिल्म की ना सिर्फ घोषणा की है, बल्कि फिल्म के टाइटल ‘गॉडजिला और कौंग: सुपरनोवा’ के साथ ही 43 सेकेंड का एक टीजर वीडियो भी शेयर कर दिया है।



# क्लो हुईं शाहरुख के नेकलेस की दीवानी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन टीवी एक्ट्रेस क्लो कार्दशियन ने अपने स्नैपचैट स्टोरी में शाहरुख खान की कुछ तस्वीरें शेयर कर उनकी तारीफ की हैं। उन्होंने किंग खान के बारे में लिखा, ‘और निश्चित रूप से मैं ‘**K**’ नेकलेस की फैन हूं।’ इसके आगे उन्होंने बताया, ‘वह शानदार लग रहे थे, और यह देखना बहुत अच्छा है कि कैसे प्रतिभाशाली डिजाइनर दुनिया भर से अपनी संस्कृति और फैशन के तत्वों को इवेंट की थीम के साथ शामिल करते हैं।’आगे क्लो कार्दशियन ने बताया, ‘भारतीय डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी द्वारा तैयार किए गए उनके लुक में भारतीय मेन्सवियर के डिजाइन तत्व शामिल किए गए हैं।’ इसके अलावा उन्होंने कहा, ‘मुझे किंग खान को मेट गाला में देखकर बहुत अच्छा लगा।



# फर्जी अकाउंट का शिकार हुईं कपिला...

**मुंबई।** अभिनेत्री और डिजिटल इंफ्लुएंसर एक बार फिर चर्चा का हिस्सा बन गईं जब उनके नाम से एक फर्जी फेसबुक अकाउंट बन गया। इस फर्जी अकाउंट के जरिए लोगों से पैसे मांगे जा रहे हैं। अब अभिनेत्री ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सभी फैंस को इस फ्रॉड से बचने की अपील की है। हम बात कर रहे हैं एक्ट्रेस कुशा कपिला की, जिन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बताया कि एक फेसबुक पेज उनके नाम और तस्वीर का इस्तेमाल कर रहा है, लेकिन वह उस अकाउंट से जुड़ी नहीं हैं। उन्होंने साफ किया कि उस अकाउंट पर जो भी आपत्तिजनक संदेश भेजे जा रहे हैं या पैसों की मांग की जा रही है, उसका उनसे कोई लेना-देना नहीं है। कुशा के इस फर्जी अकाउंट के बायो में लिखा हुआ है, ‘छोटा और बेवकूफ’ जिसे पढ़ने के बाद फैंस भी काफी दंग हैं।




# इंग्लिश में भी बनेगी ऑपरेशन सिंदूर

**मुंबई।** बॉलीवुड में कई फिल्ममेकर्स हैं जो इस वक्त ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाना चाहते हैं। इस टाइटल को कई निर्माता ट्रेडमार्क करने की सोच रहे हैं। इसी बीच एक प्रोडक्शन कंपनी ने दावा किया है उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर टाइटल का ट्रेडमार्क करवा लिया है। साथ इन लोगों ने फिल्म ‘ऑपरेशन सिंदूर’ का एक पोस्टर भी जारी किया। इसी बात को लेकर ये मेकर्स ट्रोल्स भी हुए थे, इन्होंने माफी भी मांगी थी। अब फिल्म से जुड़ा नया अपडेट सामने आया है। निक्की विक्की भगनानी फिल्म्स और द कंटेंट इंजीनियर नाम के एक प्रोडक्शन हाउस ने दावा किया है कि उनके पास कानूनी तौर पर ऑपरेशन सिंदूर का टाइटल है। इसके बाद ही उन्होंने फिल्म का पोस्टर भी जारी किया है। इस फिल्म की कास्टिंग अभी नहीं हुई लेकिन जल्द ही इसके बारे में भी जानकारी प्रोडक्शन हाउस देगा।

## टीवी मसाला





# केवल चार महीने के लिए ही था मेरा किरदार...

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेता मनीष गोयल पिछले कुछ वक्त से टीवी के मशहूर धारावाहिक ‘अनुपमा’ को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। ऐसी खबरें चल रही हैं कि सीरियल की मुख्य अभिनेत्री रूपाली गांगुली से मतभेदों के चलते मनीष ने अनुपना शो को छोड़ दिया है। अब चर्चाओं पर अभिनेता मनीष गोयल ने चुप्पी तोड़ते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पूरे मामले में क्या सच्चाई है ये बताया है। अभिनेता ने कहा, अनुपमा में राघव के रूप में उनकी भूमिका कभी भी स्थायी नहीं थी और शुरू से ही यह कुछ दिनों के लिए ही बनाई गई थी। मेरा किरदार केवल चार महीने तक चलने वाला था। उसमें से मैंने पहले ही तीन महीने पूरे कर लिए हैं। मनीष ने रोल को लेकर विवाद और शो छोड़ने की अफवाहों को खारिज किया। उन्होंने कहा, जब किसी अभिनेता का कैमियो बढ़ाया जाता है, तो यह उनके लिए बहुत अच्छा काम करता है और यदि ऐसा नहीं होता है, तो भी ठीक है। क्योंकि इसके बारे में आपको पहले से ही बताया जा चुका होता है। मनीष के इस स्पष्टीकरण के बाद यह साफ है कि शो में अचानक कोई बदलाव या विवाद नहीं हुआ है। न ही उनके किरदार को किसी विवाद के चलते हटाया गया। यह पहले से ही निर्धारित था। जिसके कारण उनके चरित्र को समाप्त कर दिया गया। रूपाली गांगुली के साथ झगड़े की अफवाहों को खारिज करते हुए मनीष ने कहा, रूपाली और मेरी पहचान आज की नहीं है। मैं उन्हें तब से जानता हूं जब मैं मुंबई आया था।

## पापा कहते थे ‘वेश्या’, बॉयफ्रेंड ने दिया था प्यार में धोखा

**नई दिल्ली।** शाइनी दोशी ने कई टीवी सीरियल में काम किया है। साल 2012 में वह मुंबई आई थीं और उन्हें पहला शो संजय लीला भंसाली का ‘सरस्वतीचंद्र’ मिला था। हालांकि, उनको एक्टिंग नहीं आती थी। क्योंकि उन्होंने सीखा ही नहीं था। उन्होंने सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में बताया कि वह एक्टिंग में किन्हीं कारणों से आई थीं। और, वह वजह ये थी कि उनके पापा ने उन्हें छोड़ दिया था। और एक्ट्रेस को अपनी स्कूल-कॉलेज की फीस खुद ही भरनी थी। कोई सम्भालने वाला नहीं था। उन्होंने ये भी बताया कि उनके पापा उन्हें ‘वेश्या’ कहते थे। उनके एक्स बॉयफ्रेंड ने भी उनको कई बार धोखा दिया था। शाइनी ने बताया कि उन्होंने कई ऑडिशन्स दिए थे और फिर उनको जाकर अपना पहला शो मिला था। उन्होंने बताया कि जब उनके मम्मी-पापा अलग हुए तो पापा के साइड की फैमिली ने उनसे रिश्ते तोड़ दिए थे।



# किसी पागल औरत के लिए वो कभी नहीं छोड़ेंगे : सुनीता



**मुंबई।** किसी पागल औरत के लिए वो कभी नहीं छोड़ेंगे, क्योंकि हम एक दूसरे के बिना बिल्कुल नहीं रह सकते। मुझे पूरा यकीन है कि भगवान मेरे घर को टूटने नहीं देंगे। यह कहना है बॉलीवुड एक्टर गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा का, जिन्होंने तलाक की अफवाहों का अब सच बताया है। सुनीता ने डिवोर्स की खबरों पर अब खुद सामने आकर विराम लगा दिया है। एक इंटरव्यू में सुनीता ने अपनी जिंदगी से जुड़े कई पहलुओं के बारे में बताया। इस दौरान जब उनसे पिछले काफी समय से उड़ रहीं तलाक की अफवाहों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बेबाकी से अपनी बात रखी और साफ शब्दों में कहा कि उनके और गोविंदा के बीच ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा, ‘अगर कभी ऐसा कुछ होता भी है, तो सबसे पहले मैं या गोविंदा खुद मीडिया को बताएंगे। मुझे समझ नहीं आता कि लोग बिना पुष्टि किए अफवाहों पर विश्वास क्यों कर लेते हैं।’आगे बात करते हुए सुनीता ने कहा, ‘मैं और गोविंदा एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते। गोविंदा कभी भी अपने परिवार को छोड़ने का फैसला नहीं कर सकते और न ही वो किसी ‘पागल औरत’ के लिए ऐसा करेंगे।’उनका यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस की अलग-अलग प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

# *निरूपा रॉय से लेकर इन अभिनेत्रियों तक ने निभाए सबसे ज्यादा मां के रोल, बड़े पर्दे पर दिखाई ममता*

***नई दिल्ली।** ‘तू कितनी अच्छी है, तू कितनी भोली है, प्यारी-प्यारी है, ओ मां, ओ मां’ मां को समर्पित ‘राजा और रंक’ फिल्म का ये गीत बॉलीवुड के यादगारों गीतों में से एक है। आज मदर्स डे के मौके पर ये गीत आपको कई लोगों के व्हाट्सएप स्टेटस और इंस्टाग्राम स्टोरी में सुनने को मिल जाएगा। हर किसी के जीवन में मां का किरदार सबसे अहम होता है। बॉलीवुड में भी कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने पर्दे पर मां के किरदार को जीवंत किया है। कुछ अभिनेत्रियों ने तो एक नहीं बल्की कई फिल्मों में मां की भूमिका निभाई है।*



***निरूपा रॉय** :* ‘मेरे पास मां है’, अमिताभ बच्चन-शशि कपूर की ‘दीवार’फिल्म का ये डायलॉग जिस मां के लिए बोला गया है वो कोई और नहीं बल्कि अभिनेत्री निरूपा रॉय हैं। हिंदी फिल्मों में मां पर बात हो और निरूपा रॉय का जिक्र न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। निरूपा रॉय ने दीवार, दो बीघा जमीन, अमर-अकबर-एंथोनी, सुहाग, मुकद्दर का सिकंदर और मर्द जैसी कई यादगार फिल्मों में मां का किरदार निभाया है। निरूपा रॉय ने अपने करियर में अमिताभ बच्चन और शशि कपूर से लेकर धर्मेंद्र और देवानंद सरीखे कई स्टार्स की मां का किरदार निभाया है। ऐसा कहा जाता है कि निरूपा रॉय ने अपने करियर में लगभग 200 फिल्मों में मां की भूमिका निभाई है। इसीलिए उन्हें बॉलीवुड की मां कहा जाता है।



**दुर्गा खोटे** : बॉलीवुड की ऐतिहासिक फिल्म ‘मुगल ए आजम’ में दिलीप कुमार के किरदार सलीम की मां का रोल तो आपको याद ही होगा। इस किरदार को निभाया था अभिनेत्री दुर्गा खोटे ने। अपने लगभग पांच दशक लंबे करियर में दुर्गा खोटे ने अधिकतर फिल्मों में मां का किरदार निभाया है। वो दिलीप कुमार से लेकर अमिताभ बच्चन और ऋषि कपूर तक की मां की भूमिका में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने नमक हराम, गोपी, इंसानियत, कर्ज, दौलत के दुश्मन और मुगल-ए-आजम जैसी फिल्मों में मां का किरदार निभाया है।



**ललिता पवार** : मां के कई रूप होते हैं। कभी वो ममता से भरी होती है, तो कभी उसमें एक सख्ती देखने को मिलती। ललिता पवार बॉलीवुड में दूसरे किस्म की मां के रूप में अधिक मशहूर हुईं। अपने सात दशक लंबे करियर में तकरीबन 700 से अधिक फिल्मों में काम करने के बाद ललिता पवार को प्रसिद्धि क्रूर सास और मां के किरदारों से ही मिली। उन्होंने ‘ अनारकल , परवरिश, अनाड़ी, जिस देश में गंगा बहती है और दुश्मन जैसी कई फिल्मों में मां का यादगार किरदार निभाया है।



**दीना पाठक** : दीना पाठक ने बॉलीवुड में कई यादगार मां के किरदार निभाए हैं। उन्हें बॉलीवुड में मां और मौसी के किरदारों के लिए जाना जाता है। अपने करियर में 120 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली दीना पाठक ने गोलमा, खूबसूरत, भवानी भवई, मिर्च मसाला, तमस, इजाजत, बॉलीवुड/हॉलीवुड और पिंजर जैसी कई फिल्मों में मां की यादगार भूमिका निभाई है।

## कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी मां को किया याद

# अनिल- सनी देओल समेत इन सेलेब्स ने किया मां को याद

*मुंबई। रविवार को मदर्स डे के खास मौके पर करीना कपूर, अनिल कपूर से लेकर सनी देओल तक कई सेलेब्स सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी मां को याद किया या उनके प्रति अपना प्यार जताए। करीना कपूर और दीया मिर्जा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मदर्स डे के मौके पर प्यारी सी पोस्ट साझा की है। अपनी पोस्ट के जरिए वह मां होने के अहसास और ताकत के बारे में बता रही हैं। करीना और दीया के अलावा अंकिता लोखंडे ने भी मदर्स डे पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह मां के साथ गुजारे प्यारे पलों को शेयर कर रही हैं। इनके अलावा कई और एक्टर्स भी मदर्स डे पर सोशल मीडिया पर पोस्ट की है।*

### करीना ने मां की ताकत के बारे में बताया

करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें मां की स्ट्रेंथ क्या होती है, इस बारे में लिखा है। करीना की पोस्ट में लिखा है कि एक मां हर दर्द को सहन करते हुए, बिना ब्रेक लिए अपने बच्चे की परवरिश करती है। वह ऐसा इसलिए कर पाती है क्योंकि उसका प्यार अपने बच्चे के लिए सच्चा होता है।

### दीया ने नेचर से जोड़कर कही अपनी फीलिंग्स

दीया मिर्जा ने भी एक पोस्ट मदर्स डे पर किया है। इस पोस्ट में मदर्स डे विश किया गया है। मदर नेचर से जोड़कर दीया ने यह पोस्ट साझा की है। मदर नेचर कैसे हमने और हम उससे जुड़े रहते हैं, यही इस पोस्ट में लिखा है।



**अल्लू अर्जुन** : अभिनेता अल्लू अर्जुन ने भी मां के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही अपनी पत्नी और मां की साथ में कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इसके अलावा सभी मांओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दी हैं।

### आपका प्यार मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है

सनी देओल ने अपनी मां प्रकाश कौर को मदर्स डे पर शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने मां के साथ कई तस्वीरों की एक स्लाइड शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी लिखा, जो अब सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बन चुका है। सनी देओल ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी मां प्रकाश के साथ कई तस्वीरों की एक मूविंग स्लाइड शेयर की है। इन बेहतरीन और शानदार तस्वीरों की स्लाइड के साथ सनी ने कैप्शन में लिखा, ‘उस महिला के लिए जिसने मुझे बिना कुछ मांगे सब कुछ दिया - आपका प्यार मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है। मदर्स डे की शुभकामनाएं, मां।’ सनी की इस पोस्ट पर गदर अभिनेत्री अमीषा पटेल ने कमेंट में दिल वाले इमोजी बनाए हैं।



### अनिल और बोनी कपूर ने मां को किया याद

हाल ही में बोनी और अनिल कपूर की मां निर्मला कपूर का निधन हुआ है। दोनों ही भाइयों ने मदर्स डे पर पोस्ट की और अपनी मां को याद किया। बोनी लिखते हैं, ‘आपको अलविदा कहना सबसे मुश्किल था।’



**रकुल प्रीत** : रकुल प्रीत ने भी अपनी मां और सास के साथ तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है। इसमें रकुल लिखती हैं कि वह लकी जो एक नहीं दो मांएं मिलीं। साथ ही वह फैंस को भी मदर्स डे विश करती हैं।



**नीतू कपूर** : नीत कपूर ने अपनी बेटी रिद्धिमा और बहू आलिया की तस्वीरें साझा करते हुए मदर्स डे पर सबको विश किया है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शौर्य स्मारक पहुंचकर किया शहीदों को नमन



भारत माता की प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार की शाम भोपाल के शौर्य स्मारक पहुंचकर शहीदों को नमन किया। उन्होंने शौर्य स्मारक परिसर में स्थित भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सफलता के लिए समस्त राष्ट्रवासियों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि भारत उन राष्ट्रों में शामिल है जो त्वरित गति से दुश्मनों से निपट सकता है। भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन पर आज यहां शौर्य स्मारक परिसर में उपस्थित महिलाओं और बच्चों के हाथ में तिरंगा देखकर उन्हें प्रसन्न और गर्वित होते हुए देखना आनंद का विषय है।

## त्वरित गति से दुश्मनों से निपट सकता भारतः डॉ. यादव



### दुनिया के अंदर बढ़ी भारत की साख

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय सेना के शौर्य का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस घटनाक्रम से दुनिया के अंदर भारत की साख बढ़ी है और वे हमारी शक्तियों से परिचित हुए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार भी अपने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। यह समय सेना के साथ खड़े होने का है, इसीलिए हमारी सरकार ने तिरंगा यात्रा निकालने का फैसला लिया। सभी वर्गों के साथ देश भक्ति का जुनून सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त होगा।

### सीएम डॉ. मोहन ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने तीसरी बार भारतीय सेना के शौर्य का एहसास किया है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने तीसरी बार यह सेना के शौर्य का एहसास किया है। पहली बार सर्जिकल स्ट्राइक कर दुश्मन को उसके घर के अंदर घुसकर मारा। हमारे जवान अपने टारगेट को खत्म करके सकुशल वापस लौटे। दूसरी बार में पाकिस्तान स्थित आतंकी शिविरों पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने एयर स्ट्राइक की। अब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के अन्य क्षेत्रों में जहां आतंक की फैक्ट्री चल रही थीं, निर्णायक कार्रवाई की है।

### मुख्यमंत्री ने 1857 की क्रांति के वीर सपूतों को किया नमन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 10 मई 1857 की ऐतिहासिक क्रांति दिवस पर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों और देशभक्तों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि यह दिन भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है, जब मां भारती की स्वतंत्रता का बिगुल पहली बार फूंका गया था। उन्होंने कहा कि आज उन सभी विभूतियों, सेनानियों और पराक्रमी शूरवीरों को कोटि-कोटि नमन, जिन्होंने मातृभूमि को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

## खबर संक्षेप

### लापरवाही के चलते सरकारी अस्पताल के रिकॉर्ड रूम में लगी आग

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर जिला अस्पताल में एक बार फिर बड़ी लापरवाही और संदिग्ध गतिविधियों का मामला सामने आया है। शनिवार की रात अस्पताल के रिकॉर्ड रूम में अचानक आग लग गई। आग की लपटों को देखकर भर्ती मरीजों के परिजनों ने तुरंत अस्पताल स्टाफ को सूचना दी, जिसके बाद रात तीन बजे पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### एयरपोर्ट्स पर यात्रियों को मिलेगा बेहतरीन लाउंज और यात्रा अनुभव

**इंदौर।** यात्रियों की यात्रा को आसान बनाना अदाणी डिजिटल लैब्स (एडीएल) का मुख्य उद्देश्य है। एडीएल और ड्रैगनपास की यह साझेदारी अब अदाणी ग्रुप द्वारा संचालित एयरपोर्ट्स और अन्य प्रमुख स्थानों पर यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक लाउंज अनुभव देने में सक्षम होगी। इस समझौते के तहत अब ड्रैगनपास को सभी एयरपोर्ट लाउंजेस में पहुंच मिलेगी, साथ ही भारत के अन्य कई महत्वपूर्ण लाउंजेस का भी फायदा मिलेगा। यह साझेदारी भारत के एयरपोर्ट हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लाने वाली है और खास तरह की कस्टमर वैल्यू सर्विसेज की शुरुआत करेगी।

### लाड़ली लक्ष्मी, कन्यादान जैसी योजनाएं सफल ढंग से हो रहीं संचालित: केंद्रीय मंत्री चौहान

# शिवराज के प्रारंभ सभी विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है मध्यप्रदेश सरकार

भेरूंदा में 572 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन, विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री रहते जो कार्य शुरू किए थे, उन सभी को हमारी सरकार आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि हम बुदनी क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में मध्यप्रदेश बिजली आपूर्ति और सिंचाई व्यवस्था में आत्मनिर्भर बना।

प्रदेश के गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछा है। यह सिर्फ सामूहिक विवाह सम्मेलन का प्रसंग नहीं है, आज यहां बुदनी विधानसभा में विकास कार्यों को गति देने के लिए 170.42 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सीहोर जिले की बुदनी विधानसभा क्षेत्र के भेरूंदा स्थित ग्राम पिपलानी में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में क्षेत्रीय जनजातीय (गोंड) समाज के 572 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे।








### वित्तीय मितव्ययता को मिल रहा प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि पहले बेटियों का विवाह कठिन होता था। बेटी की शादी के लिए गरीबों और किसानों को अपनी जमीन तक बेचनी पड़ती थी, लेकिन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सबसे पहले चंदा जुटाकर गरीब कन्याओं का विवाह कराने की शुरुआत की। बाद में शासन स्तर पर योजना तैयार की गई और सामूहिक विवाह सम्मेलनों की शुरुआत हुई। आज समाज का हर वर्ग इस योजना के जरिए न केवल फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों से बच रहा है, वरन सामूहिक विवाह सम्मेलनों से समाज में वित्तीय मितव्ययता की प्रवृत्ति को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। सनातन समाज में विवाह केवल दूल्हा-दुल्हन का रिश्ता नहीं है, यह दो परिवारों के लिए भी एक नए संबंध की शुरुआत है।

### सीमा पर जवान, खेतों में किसान डटे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत किसी पर हमला नहीं करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि निर्दोष भारतीयों का खून बहाने वालों को मिट्टी में मिला देंगे। देश की सेनाएं दुश्मन को माकूल जवाब दे रही हैं। सीमा पर जवान तैनात हैं तो खेतों में हमारे किसान खड़े हैं। उन्होंने कहा कि देश के अनाज भंडार खाद्यान्नों से भरे पड़े हैं, देशवासी कतई चिंता न करें और अपनी सेनाओं के साथ मजबूती से खड़े रहें। उन्होंने कहा कि जब देश के सम्मान का सवाल आता है, तो चैन से नहीं बैठा जा सकता है। हम भारत माता पर सर्वस्व न्यौछावर कर देंगे, लेकिन अपनी संप्रुभता और सम्मान हर हाल में बनाए रखेंगे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर बहनों का सुहाग उजाड़ा है।

### शहनाई के साथ सीमा पर बज रहे नगाड़े : शिवराज

केंद्रीय कृषि विकास एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत देश अद्भुत है, जहां शहनाइयों के साथ-साथ सीमा पर नगाड़े भी बज रहे हैं। भारत की ओर कोई आंख उठाकर देखेगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि आज हमारे नवदम्पत्ति भी भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। विवाह एक ऐसा रिश्ता है, जिसमें मिलकर चलना पड़ता है। बेटियों के साथ संकल्प लीजिए कि हम सब देशवासी सरकार और सेनाओं का साथ देकर उनका मनोबल बढ़ाएंगे। चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना और कन्यादान योजना जैसी सभी कल्याणकारी योजनाएं बखूबी संचालित हो रही हैं, जो पिछली सरकार में शुरू की गई थीं। उन्होंने कहा कि डॉ. यादव बुदनी विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं रहने देंगे।

## डॉ. यादव ने वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के जल क्षेत्र में छोड़े कछुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्य जीवों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वन विहार राष्ट्रीय उद्यान से सटे भोज ताल के जल क्षेत्र में कुछ नन्हे कछुओं को उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा। डॉ. यादव ने कछुओं की प्रजातियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

### डॉ. मोहन यादव ने किया निरीक्षण

सीएम ने वन विहार के अन्य प्राणियों के रखरखाव और पर्यटन विकास के लिए किए गए प्रयासों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी एवं वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्य प्राणियों के रखरखाव और देखभाल में संलग्न स्टाफ उपस्थित था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैटरी चलित वाहन से वन विहार क्षेत्र का निरीक्षण भी किया।

## प्रोफेसर्स के रिक्त पदों पर अस्थाई भर्ती के लिए इंटरव्यू 16 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में विभिन्न विषयों के रिक्त पदों पर अस्थाई रूप से पदांकन के लिए साक्षात्कार का टाइम टेबल जारी कर दिया है। ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर आवेदकों की सूची जारी की गई थी। इनके लिए साक्षात्कार 24 अप्रैल को किए जाने थे, लेकिन अपरिहार्य कारणों से उक्त दिनांक को साक्षात्कार आयोजित नहीं किए जा सके। अब यह साक्षात्कार 16 मई को सुबह 8.30 बजे से संस्थान में होंगे। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग से अनुमोदन के बाद उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान ने बुधवार को आदेश जारी किए हैं।

### ग्राम गेमकेला में रात 11 बजे की घटना, घर के बाहर सो रही थीं महिलाएं

## जंगली हाथी ने दो महिलाओं को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



धरमजयगढ़ वन मंडल के लैलूंगा रेंज में शनिवार रात जंगली हाथी ने एक ही गांव में दो महिलाओं को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। वहीं, एक ग्रामीण को घायल कर दिया है। घटना की जानकारी के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम गेमकेला में शनिवार रात तकरीबन साढ़े 11 बजे के आसपास भोजन और पानी की तलाश में जंगल से निकलकर एक हाथी ग्रामीण इलाके में पहुंचा। यहां घर के बाहर सो रही महिला सुनीता लोहरा पर (45) पर अचानक हमला कर दिया। हाथी के हमले से गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन किसी तरह अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां मौजूद डाक्टर ने प्रारंभिक जांच में ही उसकी मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि सुनीला लोहरा पर हमला करने के बाद उसी जंगली हाथी ने गेमकेला बस्ती के भादरापारा इलाके मे घर के बाहर सो रही महिला सुशीला यादव (30) पर हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि हाथी के हमले से महिला का घसिया राम भी घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गांव में हाथी की मौजदूगी को देखते हुए वन विभाग की टीम ने गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सावधानी बरतने की अपील की गई थी। साथ ही साथ किसी भी हाल में घर के बाहर नही सोने की बात कही गई थी। इसके बावजूद लापरवाही की वजह से बीती रात दो महिलाओं की जान चली गई।

### मृतकों में एक पुरुष, दो महिलाएं शामिल, चालक फरार

## तेज रफ्तार ट्रक ने तीन को रौंदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

कोंडागांव जिले के दहिकोंगा के पास रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रक और बाइक में भिड़ंत हो गई। इस घटना में बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कोंडागांव जिला अस्पताल भेजा। कोतवाली थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय ने बताया कि रायपुर की ओर से एक लोडेड ट्रक जगदलपुर की ओर जा रहा था। वहीं, कोंडागांव से दहिकोंगा की ओर बाइक आ रही थी। बाइक पर दो महिलाएं और एक पुरुष सवार था। अचानक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने नियंत्रण खो दिया और बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक चला रहे युवक के साथ ही दोनों महिलाओं की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर आ गई।


### अडभार से सक्ती की तरफ जा रहा था बाइक सवार

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

खरसिया थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, कार चालक भी इस दौरान घायल हो गया है। इस मामले में पुलिस आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को एक सफेद रंग की कार क्रमांक सीजी 11 बीजी 0321 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 12 बीजे के चालक सुमेन्द सिंह (35) निवासी नावापारा पकरिया जिला कोरबा को जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि बाइक सवार अडभार से सक्ती की तरफ जा रहा था। वह बड़े देवगांव के पहुंचा ही था, तभी कार चालक ने सामने से उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह उछलकर कार के शीशे से टकराकर जमीन पर गिर गया। बाइक सवार युवक के सिर, हाथ, पैर, सीने में गंभीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।



### खरसिया थाना क्षेत्र का मामला

*वहीं, इस दुर्घटना में कार चालक भी घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो जाने के बाद खरसिया पुलिस आरोपी कार चालक के खिलाफ के धारा 106(1) बीएनएस, 183(1)(2),मो.व्ही. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में ले लिया है।*

## आगामी 20 मई को राजवाड़ा, इंदौर में कैबिनेट बैठक का होगा आयोजन

विभिन्न क्षेत्रों में मिलकर काम करने मप्र और महाराष्ट्र के सीएम ने साझा किए विचार

# जबलपुर से नागपुर के बीच एक डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर से भाड़ा, समय की होगी अधिक बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में तापी मेगा रिचार्ज परियोजना से संबंधित एमओयू हस्ताक्षरित होने के बाद अन्य क्षेत्रों में मिलकर कार्य करने के बारे में विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र विभिन्न क्षेत्रों में साथ कार्य करेंगे। दोनों राज्यों की साझा विरासत के संरक्षण में मिलकर कार्य करेंगे। उद्योगों के क्षेत्र और सांस्कृतिक आध्यात्मिक परंपराओं, पर्यटन और




बागवानी के क्षेत्र में दोनों राज्यों की परस्पर सहयोग की गतिविधियां बढ़ाई जाएंगी। लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर का महाराष्ट्र से संबंध था। बुनकर समाज के हित में महेश्वर सहित मालवा के अन्य स्थानों पर प्रशिक्षण और व्यवसाय उन्नयन के प्रयास किए जा रहे हैं। लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के सांस्कृतिक, धार्मिक और सुशासन क्षेत्र के योगदान से दोनों प्रदेशों के प्रमुख नगरों में लाइट एण्ड साउंड शो, नाटक मंचन के माध्यम से वर्तमान पीढ़ी को अवगत करवाया जा सकता है। आगामी 20 मई को राजवाड़ा इंदौर में कैबिनेट बैठक का आयोजन लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के सम्मान में हो रहा है।

### साहसी योद्धाओं के स्वर्णिम इतिहास पर दोनों राज्यों को गर्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मराठा राजशाही का संबंध मध्यप्रदेश से रहा है। साहसी योद्धा बाजीराव पेशवा सहित होलकर, शिंदे (सिंधिया), तात्या टोपे, रानी लक्ष्मी बाई, अप्पाजी भोंसले से जुड़े इतिहास के गौरवशाली दस्तावेजों के संकलन और डिजिटलाइजेशन के कार्य भी किए जाएंगे। इसी क्रम में मोड़ी लिपि की पांडुलिपियों को संरक्षित करने और उनके प्रकाशन में दोनों राज्य सहभागिता कर सकते हैं। प्रदेश में मोड़ी लिपि के लगभग 21 लाख दस्तावेज संरक्षित किए जा चुके हैं।

### जबलपुर- नागपुर कॉरिडोर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाराष्ट्र के विभिन्न बंदरगाहों में एक डेडिकेटेड निर्यात सुविधा प्रकोष्ठ के गठन की संभावनाओं पर विचार किया जाएगा। जबलपुर से नागपुर के मध्य एक डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर बन जाने से मध्य भारत क्षेत्र में माल परिवहन में भाड़ा, समय और लागत की अत्यधिक बचत संभव होगी।

### परियोजना में मुख्य रूप से चार जल संरचनाएं प्रस्तावित

तापी बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र राज्यों की संयुक्त परियोजना है। इस योजना से मध्यप्रदेश के 1,23,082 हेक्टेयर क्षेत्र में एवं महाराष्ट्र के 2,34,706 सेक्टर में सिंचाई प्रस्तावित है। योजना में भूजल भंडारण का विस्तार किया जाएगा, जिससे प्रदेश के बुरहानपुर एवं खंडवा जिलों की बुरहानपुर, नेपानगर, खकनार एवं खालवा तहसीलें लाभान्वित होंगी। खरिया गुटीघाट बांध स्थल पर लो डायवर्सन वियर, यह वियर दोनों राज्यों की सीमा पर मध्य प्रदेश की खंडवा जिले की खालवा तहसील एवं महाराष्ट्र की अमरावती तहसील में प्रस्तावित है. इसकी जल भराव क्षमता 8.31 टीएमसी प्रस्तावित है।

### कोरबा से जशपुर की तरफ जा रही थी बस

## अनियंत्रित बस पल्टी, दो दर्जन घायल, कई गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। यह बस कोरबा से जशपुर जा रही थी। कोरकोमा बताती के पास यह हादसा हुआ है। हादसे में दो दर्जन से अधिक लोग घालय हुए हैं, कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे के बाद यात्रियों में अफरातफरी मच गई और तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों की माने तो यात्रियों से भरी बस कोरबा से जशपुर जा रही थी। कोरबा से निकलने के बाद बताती कोरकोमा



के बीच बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया इसके बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया और यात्री चीख पुकार मचाने लगे। जहां कुछ यात्री तो अपने से बाहर निकाल गए। वहीं कुछ लोग बस में ही फंस गए। जिन्हें यात्रियों और राहगीरों की मदद से किसी तरह बाहर निकाला गया।

चिंतन

# आतंकवाद से निपटने का तरीका भारत का अपना हो

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम हुआ, यह एक स्वागत योग्य मूव है, लेकिन इसकी टाइमिंग और जिस तरह से इसका ऐलान हुआ, वह किसी भी भारतीय को पच नहीं रहा है। भारतीय सैनिक पाकिस्तान को करारा जवाब दे रहे थे, सेना का जोश हाई पर था, लेकिन अचानक खबर आई कि भारत और पाकिस्तान सीजफायर पर सहमत हो गए। कमाल की बात है कि भारत व पाकिस्तान से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ट्रू सोशल अकाउंट से ऐलान किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर पर सहमति बन गई है। इसके बाद भारत और पाकिस्तान की ओर से संबंधित अधिकारियों ने संघर्ष विराम के बारे में ऐलान किया। हालांकि पाकिस्तान ने इस ऐलान का पालन चार घंटे भी नहीं किया, सीजफायर तोड़ दिया व सीमा पार से गोलीबारी शुरू कर दी। इसलिए अब विपक्षी सवाल उठा रहे हैं कि आखिर ऐसी क्या बात हुई कि मजबूत स्थिति के बावजूद सरकार सीजफायर पर सहमत हुई, जब मामला द्विपक्षीय है तो अमेरिका ने ऐलान क्यों किया? क्या सरकार ने कश्मीर मुद्दे पर अमेरिकी मध्यस्थता स्वीकार कर ली है? चूंकि भारत कश्मीर को द्विपक्षीय मसला मानता है और किसी भी मध्यस्थता से इनकार करता रहा है, ऐसे में संघर्ष विराम को लेकर अमेरिका का पहले ऐलान करना भारत में लोगों को अचरज में डाल रहा है। सरकार की तरफ से यह भी कहा गया है कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की करतूतों के सबूत भारत संयुक्त राष्ट्र में दुनिया के सामने रखेगा, इस ऐलान पर भी कांग्रेस का सवाल है कि क्या सरकार कश्मीर मुद्दे को फिर से यूएन ले जा रहा है? सरकार को बहुत सोच-समझ कर, आवाम के सेंटिमेंट को देखकर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के अंतहीन खतरे के आईने में ही कोई फैसला करना चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश आक्रोश में था और लोग चाहते थे कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ कड़ा एक्शन ले, सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर करके पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया और पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया कि भारत की कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ है, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं। हालांकि पाकिस्तान को यह बात समझ नहीं आई और वह आतंकवाद के खिलाफ भारत के एक्शन को अपने खिलाफ मान लिया और एलओसी पर नागरिकों को निशाना बनाकर भारी गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया गया। पाकिस्तानी फौज ने भारत के करीब 15 सैन्य ठिकानों पर मिसाइल व ड्रोन से हमले शुरू कर दिया। भारत ने सभी हमले नाकाम कर दिए। अब तक सरकार और सेना की ओर से जो भी कार्रवाई की गई है, सभी शानदार है, पाकिस्तान को सबक सिखाया गया है, लेकिन यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को अंजाम तक ले जाने के लिए काफी नहीं है। भारत के पास शानदार मौका है आतंकवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का, इसमें विलंब से आगे नुकसान संभव है। बेशक ऑपरेशन सिंदूर जारी है, पर पाकिस्तान कहीं से भी भरोसेमंद नहीं है, वह आगे आतंकवाद को प्रायोजित करता रहेगा, न ही अमेरिका जैसे किसी तीसरे देश की भारत को जरूरत है। भारत अपने दम पर आतंकवाद का मुकाबला कर सकता है। यह ठीक है जंग, समस्या का समाधान नहीं है, लेकिन सैन्य कार्रवाई से वार्ता के टेबल पर आने का एक व्यवहारिक व सम्मानजनक तरीका होना चाहिए। आतंकवाद व उसके प्रायोजक के खिलाफ कूटनीतिक व सैन्य एक्शन का तरीका भारत का अपना होना चाहिए।

# पूर्ण विराम बिना ही संघर्ष विराम!



आतंकवाद
राज कुमार सिंह

बेशक पहलगाम हमले की जवाबी कार्रवाई के रूप में किए ऑपरेशन सिंदूर के बीच पाक सेना की हिमाकत पर भारतीय सेना ने उसे लंबे समय तक याद रहने वाला सबक सिखाया है, लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं कि पैदाइशी शैतान, इस अचानक संघर्ष विराम से संत बन जाएगा। पाकिस्तान के सैन्य ऑपरेशन महानिदेशक द्वारा अपने भारतीय समकक्ष को फोन पर हुई बातचीत के बाद संघर्ष विराम के संदर्भ में भारत सरकार कह रही है कि हमने नीतिगत रूप से स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा, जिसका भारत जोरदार जवाब देगा, पर पाक की ओर से ऐसा कोई बयान नहीं आया कि वह भारत विरोधी गतिविधियों का केंद्र नहीं रहेगा।

चार दिन में ही पाक को घुटनों पर ला देने के बावजूद अचानक संघर्ष विराम की असली वजह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और वहां के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ही जानते होंगे। संभव है, इस संघर्ष विराम का श्रेय लेने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके विदेश मंत्री मार्को रूबियो भी जानते हों, पर यह अतीत से हमारे कोई सबक न सीखने का संकेत भी है। 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या पाक प्रायोजित आतंक की पहली घटना नहीं थी। उससे पहले भी पुलवामा और उरी पर आतंकी हमले हुए। हर बार हमने जवाबी कार्रवाई तो की, पर आतंक का समूल नाश नहीं किया। अगर किया होता तो फिर वैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होती।

बेशक पहलगाम हमले की जवाबी कार्रवाई के रूप में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बीच पाक सेना की हिमाकत पर भारतीय सेना ने उसे लंबे समय तक याद रहने वाला सबक सिखाया है, लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं कि पैदाइशी शैतान, इस अचानक संघर्ष विराम से संत बन जाएगा। पाकिस्तान के सैन्य ऑपरेशन महानिदेशक द्वारा अपने भारतीय समकक्ष को फोन करने पर हुई बातचीत के बाद हुए संघर्ष विराम के संदर्भ में भारत सरकार कह रही है कि हमने नीतिगत रूप से स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा, जिसका भारत जोरदार जवाब देगा, पर पाकिस्तान की ओर से ऐसा कोई बयान नहीं आया है कि भविष्य में वह भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों का केंद्र नहीं रहेगा।

दरअसल दोनों देशों के सैन्य कार्रवाई महानिदेशकों के बीच फोन पर बातचीत के बाद संघर्ष विराम के भारतीय दावे के उलट पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तो 10 मई की रात अपने संबोधन में संघर्ष विराम के लिए बाकायदा अमेरिकी राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। और भी चिंताजनक बात यह कि जिस पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर को पहलगाम हमले के जरिये भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों को रफ्तार देने के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है, उसे भी शहबाज शरीफ ने धन्यवाद दिया। क्या शहबाज, ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में भारतीय सेना द्वारा पाक और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने पर अपनी सेना की युद्धनुमा हिमाकत को जायज ठहरा रहे हैं?

इस पूरे प्रकरण में पाक सरकार और सेना तथा खुद सेना के अंदर मतभेदों की खबरें भी आ रही हैं, पर यह पाकिस्तान का आंतरिक मामला है, जिसे उसे ही सुलझाना होगा। यह आतंकी गतिविधियों के लिए सेना को ही खलनायक ठहरा कर पाक हुक्मरानों की खुद को पाक-साफ बताने की चाल भी हो सकती है। यह सच है कि पाकिस्तान में लोकतंत्र अक्सर सेना के शिकंजे में सांसें लेता नजर आता है। 1999 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दोस्ती का पैगाम लेकर बस से लाहौर गये थे, तब उनके पाक प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से गले मिलते हुए ही पाक सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ ने कागरिल घुसपैठ के रूप में



भारत की पीठ में छुरा घोंप दिया था। तब भी भारत से संबंधों के सवाल पर पाक सरकार और सेना में गहरे मतभेदों की खबरें आयी थीं, जिनकी अंतिम परिणति मुशर्रफ द्वारा शरीफ सरकार के तख्तापलट के रूप में हुई थी। पाक के वर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उन्हीं नवाज शरीफ के भाई हैं और मौजूदा सेना प्रमुख मुनीर जेहादी मानसिकता के चलते, मुशर्रफ से भी ज्यादा खतरनाक माने जाते हैं।

ऐसे में चार दिनों में ही भारतीय सेना ने जिस पाक सेना को घुटनों पर ला दिया था, क्या उसे इस संघर्ष विराम से जीवनदान ही नहीं मिल जायेगा? बेशक ऑपरेशन सिंदूर में पांच बड़े आतंकियों समेत लगभग 100 आतंकवादियों तथा जैश और लश्कर सरीखे खतरनाक संगठनों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर देना हमारी सेना की बड़ी उपलब्धि है, पर भारत विरोधी मजहबी मानसिकता वाले पाकिस्तान में आतंकी ढांचा बनाने और आतंकियों की भर्ती में कितना समय लगता है? फिर अब तो चीन, तुर्की, अजरबैजान और बांग्लादेश भी भारत विरोधी साजिशों में उसके साथ हैं। अतीत का अनुभव भी बताता है कि सुधरने वाले की उम्मीद में पाकिस्तान पर विश्वास करना बहुत महंगा पड़ता है। आखिरकार उड़ी हमले पर जवाबी सर्जिकल स्ट्राइक के बाद पुलवामा पर हमला हुआ ही। पुलवामा के जवाब में बालाकोट एयर स्ट्राइक के बाद भी पहलगाम की बैसरन घाटी में पर्यटकों पर आतंकी हमला किया ही गया। पहलगाम हमले के बाद सरकार ने सिंधु जल संधि और पाकिस्तानी नागरिकों को जारी वीजा रद करने समेत कुछ कदम तत्काल उठाये, लेकिन उसके बाद चलती रही उच्च स्तरीय बैठकों से अर्थ निकाला गया कि इस बार भारत कुछ बड़ा करेगा, ताकि पाकिस्तान का स्थायी इलाज हो सके। ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तानी सेना की हिमाकत का जोरदार जवाब देते हुए भारतीय सेना ने जिस तरह चार दिन में ही उसके रक्षा तंत्र की कमर तोड़ दी, उसने इस नापाक पड़ोसी पर निर्णायक प्रहार के लिए अनुकूल अवसर भी उपलब्ध कराया था। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में जारी बगावत पाकिस्तान को उसके अंजाम तक पहुंचाने का बेहतर मौका दे रही है, लेकिन अचानक संघर्ष विराम ने सब कुछ बदल दिया। बेशक भविष्य में आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई मानने की भारत की नीति अर्थपूर्ण है, पर बार-बार पिट कर भी न सुधरने वाले पाकिस्तान सरीखे धूर्त के लिए इसके ज्यादा मायने होंगे नहीं।

वह संघर्ष विराम से मिली मोहलत का इस्तेमाल भारत विरोधी चौतरफा तैयारियों के लिए कर फिर उठ खड़ा होगा। भारत से चार बार बुरी तरह युद्ध हार चुका पाकिस्तान प्रत्यक्ष युद्ध में नहीं जीत सकता, यह सच बहुत पहले उसके जनरल जिया उल हक ने स्वीकार कर लिया था। इसीलिए पाकिस्तान ने अलगाववाद और आतंकवाद के रूप में लंबे अप्रत्यक्ष युद्ध की रणनीति अपनायी। मजहब के आधार पर बना पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी बन कर एक नाकाम देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में शांति और सौहार्द के लिए खतरा बन चुका है। पाकिस्तानी हुक्मरान जैसी भाषा बोल रहे हैं, वह सेना के बढ़ते दबदबे और कमजोर होते लोकतंत्र का भी प्रमाण है। इन सब हालातों के मद्देनजर भारत को अब यह समझ लेना चाहिए कि एक बार फिर पाकिस्तान का नक्शा बदले बिना वह शांति और सौहार्द से नहीं रह सकता। आतंकियों के जनाजे में पाक फौजी तथा सरकारी फूल वहां की हकीकत बयां करने के लिए काफी हैं। हमने आतंकी सांप को उसकी पूंछ दबा कर ही छोड़ दिया है, जबकि जरूरत फन कुचलने की थी। कहते भी हैं कि घायल सांप ज्यादा खतरनाक होता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दो टूक
डा. चन्द्र त्रिखा



# अब हम लिखेंगे नई इबारत

अब कोई गुंजायश नहीं बची। कोई विकल्प नहीं। न कोई शिमला-समझौता, न कोई ताशकंश। हालात पल-पल में बदल रहे हैं। इस आलेख के 'प्रिंट' में जाने तक भी बहुत कुछ घट चुका होगा। इस पड़ोसी दुश्मन को तो यह भी पता नहीं कि उसकी जेब खाली है और पेट के लिए भी सिर्फ चार-छह दिनों का राशन है। उसके बाद पाक स्थित गुरुद्वारों का लंगर! उधार या मुफ्त मिले हथियारों से आखिर कितने दिन विश्व के नक्शे पर बचा रह पाएगा यह देश? मेरा एक सहयोगी बतला रहा था- सर, हमने जहां नोटबंदी देखी, लॉकडाउन से निपटे और क्रूर कोरोना को निपटाया, तो फेर इसतै भी निपट ल्यांगे, 'बाजण दयो नै लट्ठ'। ज़ाहिर है अभी 'पाकिस्तान के टुकड़े होंगे/इन्शा अल्लाह-इन्शा अल्लाह'। एक टुकड़ा 1971 में टूटा था, अब तीन और टूटने वाले हैं। बलोचों ने तो नया झंडा व अपना नक्शा भी तैयार कर लिया है। पख्तून उनसे भी पहले कमर कसे बैठे हैं। इनसे निपटे तो 'सरायकिस्तान' की सुगबुगाहट शुरू हो जाएगी। मज़हबी जुनून व खून के छटे दरिया के मुहाने पर बसाया गया यह देश चैन की नींद कैसे सो सकता है, जहां के फौजी, जरनैल एक खूंखार आतंकी के ताबूत को भी अपने कौमी झंडे में लपेटकर कंधा देते हैं और फिर कब्र में लिटाकर उलटे हथियारों से अंतिम सलामी देते हैं। नक्शे में बदलाव कैसे आएगा, यह तो नहीं मालूम। मगर यह पड़ोसी न तो यकीनन बाबा गुरु नानक, न बाबा फरीद और न ही वारिस शाह की विरासत के काबिल है। कितनी बड़ी त्रास्दी है कि हमारे शहीदे आज़म भगत सिंह ने इसी मुल्क में पहली बार आंख खोली थी और और इसी मुल्क में फांसी को चूमा था। यदि इस पड़ोसी मुल्क को विश्व के मानचित्र पर बने रहना है तो यहां के लोगों को अपने ही फौजी अगुवाओं के खिलाफ आवाज़ उठानी होगी। पिछले 78 वर्षों में पाक ने पांचवीं बार हम पर यह युद्ध थोंपा है। वर्ष 1948, 1965 और 1971 के इलावा भी कारगिल सरीखी विजय-गाथाओं की इबारत हमारे सैनिकों व नागरिकों ने अपने खून से लिखी है। इस बार भी वही होगा, जो पहले चार बार हुआ है। मगर हर बार हमने अंतरराष्ट्रीय दबावों तले इस पड़ोसी को 'प्राण दान' दिया है। इस बार शायद नहीं दे पाएंगे। ज़ाहिर है कि वर्तमान पाकिस्तान तीन या चार टुकड़ों में बंटेगा। एक लम्बी 'प्राक्सी वार' व अघोषित युद्ध के बावजूद हमने विकास व आत्मनिर्भरता का अलाव जलाए रखा है। इन्हीं के अल्लामा इकबाल ने कहा था, 'कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी'। अब हमें समझ आ गया है कि हमारी 'हस्ती' का आधार आत्मनिर्भरता व विकास के संकल्प हैं। हम तो पांचवीं बार भी इस नापाक की नापाक साज़िशों से मुक्ति पाने में सफल रहेंगे, मगर पड़ोस में जो बचेगा, वो क्या होगा, कैसा होगा, यह अभी तय नहीं है। यह वर्ष 2000 की बात है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भारतीय उपमहाद्वीप की यात्रा पर आए थे। उन्होंने एक बात कही थी, मगर पाकिस्तान उसे आज तक नहीं समझा। उन्होंने तब कहा था, 'जो राष्ट्रीय सीमाएं खून से बनती हैं, उन्हें आप दोबारा नहीं बना सकते।' वहीं विदेश मंत्री के रूप में यात्रा पर आई हिलेरी क्लिंटन ने साफ-साफ कहा था कि 'आप अपने घर के पिछवाड़े सांप पालेंगे और सोचेंगे कि सांप सिर्फ पड़ोसी को ही काटेगा, तो यह संभव नहीं है।' अन्य कई देशों व विदेशी गुप्तचर एजेंसियों ने भी समय-समय पर पाकिस्तान के शासकों को बताया था कि जो दहशतगर्दों के कैंप आपके यहां हैं, इसका फायदा आपको होने वाला नहीं है। यही आतंकी पाकिस्तान पर भी अटैक करते हैं। कितने ऐसे हमले वहां होते रहते हैं। कभी शिया के विरोध में तो कभी किसी मस्जिद पर ही हमला हो जाता है। वैसे पाकिस्तान के लिए यह बहुत अच्छा मौका है। जो काम करने की उसमें हिम्मत नहीं थी, वह भारत ने कर दिखाया। उनके देश में डेरा डाले आतंकियों के नौ ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। बाकी जो बचे हैं, आप खुद खत्म कर दीजिए। हमारा आपसे कोई झगड़ा नहीं है। झगड़ा बस इस बात का है कि आप हमारी संसद पर आक्रमण करते हैं। 2008 में मुंबई पर हमला करते हैं। पाकिस्तान अपने यहां बसे आतंकवाद को खत्म कर दे तो भारत से उसका रिश्ता बहुत अच्छा हो सकता है। अब सवाल ढेरों हैं जिनका जवाब सिर्फ पाकिस्तान को नहीं तलाशना, हमें भी उन सवालों पर सोचना है। तो क्या फिर कोई शिमला या ताशकंद मसविदा हमारे सामने आएगा? ये सभी प्रश्न हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने उठे होंगे? ज़ाहिर है ऐसे सवालों के जवाब 'रेडीमेड' नहीं होते। फिलहाल स्थितियां ये हैं कि हम इस नापाक पड़ोसी को नेस्तनाबूद तो शायद नहीं कर पाएंगे? यदि इसको लंगड़ा-लूला बना भी देंगे तो क्या ऐसा टूटा-फूटा देश अपने लिए नए सहारों, नई कठौतियों की तलाश नहीं करेगा? ये कठौतियां 'मेड इन चाइना होंगी' या 'मेड इन अमेरिका' या 'मेड इन तुर्किए'? पाकिस्तान तो कठौतियों के मामले में भी आत्मनिर्भर नहीं बन पाया।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता।


# दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान है



संकलित
प्रेरणा

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।

अंतर्मन




## आज की पाती

### मां में देख सकते हैं ईश्वर का रूप

मां का छोटा-सा शब्द अपने भीतर भावनाओं का महासागर समेटे है। मां केवल जन्मदात्री नहीं होती, वह जीवन की प्रथम शिक्षिका, प्रथम मित्र और प्रथम मार्गदर्शिका भी होती है। जब एक शिशु पहली बार रोता है, तो मां अपनी गोद और अपने स्पर्श से उसे पहली सुरक्षा देती है। मां की गोद ही बच्चे का पहला आश्रय बनती है। मां के लिए वैदिक और पौराणिक काल के ग्रंथों ने जो कहा है, वो आज भी यथावत है। वेदों ने मां को मानव जीवन में सबसे ऊंचा स्थान दिया है। वेदों से संहिताओं तक, वाल्मीकि रामायण से महाभारत तक, सारे ग्रंथों ने निर्विवाद रूप से माता को ही देवताओं से भी ऊपर माना है। जब शब्द कम पड़ जाते हैं और भावनाएं उमड़ने लगती हैं, तब मन अचानक ही मां को याद करता है। 11 मई को मदर्स डे पर मां की महती भूमिका को स्वीकार करने की जरूरत है।

*- ममता वैष्णव, धमतरी*

## ट्रेंड

### प्रौद्योगिकी दिवस की बधाई



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर शुभकामनायें। यह हमारे वैज्ञानिकों के प्रति गर्व और कृतज्ञता व्यक्त करने और 1998 के पोखरण परीक्षणों को याद करने का दिन है। वे हमारे देश के विकास पथ में एक ऐतिहासिक घटना थी, खासकर आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी खोज में।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### हमारी जिम्मेदारी



मैंने असम सरकार के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे राज्य के प्रत्येक जवान के परिवार से संपर्क करें। हमारी सेना देश के लिए लड़ रही है, और उनके परिवारों की देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है।

**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### 'माँ' को नमन



नमन उस आदि शक्ति को, जिसे हम श्रद्धा से 'माँ' कहते हैं। आज मातृदिवस के अवसर पर हम उस ममता, धैर्य और त्याग को प्रणाम करते हैं, जिसने हमें जन्म दिया, चलना सिखाया और हर संघर्ष में हमारी सबसे मजबूत ढाल बनकर खड़ी रही।

**-रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली**

### जय हिंद



यह भारत का उसूल है- न हम किसी को पहले छेड़ते हैं, न ही बाद में किसी को छोड़ते हैं। हम 140 करोड़ लोग चट्टान की तरह अपनी सेना के साथ खड़े हैं। मेरा छोटा सा संदेश.... जय हिंद।

**-राघव चड्ढा, सांसद, आप**

करंट अफेयर


# भारतीय रॉकेटों का इस्तेमाल करने इच्छुक अमेरिकी कंपनी



अगले साल दुनिया का पहला वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की योजना बना रही अमेरिकी कंपनी 'वास्ट' ने चालक दल के सदस्यों को कक्षीय प्रयोगशाला में पहुंचाने के लिए भारतीय रॉकेटों का उपयोग करने में रुचि दिखाई है। 'वास्ट' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मैक्स होट ने यहां वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन के अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नेतृत्व दल से मुलाकात की और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में संभावित सहयोग पर चर्चा की। यह अंतरिक्ष-आवासन कंपनी एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की दौड़ में है जो मौजूदा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का अगला संस्करण होगा। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का कार्यकाल 2031 तक है। कैलिफोर्निया स्थित यह कंपनी मई 2026 में 'स्पेसएक्स फाल्कन 9' रॉकेट पर एकल-मॉड्यूल अंतरिक्ष स्टेशन हेवन-1 लगाने की योजना बना रही है। होट ने बताया, 'फिलहाल, हम मई 2026 के लिए अपने लॉन्च की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।' अगले साल जुलाई तक अंतरिक्ष यात्रियों को कक्षीय प्रयोगशाला में भेजने से पहले, वास्ट की इस अंतरिक्ष स्टेशन पर कई परीक्षण करने की योजना है। हेवन-2 एक बहुत बड़ा अंतरिक्ष स्टेशन होगा।

ऑफ बीट

# लाफिंग गैस के निरंतर उपयोग से मौत संभव



अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन अमेरिकी नागरिकों को मनोरंजन के लिए नाइट्रस ऑक्साइड उत्पादों के लगातार बढ़ते और संभावित रूप से घातक उपयोग के बारे में चेतावनी दे रहा है, विशेष रूप से युवाओं के बीच। नाइट्रस ऑक्साइड को आमतौर पर लाफिंग गैस कहा जाता है। 'गैलेक्सी गैस' और 'मियामी मैजिक' जैसे नामों से बेचे जाने वाले ये उत्पाद सस्ते हैं और गैस स्टेशन, बड़े किराना स्टोर और वॉलमार्ट सहित प्रमुख खुदरा दुकानों पर आसानी से उपलब्ध हैं। इन्हें ऑनलाइन भी बेचा जाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य मामलों के सहायक प्रोफेसर के रूप में इन उत्पादों का अध्ययन करने के चलते मैं जानता हूं कि ये कितने खतरनाक हो सकते हैं। लाफिंग गैस का मनोरंजन के लिये या अन्य वजहों से निरंतर उपयोग कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, और कुछ मामलों में मृत्यु भी हो सकती है। संभावित नुकसान की एक लंबी सूची : लाफिंग गैस के बार-बार इस्तेमाल से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों की सूची लंबी है। इसमें स्मृति हानि, मतिभ्रम, सिरदर्द, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, रक्त के थक्के, अंगों की कमजोरी, चलने में परेशानी, आंत्र या मूत्राशय की समस्या, रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्या और मस्तिष्क क्षति शामिल हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

भाजपा ने पीएम मोदी की सराहना की

# भारत ने पाकिस्तान को कूटनीतिक रूप से सबक सिखाया, अलग-थलग किया

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि सहमति बनी कि दोनों पक्ष शनिवार को शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी प्रकार की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान के साथ संबंधों के नियमों को फिर से लिखा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शनिवार को घोषणा की थी कि पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) ने अपराह्न 3 बजकर 35 मिनट पर भारतीय डीजीएमओ से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि उनके बीच यह सहमति बनी कि दोनों पक्ष शनिवार को शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी प्रकार की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की है।

## प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के साथ संबंधों के नियमों को फिर से लिखा

### 'विनाशकारी नुकसान' के बाद पाक ने गुहार लगाई

भारत की इस घोषणा के बाद भाजपा ने यह बयान दिया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता भंडारी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए कहा कि पाकिस्तान ने 'विनाशकारी नुकसान' झेलने के बाद 'सहमति बनाने की गुहार' लगाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व में केवल 72 घंटे में भारत ने पाकिस्तान के साथ संबंधों के नियमों को फिर से लिख दिया है।



### पड़ोसी की एक इंच जमीन भी भारत की पहुंच से दूर नहीं

भंडारी ने कहा कि भारत ने रणनीतिक संकल्प के साथ पाकिस्तान के 'परमाणु झांसे' को उजागर किया, लाहौर से रावलपिंडी तक पाकिस्तानी सैन्य क्षेत्रों में भीतर तक हमला किया और मुनिरके एवं बहावलपुर में जैश और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी मुख्यालयों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि एक स्पष्ट संदेश दिया गया है कि पाकिस्तान की एक इंच जमीन भी भारत की पहुंच से दूर नहीं है।

### प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को बना दिया पंगु

सिंधु जल संधि को निलंबित कर पाकिस्तान को आर्थिक रूप से पंगु बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत ने वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान के आतंकवादी तंत्र को उजागर करके पाकिस्तान को कूटनीतिक रूप से अलग-थलग कर दिया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ऐसे युग में जब रूस-यूक्रेन से लेकर अमेरिका-तालिबान तक के पारंपरिक युद्ध रणनीतिक लक्ष्य हासिल करने में विफल रहे, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने 'चाणक्य नीति' अपनाई। उन्होंने कहा कि यह रणनीतिक संयम नहीं है। यह रणनीतिक प्रभुत्व है और पाकिस्तानी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई खत्म नहीं हुई है।

## पीएम और बहादुर जवानों को अटूट संकल्प और साहस के लिए बधाई

भाजपा ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम की घोषणा के बाद शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और सशस्त्र बलों की बहादुरी की सराहना की।भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि




प्रधानमंत्री मोदी और बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों को उनके अटूट संकल्प और साहस के लिए हार्दिक धन्यवाद। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब पाकिस्तानी सेना और आतंकवाद में आकंठ डूबे उससे संरक्षण प्राप्त संगठनों ने लोगों और राष्ट्रीय विमर्श पर लगभग पूर्ण नियंत्रण कर रखा है, तब भारत ने बेजोड़ ताकत और उद्देश्य का स्पष्ट प्रदर्शन किया है। मालवीय ने कहा कि एक खतरनाक परमाणु-संपन्न देश से भिड़ने के जोखिम के बावजूद भारतीय बलों ने पाकिस्तान में सत्ता संरक्षित संगठनों के हृदय पर करारा वार किया है, आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट किया है तथा आतंकवाद के प्रायोजकों को स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि भारत आज गर्व के साथ खड़ा है और उसका पूरा श्रेय आपके दृढ़ निश्चयी नेतृत्व को जाता है। जयहिंद। सत्तारूढ़ राजग के घटक जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने भी संघर्षविराम की घोषणा का स्वागत किया।

---

## खबर संक्षेप

### वॉट्सएप पर लगाया पाक का झंडा, अरेस्ट

**शिमला।** यहां एक कश्मीरी को अपने वॉट्सएप स्टेटस पर पाकिस्तान का झंडा लगाना महंगा पड़ गया है।



पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवक की पहचान आदिल मगरे, अनंतनाग जम्मू कश्मीर के रहने वाले के रूप में हुई है। युवक शिमला में गैस सप्लाई का काम करता है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### हेयर ट्रांसप्लांट के दौरान एआई की हो गई मौत

**कानपुर।** यहां के पनकी पावर हाउस के सहायक अभियंता की हेयर ट्रांसप्लांट के दौरान हालत बिगड़ गई।



इंजेक्शन लगाने पर चेहरे पर सूजन आई फिर मौत हो गई। उनकी पत्नी चित्रा त्रिपाठी ने डॉक्टर के खिलाफ गलत इंजेक्शन लगाने की रावतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वे 13 मार्च को वाराही क्लीनिक में हेयर ट्रांसप्लांट करने के लिए गए थे।

### मणिपुर में 6 लाख का इनामी उग्रवादी धरा गया

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस की एक टीम ने प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक सक्रिय



कैडर को गिरफ्तार किया है। वह 2021 में असम राइफल्स के काफिले पर घात लगाकर किए गए हमले का मुख्य आरोपी है। इसमें एक कमांडिंग ऑफिसर और परिवार सहित 5 कर्मियों की जान चली गई थी। उसकी पहचान सगोलशेम सनतोंबा के रूप में हुई है।

### आईसीएआर के पूर्व प्रमुख अयप्पन मृत मिले


**मांड्या।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक एवं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित



सुब्बन्ना अय्यप्पन, श्रीरंगपटना के निकट कावेरी नदी में मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार को उनका शव पानी में बहता मिला, जिसके बाद उसे बाहर निकाल लिया गया। अय्यप्पन कृषि और मत्स्य वैज्ञानिक थे।

### 3 श्रद्धालुओं ने तिरुपति में चांदी के 4 दीये दिए

**तिरुपति।** बेंगलुरु के तीन श्रद्धालुओं ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम को चांदी के 4विशाल



दीपक दान किए हैं। टीटीडी की ओर से कहा गया कि बेंगलुरु के राधा कृष्ण, श्याम सुंदर शर्मा और शशिधर ने शनिवार शाम को ये दीपक दान किए। दानकर्ताओं ने मंदिर के अधिकारी रामकृष्ण को महाद्वारम (भव्य प्रवेश द्वार) पर ये दीपक भेंट किए।

---

## नेता प्रतिपक्ष राहुल और खरगे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, सामूहिक संकल्प की बात दोहराई

मांग पर गंभीरतापूर्वक और शीघ्रता से विचार करें

# तुरंत बुलाएं संसद का विशेष सत्र, पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर व युद्ध विराम पर चर्चा हो


यह आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प को प्रदर्शित करें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है। इसमें दोनों नेताओं ने पीएम मोदी से संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने का अनुरोध किया है। कांग्रेस की तरफ से ये मांग पहलगाम आतंकी हमले और भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद से ही की जा रही है। एक दिन पहले भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम के बाद से कांग्रेस ने अपनी मांग फिर से दोहराई है। राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा कि मैं संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाने के विपक्ष के सर्वसम्मत अनुरोध को दोहराता हूं। लोगों और उनके प्रतिनिधियों के लिए पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और युद्ध विराम पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है, जिसकी घोषणा सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने की थी। यह आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प को प्रदर्शित करने का भी अवसर होगा। मुझे विश्वास है कि आप इस मांग पर गंभीरतापूर्वक एवं शीघ्रता से विचार करेंगे।

हमले पर बात करने को जरूरी बताया





*यह चुनौतियों का सामना करने सामूहिक संकल्प को प्रदर्शित करेगा*

*दोनों नेताओं ने कहा- आशा है गंभीरता से विचार करेंगे*

### सभी दलों ने सर्वसम्मति से अनुरोध किया

खरगे ने लिखा कि आपको याद होगा कि मैंने, विपक्ष के नेता के रूप में आपसे पहलगाम में हुए अमानवीय आतंकवादी हमले के मद्देनजर संसद के दोनों सदनों का एक विशेष सत्र बुलाने के लिए अपने दिनांक 28 अप्रैल के पत्रों के माध्यम से अनुरोध किया था। नवीनतम घटनाक्रम के मद्देनजर, लोकसभा में विपक्ष के नेता ने आपको एक बार फिर पत्र लिखकर बताया है कि पहलगाम आतंकवाद, ऑपरेशन सिंदूर तथा पहले वाशिंगटन डीसी और बाद में भारत और पाकिस्तान की सरकारों की तरफ से की गई युद्ध विराम की घोषणाओं पर चर्चा करने के लिए संसद का एक विशेष सत्र बुलाने के लिए सभी विपक्षी दलों का सर्वसम्मति से अनुरोध है। राज्य सभा में विपक्ष के नेता के रूप में मैं इस अनुरोध के समर्थन में लिख रहा हूं। मुझे विश्वास है आप सहमत होंगे।

### अमेरिका के हस्तक्षेप पर कांग्रेस को ऐतराज

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका से ऐलान के मद्देनजर अब पहले से कहीं अधिक जरूरत है कि प्रधानमंत्री एक सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करें और राजनीतिक दलों को विश्वास में लें। कांग्रेस नेता सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में दो बिंदुओं में सरकार के सामने मांग रखी है।

### सर्वदलीय बैठक में सभी दल तभी शामिल हों जब पीएम इसमें भाग लें: सिब्बल



भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के बाद, राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने रविवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। उन्होंने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे तब तक इसमें शामिल न हों जब तक सरकार यह आश्वासन नहीं देती कि पीएम नरेंद्र मोदी इसमें खुद मौजूद रहेंगे। सिब्बल ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की और कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि यदि मनमोहन सिंह आज प्रधानमंत्री होते तो वे सर्वदलीय बैठक में उपस्थित होते और विशेष सत्र भी बुलाया जाता। सिब्बल ने सैन्य शत्रुता रोकने के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए सोशल मीडिया पोस्ट का जिक्र किया जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि उन्हें गर्व है कि अमेरिका इस ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण निर्णय तक पहुंचने में मदद करने में सक्षम था।

कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने की प्रधानमंत्री की सराहना

### सीजफायर सही कदम, युद्ध नीति की तारीफ की



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस घटना के बाद देशभर में बदले और बड़ी सैन्य कार्रवाई की मांग उठने लगी। भारतीय सैनिकों ने पहले आतंकी ठिकानों को बर्बाद किया। उसके बाद पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्ण युद्ध की जगह संतुलित और रणनीतिक तरीके से जवाब दिया है। इसकी तारीफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम भी कर रहे हैं। उन्होंनेएक लेख के जरिए मोदी सरकारी की युद्ध नीति की सराहना की है। उन्होंने लिखा है कि मोदी सरकार के बीते 11 साल के कार्यकाल में तीन बड़े आतंकवादी हमले हुए। पठानकोट, पुलवामा और पहलगाम। हर बार सरकार ने संयम से जवाब दिया। इस बार सरकार ने दो युवा महिला अधिकारियों को टीवी पर जानकारी देने के लिए भेजा। सरकार का यह कदम लोगों को पसंद आया। सर्वदलीय बैठक में पीएम मोदी का न आना और पीड़ित परिवारों से न मिलना थोड़ा अखरा था।

### पाकिस्तान हो गया बेनकाब झूठ सामने आए: ओवैसी

आतंकियों का पनाहगाह पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पाक को आईना दिखाया है। उन्होंने पाक के ऑपरेशन बुनयान-उल-मरसूस का सही अर्थ बताते हुए पाक सेना और पाक सरकार को झूठा बताया। ओवैसी ने कहा पाक ने अब जो नया हमला किया था, उसका नाम ऑपरेशन बुनयान-उल-मरसूस रखा था। बुनयान-उल-मरसूस कुरान-ए-शरीफ की आयत नंबर चार है, जिसमें अल्लाह ने कहा है कि अगर तुम अल्लाह से मोहब्बत करते तो एक शीशा पिलाई दीवार की तरह खड़े हो जाओ, ये पाकिस्तान की आर्मी जानती नहीं।

### 'उसके' वादे पे यकीन कैसे करूं? थरूर

पाक ने शांति वार्ता के बावजूद सीजफायर का उल्लंघन किया। इसी बीच ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इस



नापाक हरकत के लिए शायराने अंदाज में तंज कसा है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि 'उसकी फितरत है मुकर जाने की, उसके वादे पे यकीन कैसे करूं? शनिवार रात एलओसी के पार पाक से रॉकेट दागे गए थे। इसके कुछ घंटों पहले शशि थरूर ने कहा था कि मुझे लगता है कि शांति बहुत जरूरी है, हमें और जानकारी चाहिए, लेकिन मैं खुश हूं। भारत ने कभी लंबी युद्ध की इच्छा नहीं की, लेकिन आतंकवादियों को एक कड़ा और सख्त संदेश देना चाहता है। भारत के इस कार्रवाई से यह संदेश अब दे दिया गया है।

---

पंजाब-हरियाणा जल विवाद पर हाईकोर्ट सख्त

## पंजाब सरकार ने डैम से नहीं छोड़ा पानी अमानना नोटिस जारी करने की दी चेतावनी

### मान सरकार को फटकार लगाई

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब-हरियाणा जल विवाद पर हरियाणा हाईकोर्ट सख्त हो गया है। इसके साथ ही पंजाब सरकार को अवमानना का नोटिस जारी करने की चेतावनी दी है। पंजाब और हरियाणा के बीच भाखड़ा-नंगल डैम से पानी की आपूर्ति को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद अब न्यायिक मोड़ पर पहुंच गया है। हाईकोर्ट ने कहा कि वह पंजाब सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू कर सकती है, क्योंकि राज्य ने भाखड़ा डैम से हरियाणा को 4,500 क्यूसिक पानी छोड़ने में बाधा डाली है।

### भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के चेयरमैन को हाउस अरेस्ट किया




गुरुवार को नंगल डैम पर हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला जब भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी को गेस्ट हाउस में बंद कर दिया गया और उन्हें हरियाणा को पानी छोड़ने से रोक दिया गया। इस पूरी घटना के पीछे आप के कार्यकर्ता और पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरजोत बैंस थे।

**मुख्य द्वार पर लगाया ताला, यह गलत**

उन्होंने सतलुज सदन के बाहर धरना दिया और मुख्य द्वार को ताला लगाकर त्रिपाठी को बाहर निकलने नहीं दिया। मुख्यमंत्री भगवंत मान भी इस घटनास्थल पर पहुंचे और धरने का समर्थन किया।

### तिलक समारोह में चली गोली, दूल्हा गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के फूलबेहड़ के जोधपुर गांव में शनिवार रात तिलक समारोह की दावत में शामिल होने आए गांव के ही एक व्यक्ति की हर्ष फायरिंग में मौत हो गई। पुलिस ने दूल्हे को हिरासत में ले लिया है। जोधपुर गांव निवासी रामविलास के लड़के विश्वनाथ का तिलक था। बरीछा के बाद रात 11 बजे तिलक की तैयारी चल रही थी।

## हिमाचल में बारिश-बर्फबारी ने बढ़ाई परेशानी



**16 मई तक राहत की उम्मीद नहीं**

**शिमला।** हिमाचल के पहाड़ी इलाकों में मई में भी ठंड का दौर जारी है। शनिवार सुबह चंबा के सचे जोत, रोहतांग समेत ऊंची चोटियों पर बर्फबारी और शिमला-कांगड़ा, कुल्लू, लाहौल जैसे कई क्षेत्रों में बारिश हुई। 16 मई तक हिमाचल के अधिकांश क्षेत्रों में हल्की बारिश का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान है। केरल से दक्षिण पश्चिम मानसून की रफ्तार सामान्य रही तो हिमाचल पहुंचने में बीते कुछ वर्षों का रिकॉर्ड टूटेगा। प्रदेश के इतिहास में सबसे पहले साल 2000 में नौ जून को मानसून पहुंचा था। साल 2024 में 27 और 2023 में 24 जून को मानसून ने प्रवेश किया।

---

मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में लगातार गिरावट का रुख

## देश में 130 प्रति लाख जन्मों से घटकर अब 93 हो गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में सतत विकास लक्ष्य 2030 की प्राप्ति की दिशा में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में लगातार गिरावट का रुख देखा जा रहा है। मातृ मृत्यु दर अनुपात (एमएमआर) में उल्लेखनीय कमी आई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि यह 2014-16 में प्रति लाख जन्मों पर 130 से 37 अंक घटकर 2019-21 में 93 हो गई है। शिशु मृत्यु दर 2014 में 39 प्रति 1000 जन्मों से घटकर 2021 में 27 प्रति 1000 जन्मों पर आ गई। नवजात मृत्यु दर 2014 में 26 प्रति 1000 जन्मों से घटकर 2021 में 19 प्रति 1000 जन्मों पर आ गई। 5वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर 2014 में 45 प्रति 1000 जन्मों से घटकर 2021 में 31 प्रति 1000 जन्मों पर आ गई है, प्रजनन दर 2021 में 2.0 पर स्थिर है। जन्म के समय लिंग अनुपात 899 से 913 हो गया है।

### स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने दी जानकारी

**शिशु मृत्यु दर संकेतकों में गिरावट हो रही**



भारत के महापंजीयक द्वारा 7 मई को जारी नमूना पंजीकरण प्रणाली रिपोर्ट 2021 के अनुसार भारत में प्रमुख मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। देश के मातृ मृत्यु अनुपात में उल्लेखनीय कमी आई है। यह 2014-16 में प्रति लाख जन्मों पर 130 से 37 अंक घटकर 2019-21 में 93 हो गई है। शिशु मृत्यु दर संकेतकों में गिरावट जारी है।

**नवजात मृत्यु दर भी हो गई काफी कम**

नवजात मृत्यु दर 2014 में प्रति 1000 जन्मों पर 26 से घटकर 2021 में प्रति 1000 जन्मों पर 19 हो गई है। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) 2014 में प्रति 1000 जन्मों पर 45 से घटकर 2021 में प्रति 1000 जन्मों पर 31 हो गई है। जन्म के समय लिंग अनुपात 2014 में 899 से सुधरकर 2021 में 913 हो गया है। कुल प्रजनन दर 2021 में 2.0 पर स्थिर है।

### अधिकतर राज्य लक्ष्य प्राप्त कर चुके

देश में केरल (20), महाराष्ट्र (38), तेलंगाना (45), आंध्र प्रदेश (46), तमिलनाडु (49), झारखंड (51), गुजरात (53), कर्नाटक (63)। वहीं, बारह (12) राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पहले ही यू5एमआर का एसडीजी लक्ष्य प्राप्त कर चुके हैं। केरल (8), दिल्ली (14), तमिलनाडु (14), जम्मू और कश्मीर (16), महाराष्ट्र (16), पश्चिम बंगाल (20), कर्नाटक (21), पंजाब (22), तेलंगाना (22), हिमाचल प्रदेश (23), आंध्र प्रदेश (24) और गुजरात (24)। 6 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश एनएमआर का एसडीजी लक्ष्य प्राप्त कर चुके हैं।

---

असम के सीएम सरमा बोले

## अवैध विदेशियों को बांग्लादेश भेजा, इनमें कैदी भी शामिल

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि रोहिंग्याओं सहित असम के मटिया हिरासत केंद्र के कैदी उन पहचाने गए विदेशियों में शामिल हैं, जिन्हें हाल ही में बांग्लादेश में वापस भेजा गया है। मटिया ट्रांजिट सेंटर राज्य में अवैध विदेशियों के लिए हिरासत शिविर है। सरमा की यह टिप्पणी पिछले सप्ताह बांग्लादेशी मीडिया में आई उन रिपोर्टों के बाद आई है, जिनमें कहा गया था कि बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने बुधवार को रोहिंग्याओं और बंगाली भाषी लोगों सहित कम से कम 123 लोगों को हिरासत में लिया था। सरमा ने मीडिया से कहा कि यह भारत सरकार द्वारा देश भर के विदेशी नागरिकों को शामिल करने वाला एक 'ऑपरेशन' था, जिसमें असम भी एक हितधारक था। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश भेजे गए लोगों में मटिया ट्रांजिट कैंप के कैदी भी शामिल थे, जिन्हें भेज दिया गया है।

खबर संक्षेप

## बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ 82 प्रतिशत उछला

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 82 प्रतिशत उछलकर 2,626 करोड़ रुपये हो गया। बैंक की शुद्ध ब्याज आय समीक्षाधीन तिमाही में दो प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 6,063 करोड़ रुपये रही, लेकिन अन्य आय 96 प्रतिशत बढ़कर 3,428 करोड़ रुपये हो गई।

## बीते सप्ताह रही सभी तेल तिलहन की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** मंडियों में कम आवक और मांग बढ़ने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सभी तेल-तिलहन के दाम मजबूत बंद हुए। इस सुधार के बावजूद मूंगफली और सोयाबीन का हाजिर दाम अब भी न्यूनतम समर्थन मूल्य से काफी नीचे है। सुधार पिछले सप्ताह की कीमत के मुकाबले जरूर आया है पर वास्तव में इसे सुधार कहना अनुचित होगा।

## अरामको का पहली तिमाही का मुनाफा 4.6 फीसदी घटा

**दुबई।** सऊदी अरब की सरकारी स्वामित्व वाली पेट्रोलियम क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अरामको का चालू साल की पहली तिमाही का मुनाफा पिछले साल की समान अवधि से 4.6 प्रतिशत घटकर 26 अरब डॉलर रहा है। अरामको को पूर्व में सऊदी अरामको ऑयल कंपनी के नाम से जाना जाता था। तिमाही में कंपनी का राजस्व 108.1 अरब डॉलर रहा। कंपनी ने रियाद के तदावुल स्टॉक एक्सचेंज को यह जानकारी दी है।

## इंफो एज को स्टार्टअप में निवेश पर 36 फीसदी मिला रिटर्न

**नई दिल्ली।** नौकरी मंच नौकरी डॉट कॉम की मूल कंपनी इन्फो एज को इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) से लेकर पॉलिसी बाजार तक भारतीय स्टार्टअप कंपनियों पर लगाए गए दीर्घकालिक दांव से लगभग 10 गुना का जबर्दस्त रिटर्न मिला है। लिखे पत्र में बताया कि उसका अनुमानित सकल आंतरिक रिटर्न 36 प्रतिशत है।

संजीव बिखचंदानी की अगुवाई वाली इस कंपनी ने पिछले डेढ़ दशक में विभिन्न मंच पर कुल 3,959.16 करोड़ रुपये की पूंजी निवेश की है।

# पर्सनल लोन नहीं चुकाने पर हो सकती है जेल? बैंक ग्राहक के खिलाफ लेते हैं एक्शन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

किसी को भी अचानक पैसों की जरूरत पड़ सकती है। अगर आपके पास इमरजेंसी फंड और बचत नहीं है, तो आपको कर्ज लेने की नौबत आ जाती है। ऐसे में लोग पर्सनल लोन लेते हैं। ध्यान रखें कि पर्सनल लोन सबसे अधिक ब्याज दर वाला लोन होता है। इसलिए कोई दूसरा विकल्प नहीं बचे तब ही पर्सनल लोन की तरफ जाना चाहिए। कई बार लोग अपने शौक पूरे करने या शेयर मार्केट में पैसा लगाने के लिए पर्सनल लोन ले लेते हैं। फिर वे अपने बैंक लोन को चुका नहीं पाते हैं। अगर आप पर्सनल लोन नहीं चुका पाए तो बैंक क्या-क्या कर सकता है।

- ग्राहक के खिलाफ सिविल मुकदमा दाखिल किया जा सकता है

### पर्सनल लोन सबसे अधिक ब्याज दर वाला लोन होता है

#### लोन रिकवरी एजेंट

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के अनुसार, जब लोन देने वाला बैंक किसी व्यक्ति से कर्ज की राशि वसूलने में असमर्थ होते हैं, तो वे वसूली के लिए डेट कलेक्शन एजेंसियों को नियुक्त कर सकते हैं। डेट कलेक्शन एजेंसी के रिकवरी एजेंट कर्ज न चुकाने वाले व्यक्ति के साथ उत्पीड़न कर सकते हैं, जिससे काफी तनाव और चिंता हो सकती है। कई मामलों में हालत काफी बिगड़ भी जाते हैं।




#### सिबिल स्कोर हो जाएगा खराब

आप जब किसी बैंक का लोन नहीं चुका पाते हैं, तो आपका सबिल स्कोर बुरी तरह खराब हो जाएगा। इससे फ्यूचर में आपको किसी भी बैंक से लोन मिलने में बहुत परेशानी होगी। कोई बैंक लोन देने को तैयार भी हुआ तो काफी अधिक ब्याज दर वाली डील मिलेगी।

#### लीगल एक्शन

जब ग्राहक बैंक के द्वारा बार-बार चेताने पर भी लोन नहीं भरे, तो बैंक लीगल एक्शन ले सकता है। इस लीगल एक्शन में ग्राहक के खिलाफ सिविल मुकदमा दाखिल किया जा सकता है। ऐसे मामलों में कोर्ट लोन का भुगतान न करने वाले व्यक्ति को लोन को चुकाने का आदेश दे सकता है। कई मामलों में कोर्ट ऐसे लोगों से लोन की रिकवरी के लिए उनकी संपत्ति को जब्त करने और बेचने का भी आदेश दे सकता है। ऐसे मुकदमों में जेल की सजा भी हो सकती है।

### मर्सिडीज- बेंज इंडिया व बीएमडब्ल्यू ने समझौते को सकारात्मक बताया

# भारत-ब्रिटेन एफटीए से लक्जरी कार की कीमतों पर विशेष असर नहीं : कंपनियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मर्सिडीज-बेंज इंडिया और बीएमडब्ल्यू ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को एक सकारात्मक घटनाक्रम बताते हुए कहा है कि इससे देश में लक्जरी कार की कीमतों पर विशेष असर नहीं पड़ेगा।

पिछले सप्ताह भारत और ब्रिटेन ने एक ऐतिहासिक व्यापार करार पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क कम होगा और ब्रिटिश कंपनियों के लिए भारत में व्हिस्की, कार और अन्य उत्पादों का निर्यात करना आसान हो जाएगा। इस करार का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार को 2030 तक दोगुना कर 120 अरब डॉलर पर पहुंचाना है। अभी द्विपक्षीय व्यापार 60 अरब डॉलर है।

#### समझौते में पर्याप्त सुरक्षा उपाय शामिल

भारत ने अपने संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा के लिए समझौते में पर्याप्त सुरक्षा उपाय शामिल किए हैं और वाहन क्षेत्र में आयात शुल्क 10-15 साल में कम किया जाएगा। ब्रिटेन से पेट्रोल और डीजल इंजन वाहनों के आयात पर शुल्क रियायत पूर्व-निर्धारित कोटा तक सीमित है।



#### मर्सिडीज ने मुक्त व्यापार की वकालत की

मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा, "मूल रूप से हमने हमेशा एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के रूप में मुक्त व्यापार की वकालत की है, क्योंकि हमें लगता है कि यह बेहतर वृद्धि में मदद करता है... इसलिए मुझे लगता है कि हमारे लिए निश्चित रूप से यह एक स्वागतयोग्य कदम है।"

#### आज भी 15 से 16 प्रतिशत शुल्क

सीईओ अय्यर ने कहा कि भारत-ब्रिटेन समझौते और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत के कारण ऐसी उम्मीद है कि कारों के दाम घटेंगे। अय्यर ने कहा, भारत में हम (उद्योग) जितनी कारें बेचते हैं, उनमें से लगभग 95 प्रतिशत सीकेडी के रूप में हैं। इसका मतलब है कि आज भी मुश्किल से 15-16 प्रतिशत शुल्क है।

#### कीमतों में भारी कटौती की उम्मीद

इसलिए कीमतों में भारी कटौती की उम्मीद करना, मुझे नहीं लगता कि एफटीए के साथ भी ऐसा होगा। उन्होंने कहा कि दूसरा महत्वपूर्ण कारक आयातित कारों के लिए कोटा-आधारित प्रणाली है।

#### कंपनी मुक्त बाजार पहुंच का समर्थन करती है

बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और सीईओ विक्रम पावाह ने कहा कि वाहन कंपनी मुक्त बाजार पहुंच और व्यापार बाधाओं में कमी का समर्थन करती है क्योंकि यह समग्र आर्थिक वृद्धि के साथ उपभोक्ताओं के लिए भी लाभ की स्थिति है।

- पिछले सप्ताह ऐतिहासिक व्यापार करार पर हस्ताक्षर किए गए
- एफटीए से 99 फीसदी भारतीय निर्यात पर शुल्क कम होगा
- ब्रिटिश कंपनियों को भारत में व्हिस्की, कार आदि निर्यात करना होगा आसान

#### एफटीए में वस्तुएं, सेवाएं और परिवहन शामिल

पावाह ने कहा, "भारत-ब्रिटेन एफटीए एक ऐतिहासिक करार प्रतीत होता है, जिसमें वस्तुएं, सेवाएं और परिवहन शामिल हैं और यह विकसित भारत के व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देगा। हालांकि, पाहवा ने कहा कि भारतीय लक्जरी कार खंड पर इसका प्रभाव तब स्पष्ट होगा, जब इसके विवरण सामने आएंगे।

# भारत-पाक संबंधों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- मुद्रास्फीति और तिमाही नतीजों का भी असर होगा बाजार पर
- वैशिवक्र रुझानों से निवेशकों की भावनाएं होंगी प्रभावित

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने के समझौते के बाद इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की नजर भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर रहेगी। विश्लेषकों ने यह जानकारी दी। कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा व्यापक आर्थिक आंकड़ों, चौथी तिमाही के नतीजों, विदेशी निवेशकों के रुख और वैश्विक रुझानों से भी निवेशकों की भावनाएं प्रभावित होंगी। भारत और पाकिस्तान ने चार दिन तक सीमापार ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद तत्काल प्रभाव से सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए शनिवार को एक समझौता किया।

'तनाव कम होने से निवेशकों पर दबाव कम हुआ है और इसे वित्तीय बाजारों द्वारा एक सकारात्मक घटनाक्रम के रूप में देखा जा सकता है। ऐतिहासिक रूप से, बाजारों ने इस तरह के भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद मजबूती और उबरने की प्रवृत्ति दिखाई है। तापसे ने कहा कि सभी की निगाहें एफआईआई पर होंगी, जिन्होंने पिछले दो सप्ताह से लगातार शुद्ध खरीदार बने रहने के बाद शुक्रवार के बिकवाली की।

यह सप्ताह महत्वपूर्ण होगा, जिसमें कई प्रमुख घरेलू कारक होंगे। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव सहित भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर नजर रहेगी। व्यापक आर्थिक मोर्चे पर निवेशक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई), थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) और विदेश व्यापार सहित प्रमुख आंकड़ों पर नजर रखेंगे।

## डॉ रेड्डीज लैब के लाभ में 21 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दवा क्षेत्र की डॉ रेड्डीज लेबोरेटरीज ने कहा कि मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 1,587 करोड़ रुपये हो गया जिसमें अमेरिका और भारत सहित सभी क्षेत्रों में मजबूत बिक्री की अहम भूमिका रही। मार्च तिमाही में 1,307 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। डॉ रेड्डीज लेबोरेटरीज ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि आलोच्य अवधि में उसका राजस्व बढ़कर 8,506 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 7,083 करोड़ रुपये था।

# गोयल गलगोटिया विवि के दीक्षांत समारोह में 5123 छात्र-छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान की गई

**ग्रेटर नोएडा।** स्नातकों को संबोधित करते हुए पीयूष गोयल ने बताया कि भारत की युवा पीढ़ी में वो ताकत है जो देश को वैश्विक मंच पर अग्रणी बना सकती है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय दुनिया की शीर्ष संस्थाओं में शामिल है और पेटेंट फाइलिंग में तीसरे नंबर पर है, जो बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप जहां भी रहें वहाँ अपने काम से अपना और अपने देश का नाम रोशन कीजिए।

गोयल गलगोटिया विश्वविद्यालय में गत दिवस 9वें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। देशभर से आए 5123 छात्र-छात्राओं विभिन अनुषाशनों में उपाधियाँ प्रदान की गईं। मुख्य अतिथि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, विशिष्ठ अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, बोट के




सीईओ अमन गुप्ता, गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, और शिक्षाविद विनय कुमार पाठक समेत कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की।

गोयल ने प्रधानमंत्री द्वारा नक्सलवाद और आतंकवाद के विरुद्ध उठाए गए सशक्त कदमों का जिक्र करते हुए भारत की आर्थिक प्रगति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने छात्रों को कठिन परिश्रम और निरंतर संघर्ष के लिए प्रेरित किया तथा वर्ष 2047 तक भारत के हर घर में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही निर्माणाधीन जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उल्लेख करते हुए भारत की विकास यात्रा और वैश्विक मंच पर उसकी उपस्थिति की सराहना की। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए छात्रों को सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में जिस तेजी से नई-नई तकनीकों का विकास हो रहा है उसमें युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे तकनीकी नवाचारों को केवल उपयोग तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें समाज के हित में इस्तेमाल करते हुए राष्ट्र निर्माण में

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# पीएनबी वृद्धि का नया रास्ता तैयार कर रहा : एमडी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के प्रबंध निदेशक अशोक चंद्रा ने कहा कि पुरानी समस्याओं को पीछे छोड़ते हुए बैंक ने चालू वित्त वर्ष (2025-26) और उसके बाद के वर्षों में प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने के लिए परिचालन लाभ पर विशेष ध्यान देते हुए वृद्धि के नए रास्ते पर कदम रखा है। फंसे कर्ज (एनपीए) में कमी, कम लागत वाली जमा राशि जुटाना, शुल्क आय वृद्धि के लिए अवसरों में वृद्धि और खराब कर्ज से वसूली बैंक के अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं, जो शुद्ध लाभ सहित विभिन्न मापदंडों में अच्छा सुधार दिखा रहे हैं।

***बैंक के कुल कारोबार में 14 फीसदी की वृद्धि :*** *बैंक का कुल कारोबार पिछले वित्त वर्ष में 14 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 26.83 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो बैंकिंग प्रणाली में सबसे अधिक है। बैंक में कई पुरानी समस्याएं थीं, जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सबसे अधिक सकल और शुद्ध गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) शामिल हैं।*

***सकल एनपीए चार फीसदी नीचे आया:*** *चंद्रा ने कहा कि एनपीए में उल्लेखनीय कमी लाई गई है, तथा सकल एनपीए चार प्रतिशत से नीचे आ गया है और शुद्ध एनपीए 0.5 प्रतिशत पर आ गया है।*

**पावरग्रिड बीकानेर ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड**
(पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100% अनुषंगी कंपनी)
पंजीकृत कार्यालयः बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवरिया सराय, नई दिल्ली–110 016

**सूचना**

1. उपर्युक्त–नामित याचिकाकर्ता ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष **"राजस्थान आरईजेड फेज–IV (भाग–1) (बीकानेर कॉम्प्लेक्स) – भाग–ई"** से विद्युत ईवैकुएशन हेतु ट्रांसमिशन सिस्टम के लिए डीओसीओ से 31.03.2024 तक टैरिफ निर्धारण हेतु याचिका दायर की है।
2. ट्रांसमिशन सिस्टम के लाभार्थी हैं: (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (घ) पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (ङ) हरियाणा पावर क्रय केंद्र (च) जम्मू और कश्मीर विद्युत निगम लिमिटेड (छ) उत्तर प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड (ज) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (झ) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (ञ) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (ट) चंडीगढ़ बिजली विभाग (ठ) उत्तरांचल विद्युत निगम लिमिटेड (ड) उत्तर मध्य रेलवे (ढ) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (ण) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड. (त) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लि.।
3. उत्पादन स्टेशन की क्षमता/लाइन की लंबाई, ट्रांसमिशन सिस्टम के बे की संख्याः
4. परियोजना की स्वीकृत पूंजी लागत (लाख रुपए में) – 202.39 करोड़ रुपए
5. वाणिज्यिक संचालन की तिथि तक पूंजी लागत (लाख रुपए में):

| परिसंपत्ति | परिसंपत्ति का नाम | परियोजना की अनुमोदित लागत (रु. लाख में) | |
|---|---|---|---|
| | | एफआर | वास्तविक |
| परिसंपत्ति-1 | 400/220kV, 500 एमवीए टी एंड आर मेक आईसीटी-6, 400/220kV बीकानेर-II एसएस पर संबद्ध बे के साथ | 4047.80 | 4475.44 |
| परिसंपत्ति-2 | 400/220kV, 500 एमवीए टी एंड आर मेक आईसीटी-7 सहित 400/220kV बीकानेर-II एसएस पर संबद्ध बे के साथ | 4047.80 | 4490.82 |

पूंजी लागत को स्वीकृति देने वाला प्राधिकरणः निदेशक मंडल

6. वाणिज्यिक परिचालन की निर्धारित तिथिः परिसंपत्ति–1: 31.12.2024, परिसंपत्ति–2: 31.01.2025
7. वाणिज्यिक परिचालन की वास्तविक तिथिः परिसंपत्ति–1: 30.12.2024, परिसंपत्ति–2: 03.02.2025
8. टैरिफ का विवरण (केवल प्रयोज्य भाग प्रकाशित करें): (रु. लाख में)

| परिसंपत्ति | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 |
|---|---|---|---|---|---|
| परिसंपत्ति–1 | 195.02 | 860.83 | 883.41 | 888.54 | 885.98 |
| परिसंपत्ति–2 | 122.20 | 862.58 | 885.11 | 890.02 | 887.54 |

9. टैरिफ निर्धारण के लिए की गई याचिका की एक प्रति वेबसाइट https://www.powergrid.in/en/powergrid-bikaner-transmission-system-limited-0 पर पोस्ट की गई है।
10. याचिका में निहित टैरिफ निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हों, लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा आयोग के ई–फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से दाखिल की जा सकती हैं, जिसकी एक प्रति इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर याचिकाकर्ता को भी भेजी जाएगी।

स्थानः बीकानेर
तिथिः 05.05.2025

हस्ता./–
श्री के.के. चौधरी
प्रोजेक्ट प्रभारी

PG/CC/Notice-231/Advt-298/2025-26

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5864




**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर–4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी–4)
8.हवा,समीर–3
9.रुष्ट,गुस्सा होना–2
11.सफेद,श्वेत–3
12.हमेशा,सदैव–4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा–2
15.सिर्फ,महज–3
17.अनाज का कण–2
19.आधुनिक,नया–5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा–5
25.सदैव–2
26.ध्वजा–3
27.अधिकार–2
28.असमकक्ष–4
30.चिलमन,नकाब–3
31.वायु रोग–2
33.नल,टोंटी–3
35.आवश्यकता–4
36.शमशीर–4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी–2
3.नीच,अपराधी–4
4.बिजली कौंधना–5
5.बंदर,मर्कट–3
6.जूं का अंडा–2
7.दक्षता,होशियारी–4
10.उपकार,दया भार–4
13.कुचलना,दबाना–3
16.आमदनी–3
17.मूल्य,कीमत–2
18.वाद्य यंत्र–2
20.बहादुरी–3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
22.नाज,नखरा–2
23.उत्तराधिकारी–3
24.आधुनिकता–4
25.झिझकना–5
26.हौसला, ताकत–4
28.शत्रुता,दुश्मनी–4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू–3)
32.पेड़,दरख्त–2
34.औषधि–2

### शब्द पहेली- 5863 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | ह | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ह | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |



# बायर्न म्यूनिख ने जीता बुंडेसलिगा खिताब


मुलर ने विदाई मैच में मनाया ट्रॉफी का जश्न

**2-0** से मोनचेंग्लादबाक को हराया

**34वां** रिकॉर्ड खिताब बायर्न के नाम

**31वें** मिनट में हैरी केन ने दागा गोल

**25** गोल के साथ सत्र में केन शीर्ष स्कोरर

**90वें** मिनट में ओलिसे ने किया दूसरा गोल

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी थॉमस मुलर के घरेलू मैदान पर आखिरी मैच में बोरुसिया मोनचेंग्लादबाक पर 2-0 की जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने बुंडेसलिगा (जर्मनी की शीर्ष घरेलू लीग) खिताब का जश्न मनाया। बायर्न के कप्तान मैनुअल नेउर ने ट्रॉफी उठाने के बाद उसे जर्मनी के दिग्गज खिलाड़ी मुलर को थमा दिया। मुलर ने टॉफी की ऊपर उठाकर जश्न मनाया।

बायर्न म्यूनिख के घरेलू मैदान पर जब इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने इस ट्रॉफी को पकड़ा तो एक बार फिर से भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। केन अपने करियर में कई बार खिताब के करीब पहुंच कर चूक गए हैं। यह शीर्ष स्तर पर उनके करियर की पहली ट्रॉफी है। बायर्न ने पिछले सप्ताह ही बुंडेसलिगा में रिकॉर्ड 34वां खिताब अपने नाम किया था। केन ने मैच के 31वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। वह 25 गोल के साथ लीग के मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है। माइकल ओलिसे ने 90वें मिनट में मैच का दूसरा गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।



## खबर संक्षेप



### भारतीय भारोत्तोलक देवी चौथे स्थान से निराश

**जियांगशान।** भारतीय भारोत्तोलक निरुपमा देवी को रविवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में महिलाओं की 64 किग्रा वर्ग में क्लीन एंड जर्क में दो असफल प्रयासों के कारण चौथे स्थान पर रहकर कांस्य पदक से हाथ धोना पड़ा।

एशियाई युवा भारोत्तोलन चैंपियनशिप की पदक विजेता 24 वर्षीय निरुपमा देवी क्लीन एंड जर्क में 115 किग्रा ही उठा पाई जबकि 120 किग्रा और 125 किग्रा उठाने का उनका प्रयास विफल रहा। इससे स्नैच में 91 किग्रा से उनका गैर-ओलंपिक वर्ग में कुल वजन 206 किग्रा हो गया।

### सप्तक तलवार संयुक्त 48वें स्थान पर खिसके

**गिरोना।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार यहां फॉन्टानल्स गोल्फ क्लब में 'चैलेंज डी एस्पाना' के तीसरे दौर में दो ओवर 73 के निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 48वें स्थान पर खिसक गए।



शुरुआती दो दौर में 69 और 66 का कार्ड खेलने वाले तलवार का कुल स्कोर अब पांच अंडर है। वह पहले दो दौर की लय को तीसरे दौर में जारी नहीं रख सके। वह इसमें एक बर्डी के मुकाबले तीन बोगी कर बैठे। फ्रांस के क्लेमेंट चार्मसन पांच अंडर 66 का कार्ड खेलने के बाद कुल 15 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

### ट्रैप निशानेबाज फाइनल में जगह बनाने से चूके

**निकोसिया।** भारत के ट्रैप निशानेबाजों ने आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप के व्यक्तिगत स्पर्धाओं के क्वालीफिकेशन में शनिवार को यहां निराशाजनक प्रदर्शन किया।



ओलंपियन काइनान चेनाई 17वें स्थान के साथ भारतीय निशानेबाजों में सर्वश्रेष्ठ रहे। उन्होंने आखिरी दो दौर में 24 और 23 के निशाने लगाकर कुल 117 अंक बनाए। पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में शारदुल विहान और भवनीश मेंदीरत्ता क्रमशः 62वें और 65वें स्थान पर रहे। महिलाओं की स्पर्धा में कीर्ति गुप्ता, राजेश्वरी कुमारी और सबीरा हारिस की तिकड़ी भी फाइनल में जगह बनाने में विफल रहीं।

### दर्शकों को नहीं घबराने के लिए धन्यवाद : प्रीति

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पहाड़ी शहर धर्मशाला में 'ब्लैकआउट' के चलते पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच रद्द होने के कुछ दिनों बाद अभिनेत्री और पंजाब आईपीएल टीम की सह मालिक प्रीति जिंटा ने स्टेडियम में दर्शकों को नहीं घबराने के लिए रविवार को धन्यवाद दिया। पंजाब की टीम गुरुवार को 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना चुकी थी जब बत्ती गुल हो गई।

## स्नेह राणा 15 विकेट लेकर बनीं प्लेयर ऑफ द सीरीज

# भारत बना त्रिकोणीय श्रृंखला का चैंपियन श्रीलंका को रौंदा, स्मृति मंधाना का शतक






एजेंसी ▶▶| कोलंबो

स्मृति मंधाना की आक्रामक शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के फाइनल में रविवार को यहां श्रीलंका को 97 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। मंधाना ने 101 गेंदों पर 116 रन की शानदार पारी खेली।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 342 रन का बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद स्नेह राणा के चार और अमनजोत कौर के तीन विकेट से श्रीलंका की पारी को 48.2 ओवर में 245 रनपर समेट दिया। श्रीलंका के लिए कप्तान चमारी अटापट्टू ने सबसे ज्यादा 66 गेंद 51 रन का योगदान दिया। नीलाक्षी डिसिल्वा ने 48 रन की पारी खेली। मंधाना ने 21 रन पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए अट्टापट्टू के खिलाफ लगातार चार चौके जड़कर वनडे करियर का 11वां शतक पूरा किया। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (30) के साथ 89 गेंद में 70 रन की साझेदारी टूटने के बाद मंधाना ने तेजी से रन बनाना शुरू किया। उन्होंने हरलीन देओल (47 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 106 गेंद में 120 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को देवमी विहंगा ने मंधाना को आउट कर तोड़ा।

### अर्धशतक से चूकीं बल्लेबाज

कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने इसके बाद तेजी से रन जुटाए लेकिन दोनों अर्धशतक पूरा करने से चूक गयीं। हरमनप्रीत ने 30 गेंद में चार चौके और एक छक्का की मदद से 41 रन की पारी खेली जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 123 रन बनाने वाली जेमिमा ने 29 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में चार चौके की मदद से 44 रन बनाए। दीप्ति शर्मा (नाबाद 20) और अमनजोत कौर (18 रन) ने आक्रमक रवैया जारी रखा जिससे भारत ने आखिरी 10 ओवर में 90 रन बटोर कर स्कोर को 340 रन के पार ले जाने में सफल रहा।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रतिका का वत्सला बो रनवीरा | 30 | 49 | 2 | 0 |
| मंधाना का समरविक्रमा बो विहंगा | 116 | 101 | 15 | 2 |
| हरलीन का एवं बो विहंगा | 47 | 56 | 4 | 0 |
| हरमनप्रीत का मदारा बो सुगंधिका | 41 | 30 | 4 | 1 |
| रोड्रिग्स का सिल्वा बो सुगंधिका | 44 | 29 | 4 | 0 |
| घोष का स्था. करुणारत्ने बो मदारा | 08 | 09 | 0 | 1 |
| कौर का स्था. करुणारत्ने बो मदारा | 18 | 12 | 2 | 0 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 20 | 14 | 3 | 0 |
| क्रांति गौड़ नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 18, कुल : 50 ओवर में 342/7
गेंदबाजी : मदारा 10-0-74-2, विहंगा 10-0-69-2, सुगंधिका 10-0-59-2, रनवीरा 10-0-62-1, चमारी 8-0-61-0, वत्सला 2-0-17-0.

| श्रीलंका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हसिनी परेरा बो अमनजोत | 00 | 03 | 0 | 0 |
| विष्मी गुणारत्ने बो अमनजोत | 36 | 41 | 5 | 0 |
| चमारी अटापट्टू बो राणा | 51 | 66 | 6 | 1 |
| नीलाक्षी का हरलीन बो राणा | 48 | 58 | 5 | 0 |
| हर्षिता का मंधाना बो अमनजोत | 26 | 32 | 4 | 0 |
| देवमी का स्नेह बो श्री चरणी | 04 | 06 | 1 | 0 |
| अनुष्का का अमनजोत बो राणा | 28 | 41 | 2 | 0 |
| पियूमी वत्सला रन आउट | 09 | 13 | 1 | 0 |
| सुगंधिका कुमारी रन आउट | 27 | 29 | 5 | 0 |
| मलकी मदारा बो राणा | 00 | 01 | 0 | 0 |
| इनोका रनवीरा नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 16, कुल : 48.2 ओवर में 245/10
गेंदबाजी : अमनजोत 8-0-54-3, क्रांति गौड़ 5-0-22-0, दीप्ति 10-0-43-0, श्री चरणी 10-0-55-1, स्नेह राणा 9.2-1-38-4, प्रतिका 5-0-18-0, हरलीन 1-0-12-0.

## ला लिगा

# सोरलोथ की सबसे तेज हैट्रिक

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना



एटलेटिको मैड्रिड के स्ट्राइकर अलेक्जेंडर सोरलोथ ने शुरुआती आधे घंटे में चार गोल करने के दौरान ला लिगा के इतिहास में सबसे तेज हैट्रिक का रिकॉर्ड बनाया, जिससे रियल सोसिएदाद को 4-0 से करारी शिकस्त मिली। नार्वे के इस स्ट्राइकर ने मैड्रिड के मेट्रोपॉलिटन स्टेडियम में सातवें, 10वें और 11वें मिनट में गोल करके हैट्रिक पूरी की। 'ऑप्टा स्टैटिस्टिक्स' के अनुसार उनका यह हैट्रिक गोल ला लिगा में अब तक का सबसे तेज था। पिछला रिकॉर्ड 1941 में एडमंडो सुआरेज डी ट्रेंबािको के नाम था जिन्होंने शुरुआती 15 मिनट में तीन गोल किए थे। इस जीत से एटलेटिको मैड्रिड ने 35 मैचों में 70 अंक के साथ तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की।

# ईपीएल : सिटी को कमजोर साउथेम्प्टन ने बराबरी पर रोका



**लंदन।** एरलिंग हालैंड की लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी भी मैनचेस्टर सिटी को इंग्लिश प्रीमियर लीग में जीत दिलाने में विफल रही। पहले ही रेलीगेट (निचली लीग में खिसकना) हो चुकी साउथेम्प्टन ने उसे गोलरहित बराबरी पर रोक दिया। इस परिणाम के बाद मैनचेस्टर सिटी के लिए चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करना भी अधर में लटक गया। टीम पिछले कई सत्रों से आसानी से चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई कर ले रही थी लेकिन अब उसे अपने बचे हुए दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने के साथ अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। सिटी की टीम 36 मैचों में 65 अंक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के नाम 35 मैचों में 67 अंक है। खिताब पक्का कर चुकी लिवरपूल 82 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

## तीरंदाजी विश्व कप

# दीपिका, सालुंखे ने जीता कांस्य सात पदक से अभियान खत्म



एजेंसी ▶▶| शंघाई

भारत की सबसे सफल तीरंदाज दीपिका कुमारी सेमीफाइनल में मिली हार के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण दो की रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना सम्मान बचाने में सफल रहा जबकि पार्थ सालुंखे ने पहली बार पोडियम पर जगह बनाई। भारत का अभियान इस तरह से सात पदकों के साथ खत्म हुआ।

कम्पाउंड तीरंदाजों ने इससे पहले शनिवार को दो स्वर्ण के साथ पांच पदक जीतकर दबदबा कायम किया था। इसमें तीन पदक में मधुरा धामनगंकर का योगदान रहा। उन्होंने व्यक्तिगत स्वर्ण के साथ महिला और मिश्रित टीम में पदक जीत कर तीन साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी का जश्न मनाया। दीपिका को अंतिम चार मैच में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी लिम सिहियोन ने महिला रिकर्व व्यक्तिगत मुकाबले में 7-1 के अंतर से हराया।

### दीपिका ने पोडियम पर बनाई जगह

*भारत की 30 साल की तीरंदाज ने हालांकि सेमीफाइनल की निराशा को पीछे छोड़ते हुए कांस्य पदक के मैच में कोरिया की एक अन्य खिलाड़ी कांग चेन योंग के खिलाफ 7-3 की जीत के साथ पोडियम पर अपनी जगह पक्की की। दीपिका ने सेमीफाइनल में हार का सामना करने के बाद कांस्य पदक के मैच में अधिक धैर्य और रणनीतिक स्पष्टता दिखाई। पहला सेट 27-27 से बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन दीपिका ने दूसरे सेट में 28 अंक बनाकर 3-1 की बढ़त बना ली। पूर्व विश्व चैंपियन कांग ने हालांकि वापसी करते हुए दीपिका के 27 के मुकाबले 30 अंक के साथ स्कोर को 3-3 से बराबर कर दिया। चार बार ओलंपिक खेल चुकी दीपिका ने अनुभव का शानदार इस्तेमाल करते हुए तीनों निशाना 10 अंक पर साध कर 5-3 की बढ़त कायम की। उन्होंने इसके बाद कांग के 28 के मुकाबले 29 अंक जुटाते हुए अपनी जीत पक्की कर ली।*

### सालुंखे ने दिलाया 7वां पदक

*पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में क्वालीफाइंग में 60वें स्थान पर रहने वाले पार्थ सालुंखे ने कांस्य पदक जीतकर देश का सातवां पदक पक्का किया। इस 21 साल के खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में कोरिया के दिग्गज किम वूजिन से हार के बाद शानदार वापसी करते हुए उच्च वरीयता प्राप्त फ्रांस के तीरंदाज बैपटिस्ट एडिस को पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 6-4 से हराकर अपना पहला विश्व कप पदक जीता।*

# नीरज दोहा डाइमंड लीग में पेश करेंगे चुनौती

**दोहा।** स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 16 मई को प्रतिष्ठित डाइमंड लीग प्रतियोगिता के दोहा चरण में तीन अन्य हमवतन खिलाड़ियों के साथ हिस्सा लेंगे। यह किसी डाइमंड लीग प्रतियोगिता में भारत के सबसे अधिक प्रतिभागी हैं। यहां 2023 (88.67 मीटर) में खिताब जीतने और 2024 (88.36 मीटर) में दूसरे स्थान पर रहे नीरज पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में किशोर जेना के साथ हिस्सा लेंगे। जेना ने 2024 में भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था और 76.31 मीटर के थ्रो के साथ नौवें स्थान पर रहे थे। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में कई स्टार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जिसमें दो बार के विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स, 2024 के विजेता चेक गणराज्य के जेकब वाडलेच, जर्मनी के जूलियन वेबर और मैक्स डेहनिंग, कीनियर के जूलियस येगो और जापान के रोडरिक जेनकी डीन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।



# केनान व सबीरा ने शॉटगन विश्व कप में ट्रैप मिश्रित टीम कांस्य पदक जीता

एजेंसी ▶▶| निकोसिया(साइप्रस)

ओलंपियन केनान चेनाई और सबीरा हारिस ने रविवार को यहां संपन्न आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत के लिए कांस्य पदक जीता। केनान और सबीरा ने तीसरे स्थान के लिए तुर्की की जोड़ी टोल्गा ट्रून्सर और पेलिन काया को 34-33 से हराया। भारत ने इस तरह प्रतियोगिता में एक कांस्य पदक के साथ अपना सफर खत्म किया। चीन ने स्वर्ण जबकि पोलैंड ने इस स्पर्धा का रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी क्वालीफिकेशन में 34 टीमों के बीच चौथे स्थान पर रही थी जिसमें प्रत्येक टीम के सदस्य द्वारा 75 शॉट दागे जाने के बाद 142 का स्कोर था। इससे पहले शार्दुल विहान और कीर्ति गुप्ता की दूसरी भारतीय जोड़ी 137 अंक लेकर 17वें स्थान पर रही। चीन ने क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहने के बाद स्वर्ण पदक के मैच में पोलैंड को 42-39 से हराया। तटस्थ एथलीटों ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, उन्होंने पांच में से दो स्वर्ण पदक जीते। चीन एक स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि स्पेन और इटली एक-एक स्वर्ण के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।

# सिनर ने डोपिंग प्रतिबंध से वापसी मैच में दर्ज की जीत

**रोम।** तीन महीने का डोपिंग प्रतिबंध पूरा करके लगभग 100 दिनों के बाद अपना पहला मुकाबला खेल रहे यानिक सिनर ने इटालियन ओपन टेनिस के पहले दौर में मारियानो नवोन को हराकर शानदार वापसी की। सिनर ने घरेलू सरजमीं पर लगभग 10,500 दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज नवोन को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया। सिनर का यह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद से पहला मैच था। सिनर ने कहा, 'अद्भुत एहसास।

मैंने इस पल का बहुत लंबे समय से इंतजार किया था।' सिनक की यह लगातार 22वीं जीत है। वह पिछले साल अक्टूबर से अजेय है। सिनर के सामने अब विश्व रैंकिंग में 93 वें स्थान पर काबिज नीदरलैंड के क्वालीफायर जेसपर डे जोंग की चुनौती होगी। जोंग ने 25वीं वरीयता प्राप्त पर काबिज एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-0, 6-2 से हराया।


## कोलकाता से बाहर हो सकता है फाइनल मुकाबला

# आईपीएल 16 या 17 मई से शुरू होने की संभावना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण स्थगित इंडियन प्रीमियर लीग 16 या 17 मई को फिर से शुरू हो सकती है और इसके फाइनल का आयोजन कोलकाता से बाहर किए जाने की संभावना है।

शनिवार को संघर्ष विराम की घोषणा ने लीग को फिर से शुरू करने की उम्मीद जगा दी है जिसे नौ मई को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। आईपीएल संचालन परिषद के सदस्यों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने लीग को फिर से शुरू करने की योजना पर रविवार को चर्चा की। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि बोर्ड अब भी उपयुक्त कार्यक्रम बनाने पर काम कर रहा है। शुक्ला ने कहा, 'अभी तक आईपीएल पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। बीसीसीआई अधिकारी समाधान पर काम कर रहे हैं। बीसीसीआई सचिव, आईपीएल अध्यक्ष फ्रेंचाइजी और सभी के साथ बातचीत कर रहे हैं इसलिए बहुत जल्द हमें निर्णय के बारे में पता चल जाएगा। टूर्नामेंट को जल्द से जल्द फिर से शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।'



### चार शहरों में ही होंगे मैच

शुक्ला ने कहा, 'सबसे अधिक संभावना है कि मैच चार स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे और दिल्ली तथा धर्मशाला को और मैचों की मेजबानी नहीं मिलेगी। इन स्थानों से सभी उपकरण पहले ही हटा दिए गए हैं।' सूत्र ने यह भी कहा कि क्वालीफायर एक और एलिमिनेटर के लिए स्थल में कोई बदलाव नहीं होगा जिसकी मेजबानी हैदराबाद को करनी थी लेकिन कोलकाता संभवतः एक जून को होने वाले फाइनल की मेजबानी से चूक सकता है क्योंकि उस दिन शहर में बारिश का पूर्वानुमान है।

### सरकार की मंजूरी जरूरी

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'अगले कुछ दिनों में हम लीग के शेष मैचों की मेजबानी करने वाली फ्रेंचाइजी, प्रसारकों, प्रायोजकों और राज्य संघों के साथ परामर्श शुरू करेंगे। इस समय आईपीएल के महत्व को देखते हुए इसे फिर से शुरू करने के समय को अंतिम रूप देने से पहले भारत सरकार की मंजूरी लेना भी विवेकपूर्ण और आवश्यक होगा।' यह संभव है कि पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स को बृहस्पतिवार को रद्द हुए मैच के लिए एक-एक अंक दिया जाए।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 11 मई, 1998 की महत्वपूर्ण घटनाओं की याद दिलाता है

# सीजफायर के बाद पीएम मोदी ने पोखरण परीक्षण को याद करते हुए कहा- वैज्ञानिकों के योगदान को सलाम करने का खास वक्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल टेक्नोलॉजी डे के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षणों को याद करते हुए वैज्ञानिकों के योगदान को सलाम किया। यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत-पाकिस्तान सीमा पर हाल ही में हुए संघर्ष के बाद सीजफायर की घोषणा की गई है। उसके बाद से यह प्रधानमंत्री का पहला सार्वजनिक बयान है। पीएम मोदी ने इस अवसर को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक पड़ाव बताया।

■ पीएम मोदी ने दी देश को शुभकामनाएं

उन्होंने कहा कि नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर शुभकामनाएं। यह दिन हमारे वैज्ञानिकों पर गर्व जताने और 1998 के पोखरण परीक्षणों को याद करने का अवसर है। यह हमारे राष्ट्र की विकास यात्रा में एक मील का पत्थर था, खासकर आत्मनिर्भरता की दिशा में। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत आज विज्ञान और तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों जैसे अंतरिक्ष, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल इनोवेशन और ग्रीन टेक्नोलॉजी में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है।

## भारत ने ऑपरेशन शक्ति के तहत सफल परमाणु परीक्षण किए



नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर वैज्ञानिकों को किया सलाम

### पीएम ने कहा- तकनीक मानवता को ऊपर उठाए

*पीएम मोदी ने कहा, तकनीक मानवता को ऊपर उठाए, हमारे राष्ट्र को सुरक्षित बनाए और भविष्य की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करें। सीजफायर के बाद आया यह बयान न केवल एक रणनीतिक विराम का संकेत देता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि भारत अब अपनी तकनीकी क्षमताओं और आत्मनिर्भरता के दम पर आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मोदी ने विज्ञान और अनुसंधान के माध्यम से भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।*

### भारत प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं में वैश्विक नेता के रूप में उभरा

मोदी ने विज्ञान और अनुसंधान के माध्यम से भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी मानवता का उत्थान करें, हमारे राष्ट्र को सुरक्षित करें और भविष्य की वृद्धि को गति दें। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षणों को याद किया और कहा कि भारत प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं में एक वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है।राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 11 मई, 1998 की महत्वपूर्ण घटनाओं की याद दिलाता है।



**तत्कालीन पीएम वाजपेयी ने की थी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी डे मनाने की घोषणा**

*इन उपलब्धियों के सम्मान में, तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की थी। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर शुभकामनायें। यह हमारे वैज्ञानिकों के प्रति गर्व और कृतज्ञता व्यक्त करने और 1998 के पोखरण परीक्षणों को याद करने का दिन है। वे हमारे देश के विकास पथ में एक ऐतिहासिक घटना थी, खासकर आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी खोज में।' हमारे लोगों की मदद से भारत प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं में वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है, चाहे वह अंतरिक्ष हो, कृत्रिम मेधा हो, डिजिटल नवाचार हो, हरित प्रौद्योगिकी हो या और भी बहुत कुछ।'*

## खबर संक्षेप

### धमकी के मामले में 20 साल बाद छोटा राजन बरी



**मुंबई।** सीबीआई को झटका देते हुए गैंगस्टर छोटा राजन को एक बिल्डर को धमकाने के आरोप में दो दशक बाद एक विशेष अदालत ने बरी कर दिया। न्यायाधीश ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में विफल रहा है। हालांकि, गैंगस्टर छोटा राजन हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और वह तिहाड़ जेल में ही रहेगा। मकोका अदालत के विशेष न्यायाधीश एएम पाटिल ने छोटा राजन को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष के विश्वसनीय गवाह को भी यकीन नहीं है।

### घुसपैठिए से संतरी की भिड़ंत, चलीं गोलियां



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के नगरोटा में सीजफायर के उल्लंघन के दौरान संदिग्ध गतिविधि देखने को मिली है। सैन्य स्टेशन पर तैनात एक संतरी की घुसपैठिये से भिड़ंत हो गई। संतरी को मामूली चोट आई है। घुसपैठियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है। जम्मू-कश्मीर के नगरोटा में सीजफायर के उल्लंघन के दौरान आतंकी हमले की खबर गलत निकली है। पहले समाचार एजेंसी इस तरह की जानकारी दी गई थी कि हमला हुआ है। हालांकि कुछ संदिग्ध गतिविधि की बात सामने आ रही है।

## बलूचिस्तान को आजाद कराने की लड़ाई तेज, पाकिस्तान की नाक में दम

पाकिस्तान से आजादी की जंग लंबे समय से लड़ रही बीएलए

# बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने तबाह किए पाकिस्तान के 39 सैन्य ठिकाने

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

लंबे समय से आजादी की लड़ाई लड़ रही बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी यानी बीएलए ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने पाकिस्तानी सेना और पुलिस के 39 ठिकानों को निशाना बनाने की बात स्वीकारी है। बलूचिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी की तरफ से हमले तेज कर दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक 8 से 10 मई यानी बीते 48 घंटों के बीच बलूचिस्तान में हमलों में तेजी देखी गई है। जिसके तहतक्वेटा, केच, पंजगुर, नुश्की, खुजदार और अन्य जिलों सहित विभिन्न जिलों में 56 से अधिक घटनाएं दर्ज की गईं हैं।

बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूत ने एक समाचार एजेंसी से बातचीत करते हुए कहा कि बीएलए ने हाल में किए हमलों में स्थानीय पुलिस स्टेशनों, सैन्य काफिलों और प्रमुख राजमार्गों के साथ ही बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया है, जिमसें प्रमुख सड़कों पर नाकाबंदी भी शामिल है। जिसके तहत बलूच लिबरेशन आर्मी ने पंजगुर और होशाब में सशस्त्र लोगों ने पुलिस स्टेशनों सहित सरकारी इमारतों पर कब्जा कर लिया है और पुलिस के हथियार जब्त कर लिए हैं। अन्य प्रमुख लक्ष्यों में चेक पोस्ट, प्रमुख राजमार्ग और लिंक सड़कें शामिल थी। वहीं पाकिस्तान ने कार्रवाई करते हुए एक बर्जुग बलूच कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया है।

### बीएलए ने भारत से की पाकिस्तान पर चढ़ाई की अपील की



### आजाद बलूचिस्तान की जारी है लड़ाई

पाकिस्तान पर भेदभाव, आर्थिक शोषण और सैन्य दमन का आरोप लगाते हुए लंबे समय बलूच उससे अलगाव चाहते हैं। जिसके तहत आजाद बलूचिस्तान की मांग लंबे समय से होती रही है। वहीं बलूच आरोप लगाते हुए हैं कि पाकिस्तान स्थानीय आबादी को लाभ पहुंचाए बिना क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों के दोहन कर रहा है।

### भारत कदम बढ़ा,ए हम पश्चिम से पाक को नेस्तनाबूद कर देंगे: बीएलए

पाकिस्तान आर्मी के साथ जंग लड़ रही बीएलए ने भारत से मदद मांगी है। एक लेटर जारी कर कहा कि भारत पाकिस्तान पर चढ़ाई करे। हम पश्चिम से उसे नेस्तनाबूद करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बलूच आर्मी ने साफ किया कि वह किसी भी देश की कठपुतली नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय सैन्य और राजनीतिक समीकरण में एक निर्णायक पक्ष है। बीएलए ने पाकिस्तान के शांति और युद्धविराम के बयानों को झूठा प्रचार और धोखा बताया। कहा, ये सिर्फ पाकिस्तान की एक रणनीतकि चाल है। हम भारत और क्षेत्रीय ताकतों से अपील करते हैं कि पाकिस्तान की बातों में न आएं और निर्णायक कदम उठाएं। पाकिस्तान को टेरर फैक्ट्री बताते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई वैश्विक आतंकवाद का केंद्र है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने कहा, हमने बिना किसी बाहरी समर्थन के पाकिस्तान जैसी परमाणु शक्ति को बलूचिस्तान की धरती पर कई मोर्चों पर मात दी है। भारत हमें राजनीतिक, कूटनीतिक और सैन्य सहयोग दे ताकि पाकिस्तान को जड़ से खत्म किया जा सके। बीएलए ने चेतावनी दी है कि जब तक पाकिस्तान अस्तित्व में रहेगा, तब तक आतंकवाद और अस्थिरता इस क्षेत्र में बनी रहेगी।

## पंजाब में पकड़े गए देश के गद्दार

# पाकिस्तान तक पहुंचा रहे थे सेना से जुड़ी अहम जानकारी



एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

भारत-पाकिस्तान में चल रहे तनाव के बीच पंजाब में देश के दो गद्दारों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस ने रविवार को ऐसे दो लोगों को गिरफ्तार किया है जो पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे थे। दोनों लोग दिल्ली स्थित पाकिस्तान के एक उच्चायोग अधिकारी के लिए जासूसी कर रहे थे।



दोनों आरोपियों को पुलिस ने मलेरकोटला से पकड़ा है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा की है। डीजीपी ने बताया कि एक आरोपी भारतीय सेना की गतिविधियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान में बैठे हैंडलर को तक पहुंचा रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपने दूसरे साथी का खुलासा किया। इसके बाद पुलिस ने उसके दूसरे साथी को भी गिरफ्तार किया है।

### ऑनलाइन होती थी पेमेंट

*पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी देश और सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारी दुश्मनों तक पहुंचाने के बदले रुपए मिलते थे। आरोपियों को यह पैमेंट ऑनलाइन होती थी। दोनों आरोपी नियमित रूप से पाकिस्तान स्थित हैंडलर के संपर्क में थे और उसकी हिदायतों पर काम कर रहे थे। यहां तक कि उन्हें जो रुपये मिलते थे उससे वह आगे भी पहुंचाते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।*


### आरोपी लेन-देन में शामिल!

डीजीपी यादव ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिहाज से यह ऑपरेशन सीमा पार से चल रही जासूसी गतिविधियों के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक अहम कदम है। आरोपियों से पूछताछ और आगामी जांच प्रक्रिया के तहत दोनों आरोपियों के रुपए के लेन-देन और नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस पता लगाने में जुटी है कि इन आरोपियों के संपर्क में और कितने लोग हैं। मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती है।

## शांति वार्ता से पहले हो युद्धविराम

# रूस की बातचीत की पेशकश का जेलेंस्की ने किया स्वागत





एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को रूस की ओर से सीधी शांति वार्ता की पेशकश का स्वागत किया। हालांकि, जेलेंस्की ने जोर देकर कहा कि बातचीत शुरू होने से पहले एक पूर्ण स्थायी युद्धविराम जरूरी है। जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का बिना युद्ध विराम के वार्ता करने की पेशकश एक सकारात्मक संदेश है।

पूरी दुनिया लंबे समय से इसका इंतजार कर रही थी। हालांकि, उसने यह भी कहा कि किसी भी युद्ध को वास्तव में खत्म करने का पहला कदम युद्धविराम ही होता है। इस बीच, रूस ने रविवार सुबह यूक्रेन पर बड़े पैमान पर ड्रोन हमले फिर शुरू कर दिए, क्योंकि उसकी ओर से घोषित 3-4 दिन का विराम समाप्त हो गया। वहीं, यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने छह अलग-अलग दिशाओं से 108 हमलावर ड्रोन और कुछ नकली (सिम्युलेटर) ड्रोन लॉन्च किए।

### बिना किसी शर्त के शांति का प्रस्ताव

*वहीं दूसरी ओर, पुतिन ने मीडिया से बातचीत में युद्धविराम के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया और इसके बजाय गुरुवार को इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ बिना किसी शर्त के सीधी वार्ता शुरू करने का प्रस्ताव दिया। वार्ता के दौरान युद्धविराम पर सहमति बन सकती है। पुतिन की ओर से यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में सामने आई है, जब यूरोप के चार प्रमुख देशों के नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर रूस 30 दिन में युद्धविराम को स्वीकार नहीं करता है तो उस पर दबाव बढ़ा जाएगा।*

### शांतिपूर्ण समाधान की इच्छा: क्रेमलिन

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रकहा कि पुतिन का प्रस्ताव बहुत गंभीर है और यह दर्शाता है कि वह एक शांतिपूर्ण समाधान की वास्तव में इच्छा रखते हैं। उन्होंने कहा, वार्ता का मकसद इस संघर्ष के मूल कारणों को खत्म करना और साथ ही रूसी संघ के हितों की रक्षा करना है।

## बीएसएफ का तलाशी अभियान जारी

# अमृतसर में आरडीएक्स, हैंड ग्रेनेड और आईईडी तैयार करने का सामान बरामद



एजेंसी ▶▶ अमृतसर

भारत-पाकिस्तान युद्ध के बीच दूसरे दिन भी बीएसएफ और पंजाब पुलिस के जवानों ने तलाशी के दौरान खेत से विस्फोटक पदार्थ बरामद किए हैं। अजनाला सेक्टर के चक बाला गांव के खेतों से हथियारों की इस खेप में 972 ग्राम आरडीएक्स, दो हैंड ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, आईईडी तैयार करने में इस्तेमाल होने वाले दो डेटोनेटर, रिमोट कंट्रोल, चार्जर, आठ बैटरी, काले रंग का बॉक्स इत्यादि बरामद किया गया है।

दो पिस्तौल, तीस कारतूस, चार मैगजीन भी आरोपितों ने ड्रोन के जरिए भारतीय हद में गिराए थे। जिसे सुरक्षा एजेंसियों ने कब्जे में ले लिया है। थाना अजनाला में इसे लेकर अज्ञात आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। एसएसपी मनिंदर सिंह ने बताया कि हथियार बरामद करने के बाद पता लगाया जा रहा है कि इस खेप को किसके द्वारा उठाया जाना था।

## पीआईबी फैक्ट चेक: सोशल मीडिया अकाउंट के कई दावे झूठे

जांच में कई वीडियो और फुटेज पुराने और झूठे पाए गए हैं

# डिजिटल युद्ध क्लिप को वास्तविक फुटेज के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) की फैक्ट चेक यूनिट ने शनिवार को सोशल मीडिया पर कई पोस्ट को चिह्नित किया और कहा कि वे झूठे दावे हैं। इनमें कई कॉम्बैट गेमिंग वीडियो शामिल थे जिन्हें हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के वास्तविक फुटेज के रूप में भ्रामक रूप से प्रसारित किया जा रहा है। यूनिट ने बताया कि भारतीय महिला वायुसेना पायलट के पाकिस्तान द्वारा पकड़े जाने का दावा भी झूठा था और "पाकिस्तान समर्थक" हैंडल एक ऐसी तस्वीर प्रसारित कर रहे थे जो पुरानी थी और जून 2023 से ऑनलाइन उपलब्ध थी। एक अन्य वीडियो में जालंधर में बस्ती दानिशमंदा के पास ड्रोन हमले का झूठा दावा किया गया।




### नागरोटा एयरबेस पर पाक हमले के फुटेज गलत

*एक पुराना और डिजिटल रूप से बदला हुआ वीडियो नागरोटा एयरबेस पर पाकिस्तानी हमले के फुटेज के रूप में प्रसारित किया जा रहा था। यह वीडियो मूल रूप से अक्टूबर 2024 में इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया था। इसी तरह, भटिंडा एयरफील्ड के नष्ट होने के दावे भी झूठे थे। यूनिट ने कहा, एक पुराने वीडियो को नई दिल्ली एयरपोर्ट पर मिसाइल हमले के फुटेज के रूप में गलत तरीके से शेयर किया जा रहा है। यह वीडियो अगस्त 2024 का यमन के अदन में एक गैस स्टेशन विस्फोट दिखाता है।*

### एस-400 को नष्ट करने का दावा झूठा

पाकिस्तान द्वारा एस-400 वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट करने का दावा करने वाले पोस्ट को भी यूनिट ने निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया अकाउंट झूठा दावा कर रहे हैं कि हिमालय के इलाकों में तीन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। यह दावा झूठा है। प्रसारित की जा रही तस्वीर पुरानी है। पाकिस्तान द्वारा साइबर हमले के कारण भारत के 70% बिजली ग्रिड के खराब होने का दावा भी झूठे थे।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद रविवार को जम्मू शहर में स्थिति सामान्य रही

# जम्मू, पुंछ में स्थिति सामान्य, रातभर गोलाबारी की खबर नहीं

एजेंसी ▶▶ जम्मू

पाकिस्तान की ओर से भारी गोलाबारी के एक दिन बाद आज रविवार को जम्मू शहर में स्थिति सामान्य रही। कल शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि के दौरान किसी ड्रोन, गोलीबारी या गोलाबारी की सूचना नहीं मिली। पुंछ क्षेत्र में भी स्थिति सामान्य रही, रात के दौरान किसी ड्रोन, गोलीबारी या गोलाबारी की खबर नहीं आई। इससे पहले, सुबह 4:39 बजे जिला कलेक्टर ने निवासियों को लाइटें बंद रखने और खिड़कियों, सड़कों, बालकनियों या छतों के पास जाने से बचने की सलाह दी थी।



### दूसरी ओर अमृतसर में रहा रेड अलर्ट

*इस बीच, भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमृतसर के जिला कलेक्टर ने रेड अलर्ट जारी कर निवासियों से घर के अंदर रहने और खिड़कियों से दूर रहने का आग्रह किया है। रविवार को जारी एक बयान में जिला कलेक्टर ने कहा कि हमने आपकी सुविधा के लिए बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है लेकिन हम अभी भी रेड अलर्ट पर हैं। अब सायरन बजेगा, जो इस लाल अलर्ट का संकेत देगा।*

### सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करें



बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि आम जनता को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा जारी सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन करना चाहिए। इसमें कहा गया है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित गलत सूचना और असत्यापित दावे अनावश्यक दहशत पैदा कर सकते हैं। निवासियों को अफवाहों में शामिल होने या उन्हें फैलाने से बचने की सख्त सलाह दी जाती है। सटीक जानकारी के लिए केवल विश्वसनीय समाचार चैनलों और सरकारी संचार पर ही भरोसा करें।

उमर सरकार ने नागरिकों से किया

### शांत रहे और सोशल मीडिया पर प्रसारित असत्यापित जानकारियों से बचें

जम्मू-कश्मीर सरकार ने एक सार्वजनिक परामर्श जारी कर नागरिकों से शांत रहने और सोशल मीडिया पर प्रसारित असत्यापित दावों से बचने का आग्रह किया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, जम्मू-कश्मीर के आधिकारिक अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक बयान में प्रदेश सरकार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार हाल के घटनाक्रमों के बावजूद अपने सभी नागरिकों के निरंतर धैर्य और विश्वास की सराहना करती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109